आवश्यकता
शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 137 • नई दिल्ली, बुधवार, 23 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 नागपंचमी के अवसर पर पुजा का आयोजन किया गया....

अगर परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं, तब 23 को नहीं 27 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग करेगा चंद्रयान-3

एजेंसी। हैदराबाद

चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम अब अपने कैमरे एलएचडीएसी से चांद के दक्षिणी ध्रुव पर ऐसी जगह तलाश रहा है, जहां बड़े पत्थर और गहरे गड्ढे न हों। जिससे कि 23 अगस्त शाम 6:04 बजे वह सॉफ्ट लैंडिंग कर सके। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने कहा कि विक्रम में लगा कैमरा खतरे का पता लगाने और बचाव में सक्षम है। इसरो के निदेशक नीलेश एम देसआई ने कहा कि 23 अगस्त को चंद्रयान-3 को उतारना उचित होगा या नहीं, इसका निर्णय लैंडर

मॉड्यूल की स्थिति और चंद्रमा पर स्थितियों के आधार पर होगा। उन्होंने कहा कि अगर परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं, तब लैंडिंग को 27 अगस्त तक आगे बढ़ाया जा सकता है। इसरो ने कहा है कि चांद पर उतरने से दो घंटे पहले स्थिति का जायजा लिया जाएगा। उसके बाद लैंडर को चांद पर उतारने का फैसला होगा। लगेगा कि स्थिति ठीक नहीं है, तब हम इस 27 अगस्त तक के लिए आगे बढ़ा सकते हैं। उधर भारत के टॉप वैज्ञानिकों ने कहा कि लूना-25 चंद्र मिशन की नाकामी का इसरो के चंद्रयान-3 अभियान पर कोई असर नहीं पड़ेगा। चंद्रयान-2 मिशन को भेजने के समय इसरो प्रमुख रहे के.सिवन ने कहा, चंद्रयान-3 मिशन योजना के मुताबिक आगे बढ़ रहा है। सॉफ्ट लैंडिंग योजना के अनुसार होगी। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार यह सतह पर उतरने में सफल रहेगा।

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए आरती उतारकर मां गंगा और भगवान भास्कर से मांगा आशीर्वाद

इन्द्र कांत दैनिक शुभ भास्कर

वाराणसी भारत का चंद्रयान-3 नया इतिहास रचने की दहलीज पर है। यान से अलग होकर लैंडर विक्रम चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ चला है।चंद्रमा पर इसकी सफल लैंडिंग की प्रार्थना करते हुए मंगलवार को पौराणिक काशी नगरी के सिंधिया घाट पर चंद्रयान-3 की तस्वीर लेकर नमामि गंगे के साथ महर्षि वेद विद्यालय के बटुकों ने भगवान भास्कर और मां गंगा की आरती उतारकर आशीर्वाद मांगा। दुग्धाभिषेक करके अंतरिक्ष यान की सफलता के लिए गुहार लगाई। भारत के वैज्ञानिकों के द्वारा विशिष्ट तकनीक से निर्मित चंद्रयान-3 अभियान को सफल बनाने के लिए बाबा श्री काशी विश्वनाथ जी से याचना की राष्ट्रध्वज के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बटुकों ने सफल लैंडिंग के लिए आराधना की। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि भारत का चंद्रयान-3 मील का पत्थर तय करते हुए एक नया इतिहास रचने की दहलीज पर है। विक्रम लैंडर की सफलता के लिए हमने बटुकों के साथ बाबा विश्वनाथ, भगवान भास्कर और मां गंगा से गुहार लगाई है। बताया कि अब तक अमेरिका रूस और चीन ने ही चंद्रमा की सतह पर अपने लैंडर उतारे हैं।विक्रम के चांद की सतह पर उतरने के साथ ही भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला,

महर्षि वेद विद्यालय के आचार्य पं० राकेश मिश्र,महानगर सहसंयोजक सारिका गुप्ता,पंकज अग्रहरि, महर्षि वेद विद्यालय के प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, श्रीमंत सांई एवं सैकड़ो की संख्या में बटुक शामिल रहे।

ख़ास ख़बर

इमामों को 3000 और पंडितों को 1500 रुपये मासिक भत्ता

कोलकाता। बंगाल की सरकार ने मौलवियों और पुजारियों पर दरियादिली दिखाई है। उनके भत्ते को लेकर ममता बनर्जी की सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार की ओर से सोमवार को मुस्लिम मौलवियों और हिंदू पुजारियों के मासिक भत्ते में 500 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री की ओर से की गई इस घोषणा के बाद अब राज्य में इमामों को 3000 और पंडितों को 1500 रुपये मासिक भत्ते के रूप में मिलेंगे।

डेंगू का बढ़ रहा खतरा, मरीजों को संख्या 141 पहुंची

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले में डेंगू के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 141 पहुंच गई है। मामले की लखनऊ से भी मॉनिटरिंग की जा रही है। एक टीम लखनऊ से और एक टीम मेरठ से नोएडा भेजी गई है। इसके साथ ही साथ मलेरिया के मरीजों की रफ्तार भी तेज हो गई है। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए गौतम बुद्ध नगर को हाई रिस्क जोन में रखा गया है। सोमवार को जिले में 5 नए मरीजों की पुष्टि होने के बाद डेंगू के मरीजों की संख्या 141 पहुंच गई है। हालांकि जिला स्वास्थ्य विभाग जिले में हालात को नियंत्रण में होने का दावा कर रहा है। जिले में किस स्तर की तैयारियां की गई हैं इसको परखने के लिए लखनऊ से डॉक्टर शिवानी और मेरठ से डॉक्टर विजय के नेतृत्व में टीम सोमवार को नोएडा पहुंच चुकी है। आज ये टीमें जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ डेंगू के सभी हॉटस्पॉट, स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों का जायजा लेगी और उसके बाद रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। दोनों टीमें जिले के अलग-अलग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करेगी।

श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं ने भारतीय मछुआरों पर किया हमला

चेन्नई । गहरे समुद्र में मछली पकड़ रहे तमिलनाडु के नागापट्टिनम के भारतीय मछुआरों पर मंगलवार को श्रीलंका से आए समुद्री लुटेरों ने हमला कर दिया। तमिलनाडु के तटीय पुलिस सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि समुद्री लुटेरे तीन नावों में सवार होकर बीच समुद्र में पहुंचे और मछुआरों पर ईंटों और डंडों से हमला किया। गौरतलब है कि कई मौकों पर तमिलनाडु सरकार ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की गिरफ्तारी का मुद्दा केंद्रीय विदेश मंत्रालय के साथ उठाया है। रामनाथपुरम, नागपट्टिनम और थूथुकुडी के मछुआरों ने राज्य और केंद्र सरकारों से शिकायत की थी कि उन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया है और उनकी महंगी मशीनीकृत नौकाएं जब्त कर ली हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री कार्यालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि राज्य सरकार इस मामले को श्रीलंकाई सरकार तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार के समक्ष उठाएगी।

बिहार शिक्षा विभाग राज्यपाल के बीच उठा कुलपति विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है

दैनिक शुभ भास्कर, पटना / संवादाता। जारी फरमान को निरस्त कर दिया था, तो वहीं अब शिक्षा विभाग ने वीसी के वेतन रोकने के फैसले को वापस लेने से इनकार कर दिया है।बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रतिकुलपति के वेतन रोकने के मामले में शिक्षा विभाग और राज भवन में चल रहे शह और मात के खेल के बीच माना जाने लगा है कि दोनों में टकराव और बढ़ेगा। दरअसल, बिहार शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों बीआरए के कुलपति और प्रति कुलपति के वेतन पर रोक लगाते हुए उनके वित्तीय अधिकार को भी रोक दिया। इसके बाद राजभवन ने शिक्षा विभाग के हस्तक्षेप पर विरोध जताते हुए कड़ी नाराजगी जाहिर कीराजभवन ने विभाग को अपना आदेश वापस लेने के निर्देश दिए। राज भवन ने विभाग को कहा कि बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 के सेक्शन 54 में सरकार को विश्वविद्यालयों के ऑडिट का अधिकार दिया गया है। लेकिन, वेतन बंद करने, वित्तीय अधिकार रोकने और बैंक खाता फ्रीज करने का अधिकार नहीं है। शिक्षा विभाग ने कॉलेजों का निरीक्षण न करने, लंबित परीक्षा के आयोजन में लापरवाही आदि को लेकर कार्रवाई की थी।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने पीएम दक्षिण अफ्रीका रवाना

व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ ब्रिक्स बिजनेस फोरम की बैठकों में भी लेंगे हिस्सा

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना हो गए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जा रहा है। ब्रिक्स समूह में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश शामिल हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति माटामेला सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर यह पीएम मोदी की दक्षिण अफ्रीका की तीसरी यात्रा होगी। यह यात्रा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच राजनयिक संबंधों की 30वीं सालगिरह का प्रतीक है। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय 'ब्रिक्स और अफ्रीकाः पारस्परिक तेज विकास, सतत विकास और समावेशी बहुपक्षवाद के लिए साझेदारी' रखा गया है। रवाना होने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बयान में कहा कि 'मैं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाले 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर 22-24 अगस्त 2023 तक दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का दौरा कर रहा हूं। जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के लिए भी उत्सुक हूं। इसे बाद ग्रीस के प्रधानमंत्री

किरियाकोस मित्सोटाकिस के निमंत्रण पर मैं 25 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका से एथेंस की यात्रा करूंगा। इस प्राचीन देश की यह मेरी पहली यात्रा होगी। मुझे 40 साल बाद ग्रीस की यात्रा करने वाला पहला भारतीय प्रधानमंत्री होने का सम्मान मिला है। यह पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन कोविड-19 महामारी के कारण लगातार तीन साल तक वर्चुअल बैठकों के बाद होने जा रहा है जिसमें सदस्य देशों के प्रमुख खुद मौजूद रहने वाले हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने पीएम की यात्रा से पहले एक विशेष ब्रीफिंग में कहा कि 'मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका ने निश्चित रूप से ब्रिक्स सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में अतिथि देशों को आमंत्रित किया है। जो वहां मौजूद रहेंगे।' भारत से एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी बिजनेस बैठकों में हिस्सा लेने के लिए इन देशों की यात्रा कर रहा है। विनय क्वात्रा ने कहा कि '15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत से एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल, ब्रिक्स महिला बिजनेस एलायंस और ब्रिक्स बिजनेस फोरम की बैठकों में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा कर रहा है।पीएम नरेंद्र मोदी जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे, जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। वह 'ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस संवाद' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद आयोजित किया जा रहा है और इसमें दक्षिण अफ्रीका द्वारा आमंत्रित दर्जनों देश शामिल होंगे।

बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर ब्रीफिंग बैठक आयोजित हुई

जिला संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर

समाहरणालय स्थित परमान सभागार में आज बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर ब्रीफिंग बैठक आयोजित गई। इसकी अध्यक्षता विशेष कार्य पदाधिकारी श्री देवेंद्र प्रताप शाही ने की। बैठक में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दण्डाधिकारी-सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, समादेष्टा, गृ०र०वा०, अररिया, सभी पुलिस पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, अररिया एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में बताया कि 24 एवं 25 अगस्त 2023 को दो पालियो में (प्रथम पाली 10 बजे पूर्वाहन से 12 बजे मध्यान तक एवं द्वितीय पाली 03:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे अपराह्न तक) अररिया जिला मुख्यालय अवस्थित 23 एवं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय अवस्थित 07 कुल 30 (तीस) परीक्षा केंटो पर परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में 11768 एवं द्वितीय पाली में 1088 कुल 12856 परीक्षार्थी भाग लेंगे। बैठक में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस

पदाधिकारियों एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों तथा केंद्राधीक्षकों को शांतिपूर्ण परीक्षा के आयोजन के मद्देनजर कई आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन हरहाल में सुनिश्चित करेंगे। बताया गया कि एक बेंच पर दो से अधिक उम्मीदवार नहीं बैठेंगे तथा एक बेंच से दूसरे बेंच की समांतर दूरी कम से कम तीन फीट अवश्य होगी।अभ्यर्थियों को प्रत्येक पाली में अतिरिक्त ई-एडमिट कार्ड लेकर उपस्थित होना है जिसे परीक्षा अवधि में वीक्षक को हस्ताक्षरित करते हुए समर्पित करना है। प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी ससमय अपने कार्यस्थल पर पहुंचने हेतु निदेशित किया गया। परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश प्रथम पाली 07:30 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगा एवं 09:00 बजे पूर्वाह्न तक द्वितीय पाली 01:00 बजे अपराह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक उम्मीदवार अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। इसके पश्चात प्रवेश एवं परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में मोबाइल, फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाईफाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन पेजर, रिस्ट वॉच (सामान्य/स्मार्ट) इत्यादि जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर, इरेजर, ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। कदाचार करते हुए पाए जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पांच वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित किया जाएगा तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्ष के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा। कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में स्टैटिक दंडाधिकारी- सह- प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता एवं वरीय दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्त की गई है। अररिया समाहरणालय अवस्थित 'आत्मन कक्ष' में जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06453-222309 पर कार्यरत रहेगा।

नीतीश कैबिनेट में 25 एजेंडे पर लगी मुहर

सीएम का फैसला- प्रदेश में 10 अंबेडकर विद्यालय बनेंगे, शिक्षक भर्ती के लिए 35 करोड़ खर्च होगा

जागृति संवाददाता। पटना

कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को 25 एजेंडे पर मुहर लगी है। बीपीएससी को शिक्षक भर्ती के लिए 35 करोड़ खर्च किए जाएंगे। बिहार सरकार ने राशि आवंटित की है। बिहार सरकार 1 लाख 70 हजार शिक्षकों की नियुक्ति करने जा रही है। कैबिनेट ने सैदपुर नाले का जीर्णोद्धार कराने का फैसला लिया है। नाले के ऊपर सड़क बनेगी। 259 करोड़ रुपए खर्च कर नाले की तस्वीर बदली जाएगी। बुडको नाले का निर्माण करेगी।

दलित वोट बैंक साधने में जुटी सरकार - लोकसभा चुनाव के पहले दलित वोट बैंक को साधने में सरकार जुटी है। नीतीश

कैबिनेट ने एक साथ 10 अंबेडकर विद्यालय बनाने का फैसला किया है। पटना जिले के पटना शहर, मसौढ़ी, फुलवारी शरीफ, नवादा के अकबरपुर, सुपौल के छातापुर, समस्तीपुर के विभूतिपुर, गया के टिकारी डोभी और बेलागंज के अलावा दरभंगा के बहादुरपुर में अंबेडकर छात्रावास सह विद्यालय बनेगा।

कई सुविधाएं मिलेगी - बिहार के सभी जिलों में हॉस्पिटल कॉलेज होगा। नीतीश कैबिनेट ने सहरसा में राजकीय चिकित्सा महविद्यालय एवं अस्पताल होगा। पटना के मास्टर प्लान में संशोधन किया गया है। 30 मीटर चौड़ी सड़क पर पेट्रोल पम्प, गैस स्टेशन आदि अन्य सुविधाएं बनाई जा सकेगी। वहीं, सरकारी कर्मचारी के दांत इलाज के राशि मिलेगी। बिहार कैबिनेट ने दांत इलाज के लिए खर्च की गई राशि को रेनवर्समेंट करवाने का फैसला किया है। आरसीटी, टूथ इंप्लांटेशन और टूथ एक्सट्रैक्शन की खर्च राशि की प्रतिपूर्ति होगी। कॉस्मेटिक चिकित्सा के लिए पैसे की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

अच्छी खबर : बिजली आने-जाने की जानकारी व्हाट्सएप ग्रूप से उपभोक्ताओं को मिलेगी

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा

बिजली आने जाने की सही सूचना न मिलने की शिकायत हमेशा ही उपभोक्ताओं को रहती है। इस कारण उपभोक्ता बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आक्रोशित भी रहते हैं। इसी वजह से जामताड़ा में बिजली विभाग के अधिकारियों ने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है। जिसमें उपभोक्ताओं को जोड़ा गया है। ताकि उन्हें बिजली आने-जाने, समय से बिल जमा करने अन्य उपयोगी जानकारी दी जा सके। अब बिजली घंटो गायब रहती है और बिजली कार्यालय का फोन नंबर नहीं जानते हैं या सटीक जानकारी नहीं मिलती है तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। बिजली विभाग ने जामताड़ा बिजली कार्यालय का नया व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर करीब एक हजार उपभोक्ताओं को जोड़ा है। इस व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए अब सभी सूचना मिलती रहेगी।



गर्मी में बिजली कटौती होने पर बिजली कार्यालय पर उपभोक्ताओं का फोन घनघनाने लगता है। ऐसे में बिजली कार्यालय का फोन बहुत अधिक बिजी हो जाता है। जिससे जरूरी सूचनाएं अधिकारी भी बिजली कार्यालय से प्राप्त नहीं कर पाते हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एसडीओ विशाल शंकर ने जामताड़ा बिजली कार्यालय का व्हाट्सएप ग्रुप बना दिया है। जिसमें जामताड़ा के पीएचडी, बुधुडीह, गबड़ा, मिहिजाम, जामताड़ा वन एवं टू फीडर के उपभोक्ताओं को जोड़ा गया है। वही व्हाट्सएप ग्रुप की निगरानी एसडीओ विशाल शंकर खुद कर रहे हैं तथा जेई एहसान अख्तर ओर रफीक आलम को पल-पल की जानकारी ग्रुप में देने के लिए कहा है। जामताड़ा बिजली कार्यालय का व्हाट्सएप ग्रुप बनने से जामताड़ा के उपभोक्ताओं को भी समय पर बिजली आने तथा जाने की जानकारी मिलती रहेगी। क्योंकि जामताड़ा बिजली कार्यालय को सप्लाई दी जाती है यही नहीं उपभोक्ता अपनी समस्या को एक लाइन में लिख कर डालेंगे।

जम्मू-कश्मीर में चुनाव से क्यों भाग रही है भाजपाः उमर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र के सत्तारूढ़ गठबंधन की अगुआ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने से इतनी डरी हुई क्यों है। उमर ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, "अगर यहां शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी), पंचायत और संसद के चुनाव हो सकते हैं, तो जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव क्यों नहीं हो सकते।" उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि भाजपा विधानसभा चुनाव कराने से क्यों भाग रही है। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा, "वे इतने डरे हुए क्यों हैं..मैदान में आएं और लोगों का सामना करें, देखेंगे कि कौन कहां खड़ा है।" शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उमर ने कहा कि प्रशासन को चुनावों की घोषणा करने दें और उसके अनुसार बात करेंगे।

शहीद दिवस आज के ही दिन 24 अगस्त को बेतियाराज के मैदान में 8 देश भक्त शहीद हुए थे

जलियांवाला बाग नरसंहार का नजारा था

मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा

24 अगस्त को चंपारण के स्वतंत्रता संग्राम इतिहास का काला अध्याय के रूप में माना जाता है। मेहसी के कुछ मुखवीरों ने मुजफ्फरपुर पुलिस छावनी में जाकर मुखवीरी की थी जिससे अंग्रेजी सरकार के क्रूर टॉमियो ने मेहसी में आकर तांडव किया था और दो देशभक्तों को शहीद करके बेतियां के लिये प्रस्थान किया था। मुजफ्फरपुर के छावनी में उन्हें खबर मिली थी कि बेतिया में आजादी के दीवानो का बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा है । पुलिस के जवान बेतिया पहुंचे अभी राजडयोढ़ी के मैदान में प्रदर्शन की तैयारी चल हीं रही थी, सारे क्रांति वीर इकट्ठे हो हीं रहे थे, गांवो एवं शहर के विभिन्न मुहल्लो से देशभक्त तिरंगा लिए पहुंच हीं रहे थे तब तक के अंग्रेज सिपाहियो ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और ताबड़तोड़ लाठियां बरसाने लगे। स्वतंत्रता सेनानियों को लहूलुहान कर दिया चारों तरफ खून बहने लगे।चीख ,पुकार ,चित्कार ,के बीच लहूलुहान देशभक्त भारत माता की जय कार का नारा लगाते रहे। कितने सेनानी गिरकर हाथों में झंडे लिए हुए थे । अंग्रेजों ने जरा भी रहम नहीं की। उन्हें तो दहशत फैलाकर वीरो के मनोवल को तोडना था।सिपाही तांडव और खूनी खेल खेलकर वे वहां से कूच कर गए ।आठ देशभक्त शहीद हुए और सैकड़ों बुरी तरह घायल हुए लेकिनआजादी के दीवाने जरा भी विचलित नहीं हुए । गांधी जी ने करो या मरो का जो नारा दिया था, सभी सेनानी गांधी जी के उस नारे को सफल करने मे जान हथेली पर रखकर कूद पडे थे। शहीद 8 देशभक्तों में 12 वर्ष के दो किशोर भी थे। 1942 की वह लडाई और कुर्बानी निर्णायक साबित हुई। देश आजाद हुआ ।बेतिया के शहीद स्वतंत्रता सेनानियों की सूधी 1980 के दशक मे सरकार एवं प्रशासन ने ली और उन आठ देशभक्तों की याद में शहीद पार्क बना ।बेतिया नगर भवन के पास बना वह शहीद पार्क आज भी शान से अमर वीर शहीदों की गाथा कह रहा है ।लोग बड़े ही चाव और श्रद्धा से वहां जाकर वीर शहीदों को नमन करते हैं। देश के बड़े-बड़े राजनेता जब भी बेतिया आते हैं तो वहां निश्चित ही पहुंचकर माल्यार्पण करते हैं। तत्कालीन

प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी वहां शहीदो की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किए हैं। वीर शहीदों की गाथा तो सभी गाकर गौरवान्वित होते हैं लेकिन आजादी के बाद शहीदों का परिवार किस स्थिति में है इसकी पड़ताल न तो सरकारी स्तर पर ही कोई करता है न हीं निजी स्तर पर ही होता है। शहीद परिवार के कितने लोग बर्बाद हो गए किसी ने उनकी सुधि नहीं ली। बेतिया में शहीद हुए 8 देशभक्तों में कुछ परिवार ऐसे है जिन्हें सरकारी स्तर पर किसी तरह का सहयोग नहीं मिल पाया , तकनीकी त्रुटि भी रही।

ख़ास ख़बर

अररिया जिला अंतर्गत दैनिक जागरण अखबार के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या मामलें में छठा नामजद अभियुक्त भी गिरफ्तार

अररिया। अररिया जिला अंतर्गत दिनांक 18.08.2023 को दैनिक जागरण अखबार के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में दर्ज रानीगंज थाना कांड संख्या-338/2023, दिनांक 18.08.2023 धारा 302/120 (बी) / 34 मा० द०वी० 27. शस्त्र अधिनियम अंर्तगत दर्ज किया गया जिसमें पूर्व में 04 नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था तथा उक्त कांड के नामजद अभियुक्त अर्जुन शर्मा पे० विशेश्वर शर्मा सा०-बेलसारा थाना रानीगंज जिला अररिया को गुप्त सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित जोगबनी थानान्तर्गत चाणक्या चौक से गिरफ्तार किया गया है। दो नामजद अभियुक्त पूर्व से न्यायिक अभिरक्षा में काराधीन है।अग्रतर अनुसंधान के क्रम में उक्त कांड के नामजद अभियुक्त माधव यादव उर्फ लाट साहब पै० उमेश यादव सा0 कोशकापुर थाना रानीगंज जिला अररिया को गुप्त सूचना के आधार पर खरैया बस्ती काली मंदिर रोड अररिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। कांड के सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं। गिरफ्तार अभियुक्त माधव यादव उर्फ लाट साहब पे० उमेश यादव सा० कोशकापुर थाना रानीगंज जिला अररिया का पूर्व से आपराधिक इतिहास होना पाया गया है। जो निम्न प्रकार है - 01. रानीगंज थाना कांड सं0-134 / 19 दि0-12042019 धारा 302/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट 102. रानीगंज थाना कांड स०-159/16 दि0-0607.2016 धारा-392/411 भा० द०वि० रानीगंज थाना कांड सं0-552 / 20 दि0-01.12.2020 धारा-413/414/34 मा० द०वि० ।रानीगंज थाना कांड सं0-456 / 20 दि०-09.09.2020 धारा-341/307/441/504/506 / 34भा० द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट।

एसएसबी ने 1.60 किग्रा ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। 48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र नाहरनिया के जिम्मेवारी के इलाके मे एस एस बी के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। श्री विवेक ओझा उप-कमांडेंट की गुप्त सूचना और निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुये वाहय सीमा चौकी नहरनिया के द्वारा सा०उप०नि समान्य हरीश राम , व 05 अन्य कार्मिको, द्वारा की गयी कार्यवाही सीमा स्तभ 282 लगभग 30 मीटर भारत की तरफ नेपाल से ला रहे मादक पदार्थ विवेकानंद यादव पिता जगन्नाथ यादव ,उम्र 28 वर्ष, ग्राम -बेला ,पोस्ट -बेला ,थाना जयनगर जिला- मधुबनी एवं साथ में नाम शिव शंकर यादव उम्र 18 वर्ष पिता रामचंद्र यादव ग्राम-बेलाही पोस्ट- परवा , थाना- जयनगर, जिला - मधुबनी के निवासी थे इन्हे मादक पदार्थो नशीली के साथ जप्त किया गया। जप्त किए गए समान का विवरण ब्राउन शुगर - 1.60 kg, हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल रजी.BR 32V 3320 एक मोबाइल फोन भारतीय मुद्रा 5000 नेपाली मुद्रा 400 अभी जप्ति और गिरफतारी की आगे की प्रक्रिया जारी है । श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए एस एस बी के जवानो द्वारा लगातार अभियान चलाये जा रहे है और अभियान के दौरान कामयाबी भी मिल रही है, आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाये जाएंगे और सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा।

अपराध नियंत्रण हेतु जारी है अररिया पुलिस का अभियान, कुल गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या 23

अररिया। जिले के सिमराहा थाना पुलिस ने 02 चोरों को चोरी के सामानों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया वहीं मद्य निषेध अभियान के तहत जारी है अररिया के ए एल टी एफ टीम द्वारा शराब बनाने की कच्ची सामग्री एवम शराब बनाने की भट्ठियों विनष्ट किया गया । बता दें कि दिनांक 22/08/2023 को अररिया जिला अंतर्गत पुलिस की कार्रवाई एवं उपलब्धि से सम्बन्धित विवरण में कुल गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या 23, 70 लीटर नेपाली शराब,05 लीटर देशी शराब,मोटर साईकिल (चोरी की) 02 हुई है ।कुल बरामदगी 01 मोटर + वेल्डिंग मशीन (चोरी का) भी शामिल है ।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में इस बार बनेंगे नए-नए रिकॉर्ड, खिलाड़ियों व क्लबों में उत्साह माहौल : हरिओम झा

पनोरमा स्पोर्ट्स रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर

पूर्णियां। पनोरमा स्पोर्ट्स हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पनोरमा स्पोर्ट्स का भव्य आयोजन 29/09/2023 से पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6 के आयोजन समिति सदस्य व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने बताया कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6 में इह बार नए नए रिकॉर्ड बनेंगे। जिला के साथ - साथ अन्य जिलों के विद्यालय , क्लब के टीम भी प्रतियोगिता बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स हेतु रजिस्ट्रेशन निःशुल्क रखी गई है। रजिस्ट्रेशन 15 अगस्त से हीं प्रारंभ हो गया है।अंतिम तिथि जहां 15/09/2023 को है और टाईसीट ड्रा तिथि 22/09/2023को। प्रतियोगिता प्रारंभ 29/09/2023 एवम प्रतियोगिता स्थल पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 छःचरणों में खेली जाएगी।

प्रथम चरण में: विघालय खेल 10+2 अंडर 11 आयु वर्ग एवं अंडर 16 आयु में। बालक एवं बालिका वर्ग में।

1. बैडमिंटन
2. बास्केटबॉल
3. वॉलीबॉल
4. टेबल टेनिस
5. शतरंज प्रतियोगिता खेली जाएगी।

द्वितीय चरण में: ओपन टू ऑल (कोई उम्र सीमा नहीं) बालक वर्ग में। विघालय, क्लब एवं कॉलेज टीम भाग ले सकतीं हैं। 1.क्रिकेट 2.फुटबॉल

तृतीय चरणों में:- क्रिकेट के आमंत्रित टीम खेलेंगे। इसके लिए आमंत्रण पत्र भेजी जा रही है। जिला प्रशासन इलेवन, पुलिस प्रशासन इलेवन,इनकम टैक्स,सेल टैक्स, अधिवक्ता इलेवन, बैंकर्स इलेवन, व्यवसाय इलेवन, क्रिकेटर इलेवन, स्कूल निदेशक इलेवन, डॉ इलेवन, पत्रकार इलेवन, ग्रीन पूर्णिया इलेवन के साथ - साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत समाजिक संगठनों को भी आमंत्रित की जा रही है। और इच्छुक संगठन भी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता टेनिस गेंदों से खेली जाएगी।

चौथे चरण में:- क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग में। अंतर जिला एवं यूनिवर्सिटी की टीम भाग ले सकती है।

पांचवें चरण में:- क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग में। अंतर राज्यस्तरीय की टीम खेलेगी।

छठे व अंतिम चरण में:- क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग में। इंडो - नेपाल - भूटान की टीम खेलेगी।

अररिया आर एस के गायत्री मंदिर परिसर में परिषद ने सदस्यता अभियान का किया श्री गणेश

अररिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अपने सदस्यता अभियान के 16 वें दिन विस्तार केंद्र अररिया आर एस के गायत्री मंदिर परिसर में बैठक आयोजित कर सदस्यता अभियान का श्री गणेश किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि परिषद अपने स्थापना कल से ही छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के अधिकार तथा सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष करते आया है. परिषद अपने 75 वर्ष की आयु में बहुत ही कठिन परिस्थितियों से गुजरते हुए आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है. यह ऐसे ही नहीं हुआ है बल्कि आप लोगों के ऐसे लाखों छात्र छात्राओं के त्याग तथा तपस्या का परिणाम है. उन्होंने कहा कि परिषद साल में एक बार अगस्त माह में पूरे भारत में अपना सदस्यता अभियान चलाता है. परिषद में छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षकों को भी जोड़ा जाता है. शिक्षक कार्यकर्ता अभिभावक के रूप में संगठन में अपनी जिम्मेवारी इमानदारी पूर्वक निभाते हैं. इस अवसर पर जिला संयोजक अजीत रंजन ने छात्रों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में परिषद से जुड़कर संगठन को और मजबूती प्रदान करें. उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आज के सदस्यता अभियान में अररिया आर एस में 225 नए छात्रों द्वारा परिषद का सदस्यता ग्रहण किया गया. सदस्यता अभियान कार्यक्रम में अनमोल गुप्ता, रोहन गुप्ता, नितिन राज, धीरज कुमार, पीयूष राज, ज्ञान गुप्ता, गौरव शाह, सुमित कुमार, छोटू कुमार आदि सक्रिय थे।

दिवंगत पत्रकार की विधवा को सरकार तुरंत दे सरकारी नौकरी: डा.अशोक यादव

फुलकाहा। रानीगंज के दिवंगत पत्रकार विमल यादव हत्या नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के फुलकाहा बाजार में सोमवार की संध्या श्रद्धांजलि समारोह एवं कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार समेत जनप्रतिनिधि एवं लोगों ने फुलकाहा अटल चौक से हाथों में कैंडल लेकर गांधी चौक तक कैंडल मार्च निकाला। पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें 2 मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति की प्रार्थना की तथा तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर वरीय भाजपा नेता सह भारत नेपाल सीमा के चर्चित लकवा रोग विशेषज्ञ डा.अशोक यादव ने चचा भतीजा की सरकार से दिवंगत पत्रकार विमल यादव की विधवा धर्मपत्नी को तुरंत सरकारी नौकरी देने की मांग की।

जयनगर में मिथिला स्टूडेंट यूनियन टीम का गठन

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर डी. बी. कॉलेज, जयनगर में मिथिला स्टूडेंट यूनियन का 21 सदस्य टीम जिला कॉलेज प्रभारी ऋषि कुमार के नेतृत्व में गठित हुआ ।टीम निर्माण कर्ता पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं मिथिला स्टूडेंट यूनियन के मधुबनी जिला कॉलेज प्रभारी ऋषि कुमार ने संबोधन में संगठन के पूर्व के 9 वर्षों के संघर्षीय इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सभी नियुक्त नए पदाधिकारियों और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक उम्मीद जताई। कार्यक्रम के अध्यक्षता नियुक्त अध्यक्ष अमर कुमार सिंह ने किया एवं संबोधित करते हुए कहा कि मिथिला स्टूडेंट यूनियन का बहुत बहुत धन्यवाद जो मुझे इस लायक समझा और मुझे डी. बी. कॉलेज, जयनगर मिथिला स्टूडेंट यूनियन का महाविद्यालय अध्यक्ष नियुक्त किया ।महाविद्यालय प्रभारी कृष्णा कुमार पंडित,अध्यक्ष अमर कुमार सिंह,उपाध्यक्ष आदर्श कुमार,सचिव आयुष कुमार सिंह संयुक्त सचिव विशाल गुप्ता ,कोषाध्यक्ष विवेक कुमार पूर्वे,सोशल मीडिया प्रभारी ,मिथिलेश यादव ,कार्यकारणी सदस्य आलोक सिंह,चंदन प्रजापति, स्मित सिंह, लक्ष्मण कुमार, नीतीश कुमार, मो० सम्मी, सुभम राय, धीरज यादव,विकाश पूर्वे, राजन कुमार, पीयूष कुमार, गौरव जायसवाल, रूपेश मंडल, कृष्णा मंडलएवं समीर कुमार सर्वसम्मति से नियुक्त हुए एवं मौके पर सैकड़ों के संख्या में छात्र/छात्राएं मौजूद रहे ।

मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में चल रही इवेल्यूएशन कार्य का मूल्यांकन केंद्र निदेशिका डा.पूनम यादव ने ली जायजा

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा। कौशल्या ग्राम स्थित मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में स्नातक प्रथम खंड परीक्षा 2023 का मूल्यांकन केंद्र परीक्षा समिति के निर्णय के आलोक में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्थापित किया गया है। शांतिपूर्ण माहौल में जहां परीक्षण कार्य चल रहा है वहीं मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा की प्रधानाचार्य सह मूल्यांकन केंद्र निदेशिका सह प्रधानाचार्य डा. पूनम यादव ने मंगलवार को विभिन्न कक्षों में चल रही कॉपी जांच का जायज़ा लिया।परीक्षकों से रू ब रू हुईं और किसी तरह की दिक्कत तो नहीं हो रही उनसे पूछी। बता दें कि दिनांक 16 अगस्त 2023 से मूल्यांकन कार्य आरंभ है । डा.पूनम यादव ने मूल्यांकन केंद्र पहुंचकर गहन निरीक्षण किए निरीक्षण के क्रम में उन लोगों ने सभी विषय के कक्ष में जाकर परीक्षक एवं प्रधान परीक्षक को कही कि रिजल्ट पेंडिंग न रहे इस बात को ध्यान दें। अगर आप सभी परीक्षक थोड़ी सावधानी बरतें तो पेंडिंग नहीं रहेगी। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन केंद्र निदेशिका डा.पूनम यादव सख्त दिखीं,परीक्षकों को कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पैरविकारों की कोई गुंजाइश नहीं दिखी।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के लिए चुना गया मधेपुरा को

मधेपुरा। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के लिए मधेपुरा को चुना गया है उक्त बाबत जानकारी देते हुए बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ मधेपुरा सदर के अनुमंडल संयुक्त सचिव सह शिक्षक सियाराम उच्च विद्यालय जगबनी गम्हरिया डॉ. चन्दन कुमार चाँद ने जानकारी देते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय बाल विकास विज्ञान कांग्रेस 2023 जो की विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के द्वारा हर वर्ष इंटर स्तर से नीचे के छात्रों के लिए आयोजित किये जाते हैं. जिसमे टॉपिक है" स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परितंत्र को समझना" जिसके लिए इसबार मधेपुरा को चुना जाना गर्व की बात है इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के यहाँ होने से हमारे स्कूल के स्थानीय बच्चे में जाग्रति आएगी और हमारे क्षेत्र के बच्चे को भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा. उक्त राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यपक एबं शिक्षकों से अनुरोध किया जाता है कि विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्र, छात्राओ को कार्यक्रम मे शामिल कराने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराना सुनिशिचत किया जाय ताकि छात्र छात्राऐ अधीकाधिक संख्या में कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सके। जिससे बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़े. कार्यक्रम का आयोजन 7 ,8 और 9 नवम्बर को भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय नॉर्थ कैंपस मधेपुरा में होना सुनिश्चित हुआ है. वही उक्त बाबत महंथ हरिहर उच्च विद्यालय रानीपोखर के विज्ञान शिक्षक भूपेंद्र शर्मा ने कहाँ की हमारे बच्चे उक्त राष्ट्रीय कार्यक्रम में शिकरकत करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं. बहुत अधिक संख्या में विज्ञान में रूचि रखने वाले छात्र छात्राए विज्ञान कांग्रेस में भाग लेंगे.और इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के स्कूली बच्चे के साथ साथ बड़े वैज्ञानिक आदि भी शिरकत करने वाले हैं।

रघुनाथपुर में बदमाशों ने की फायरिंग

अररिया । जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर स्थित महर्षि मेंहीं आवासीय विद्यालय के ऊपर बाइक सवार अपराधियों के द्वारा सोमवार की देर संध्या फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। विद्यालय के निदेशक के अनुसार अपराधियों ने विद्यालय के मेन गेट को बाहर से बंद कर दिया था। घटना की जानकारी पर भरगामा थाना पुलिस परवेज आलम सदल बल स्कूल पहुंच मामले की जांच की। बताया गया कि उक्त विद्यालय के छात्र संध्या वंदना के उपरांत पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान विद्यालय के मुख्य गेट को बाहर से हैंडल लगा अपराधियों ने विद्यालय के ऊपर फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुन कर आसपास के ग्रामीण एवं छात्र भी अपने वर्ग कक्ष से बाहर निकले। तत्काल इसकी सूचना भरगामा थाना को दी गई। मौके पर भरगामा थाना पुलिस तत्काल रघुनाथपुर पहुंच मामले की जांच की। विद्यालय के निदेशक सत्यनारायण प्रसाद ने बताया कि मामले के संबंध में भरगामा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। इधर थानेदार आदित्य कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर सोमवार की घटना के बाद शिक्षक एवं बच्चे भयभीत दिखे।

धरना | मुखिया महासंघ के आह्वान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों में हो रही कटौती के खिलाफ धरना

20 सूत्री मांग को लेकर प्रखंड मुखिया महासंघ जयनगर के द्वारा एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर(मो.गुलाब)। बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों में की जा रही कटौती के खिलाफ प्रखंड मुखिया संघ जयनगर के द्वारा 20 सूत्री मांग को लेकर एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजित किया गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड मुखिया महासंघ के अध्यक्ष अवध बिहारी यादव उर्फ राम दास हजरा व संचालन बरही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जामुन चौधरी ने किया।मुखिया महासंघ मधुबनी के जिलाध्यक्ष रूपम कुमारी ने बताई कि हम पूर्ण रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि का कार्य करते हैं।इस स्तर पर कार्य करने वालों की सुरक्षा सबसे पहले होनी चाहिये, एक सम्मानित वेतन जो कम से कम दस हजार रूपये हो, संविधान के तहत मिले प्रदत्त अधिकारों को ग्राम पंचायत को सौंपा जाय, ग्राम सभा से चयनित योजनाओं को पदाधिकारियों के बिना हस्तक्षेप का लागु होना चाहिये, एजेंसियों के माध्यम से स्ट्रीट लाईट सहित अन्य योजनाओं को ग्राम पंचायत को सुपूर्द किया जाना चाहिये, इसके सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की संवैधानिक मांग सरकार की जा रही है।हम अपनी मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन के तहत् सड़क से संसद तक आंदोलन करेंगे। प्रदेश मुखिया संघ के नेतृत्व में यह हड़ताल राज्य और केंद्र दोनों सरकार के खिलाफ हो रहा है।प्रखंड मुखिया महासंघ के अध्यक्ष अवध बिहारी यादव उर्फ राम दास हजरा ने बताया कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार लगातार पंचायती राज व्यवस्था के तहत त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का जो अधिकार समर्पित किया है, उसमें कटौती कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त कूटनीति के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को बिना अधिकार के कठपुतली बना दिया गया है। सरकारी एजेंसी के माध्यम से योजनाओं में लूट खसोट की जा रही है।इस मौके पर मुखिया महासंघ मधुबनी के प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव,कोहरिया पंचायत के मुखिया महेश यादव,पड़वा पंचायत के मुखिया संतोष मंडल,बरही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जामुन चौधरी, मो. जियाउद्दीन, मीना देवी, राज कुमारी देवी, ज्ञानवती देवी, विमला देवी, लाल बिहारी मंडल, सरोज देवी, वीरेंद्र यादव, राम बाबू यादव, राम कृपाल मुखिया समेत अन्य मौजूद थे।

कामगार सूचना सहायता केंद्र विश्क के युवा जिलाध्यक्ष पद पर मुकेश यादव हुए मनोनीत तो महिला जिला अध्यक्ष का ताज कंचन देवी को

बिहारीगंज। कामगार सूचना सहायता केंद्र विश्क की एक बैठक बिहारीगंज नगर परिषद क्षेत्र के कुश्थन वार्ड नंबर 1 कुलो प्रसाद यादव के दरवाजे पर बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश ऋषिदेव ने की। बैठक में इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन आई एल ओ ने मधेपुरा जिला का फिर से चयन किया है असंगठित घरेलू कामगार के बीच काम करने के लिए सर्वसम्मति से कामगार सूचना सहायता केंद्र विश्क के युवा जिलाध्यक्ष का मनोनयन सर्वसम्मति से मुकेश यादव को किया गया एवं कामगार सूचना सहायता केंद्र विश्क के लिए महिला जिला अध्यक्ष के लिए कंचन देवी को नामित किया गया इस मौके पर बोलते हुए कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष हीरा पासवान ने कहा कि असंगठित घरेलू कामगार को संगठित कर उनके व्यापक हित को देखते हुए विधि संगत एवं सम्मानजनक बनाना तथा कार्यक्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने हेतु समुचित कार योजना एवं उनका अनुपालन इन कामगारों को रोजगार मुखी प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के साथ जोड़ना इन कामगारों को व्यवसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से जागरूक करना असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के लाभ सुनिश्चित करना एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ जोड़ना । इस मौके पर प्रियंका कुमारी,, बुधनी देवी,आशा देवी,सुनिता देवी,रविना खातुन, मंगल ऋषि देव,रवि ऋषिदेव, अखिलेश राम,राजू कुमार,दिलिप कुमार यादव सहित अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे लोग उपस्थित थे ।

ख़ास ख़बर

दैनिक जागरण पत्रकार बिमल कुमार के हत्या के विरोध में पत्रकार द्वारा निकाला गया आक्रोस मार्च

डॉ बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली, सुपौल। जिले के निर्मली नगर में अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड से दैनिक जागरण के पत्रकार विमल कुमार यादव कि अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में अनुमंडल पत्रकार संघ निर्मली के सदस्य पत्रकारों द्वारा रविवार की संध्या को शहर में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च में शामिल पत्रकारों ने पत्रकार विमल कुमार यादव के हत्यारे को अभिलंब सजा देने, मृतक की सूजन को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने ,पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग के साथ-साथ पुलिस प्रशासन की नाकामयाबी से संबंधित नारे लगा रहे थे। आक्रोश मार्च नगर के थाना चौक से शुरू होकर नगर के हटिया चौक, मुख्य बाजार, 10 लाख चौक कोसी कॉलोनी होते हुए प्रखंड मुख्यालय , अनुमंडल मुख्यालय से पुस्तकालय सह वाचनालय परिसर में पहुंचा। जहां आक्रोश मार्च सभा में तब्दील होते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन व्रत रखा। तत्पश्चात श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने संबोधन में पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू नहीं हुआ है लेकिन ऐसा नहीं है कि सरकार पत्रकारों की सुरक्षा नहीं चाहती है। पत्रकार जिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपनी पत्रकारिता कर रहे हैं वैसे सभी थाना के पुलिस को सरकार पत्रकारों की सुरक्षा करने की कड़ी हिदायत पहले से ही दे चुकी है। बावजूद थाना पुलिस पत्रकारों की एक भी नहीं सुनती है समाचार संकलन को लेकर पत्रकार वैसे जगह पर जाते हैं ।जहां उनकी जान जोखिम में रहती है। जिसकी सूचना पुलिस को भी दी जाती है किंतु पुलिस पत्रकारों की सुनती ही कहां है। देश के चौथी स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार निष्पक्ष पत्रकारिता करने से भयभीत है। देश में पत्रकारों की लगातार हत्या हो रही है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि अभिलंब पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कर दिया जाए ताकि देश की चौथी स्तंभ टिकी रहे। मौके पर पत्रकार विष्णु गुप्ता, नारायण प्रसाद यादव, डॉक्टर विनीत शेखर, शिव कुमार यादव, सुनील कुमार सुमन ,विजय मेहता, आलोक कुमार सिंह, मनोज यादव , मनीष कुमार सिंह,रोशन कुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार, भागवत कुमार, ललन कुमार, चंदन कुमार आदि पत्रकार उपस्थित थे।

बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी करने वाले के विरुद्ध चलाया गया महाअभियान

जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज, सुपौल। जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल अंतर्गत बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध विभाग लगातार कार्यवाई कर रही है। गुप्त सूचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता राकेश कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर तीन लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में बिजली चोरी का केस दर्ज कराया हैं। जिसमें बताया गया है कि पोल पर से मीटर तक आ रहे सर्विस तार के बीच मे अवैध तरीके से दूसरे तार द्वारा टेपिंग (मीटर बाईपास) कर विधुत ऊर्जा की चोरी करने के मामले में नरहा वार्ड नंबर 11 निवासी राजेन्द्र मेहता एवं अवैध रूप से चालू एलटी लाइन में टोका लगाकर बिजली चोरी करने के आरोप में हरिहरपट्टी पंचायत के भगवानपुर निवासी सुगिया देवी जबकि अवैध रूप से चालू एलटी लाइन में टोका लगाकर बिजली चोरी करने के मामले में गौनहा निवासी शंभु कामत के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष केबी सिंह ने बताया कि बिजली चोरी मामले को लेकर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जा रही है।

गणेश पूजा समिति की हुई एक अहम बैठक

अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा ,सुपौल। जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र स्थित गांधी क्लब सभागार भवन में रविवार की शाम गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष अभिजीत कुमार रंजीत की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गणेश पूजा के सफल संचालन को लेकर गण्यमान, बुद्धिजीवियों एवं पूजा समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक में मूर्ति निर्माण, पूजा, पंडाल, बिजली सजावट आदि में होने वाले खर्च की जानकारी के साथ बीते बरसों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।पुजा समिति के संयोजक सुनील कुमार भंटू ने बताया कि सचिव पद पर हैप्पी कुमार उपाध्यक्ष पद पर चंदन कुमार, विनोद साह एवं रितिक राज के साथ कोषाध्यक्ष पद पर सोमेश्वर कुमार सुमन को बनाया गया है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह मनु ,पूर्व मुखिया रामचंद्र चौधरी ,कमल नाथ झा इंदू, गिरधारी मुखिया, जागेश्वर मेहरा, अमरेश कुमार उर्फ रौशन झा,शशि रंजन कुमार, शंकर प्रसाद चौधरी, मनोज दे ,योगेंद्र मंडल, मो वली, बसंत गुप्ता, तेज नारायण साह, राजकुमार पोद्दार ,संतोष शाह, अमित कुमार टिंकू , आशीष गुप्ता, शिबू चंद नायक ,बौआ मंडल, महिपाल सिंह, आदि मौजूद थे।

पत्रकार विमल के हत्या के विरोध में निकाला गया आक्रोश मार्च

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल। जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत अररिया के पत्रकार विमल के हत्या के विरोध में किशनपुर में निकाला गया आक्रोश मार्च किशनपुर पत्रकार संघ के तत्वावधान में अररिया के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के विरोध में दूसरे दिन प्रखंड परिसर से आक्रोश मार्च चल कर किशनपुर बाजार के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर विभिन्न नारों के साथ हत्या का विरोध जताया। जहां आक्रोश मार्च का नेतृत्व पत्रकार जीबछ प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार धीरज एवं अजय कुमार कर रहे थे। प्रखंड परिसर से निकले आक्रोश मार्च गोल चौक होते हुए बाजार के विभिन्न भागों को भ्रमण कर विमल यादव के हत्या के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान पत्रकार जीबछ प्रसाद ने कहा कि सुशासन की सरकार में अब तक कई पत्रकार की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अररिया के पत्रकार विमल कुमार यादव को 18 अगस्त 23 की सुबह कातिलाना हमला कर घटनास्थल पर ही मौत के घाट उतार दिया गया । वही बिहार के 7 वर्षों में सात पत्रकारों की गोली मारकर हत्या की गई है । जिसमें सीतामढ़ी जिले के अजय कुमार विद्रोही, एवं गया जिले के मिथिलेश पांडे एवं रोहतास जिले के धर्मेंद्र कुमार सिंह, समस्तीपुर जिले के ब्रजकिशोर ब्रजेश ,सिवान जिले के राजदेव रंजन ऐसे जुझारू एवं कर्मठ पत्रकार थे जिसे अपराधियों द्वारा गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया । अपराधियों से सत्ता गठजोड़ के कारण अपराधियों का मकसद पूरा हो जाता है। वही सरकार को इसका कोई फर्क नहीं पड़ता है। फर्क तो उस परिवार को पड़ता है । जिसके बच्चे अनाथ, सुहागिन विधवा हो जाती है। उन्होंने शहीद विमल कुमार यादव की हत्यारा को अभिलंब फांसी की सजा की मांग की है। उनके परिजनों को सरकारी नौकरी देने तथा मृतक के पत्नी को 5000000 की मुआवजा देने तथा दोनों बच्चों का एक एक करोड़ का बीमा करने उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने एवं पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित कई मांग की गई। लगातार पत्रकारों को साथ हो रही घटनाओं के बावजूद सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नही उठा रही है। उन्होंने कहा की पत्रकार के हत्यारों को सरकार शीघ्र गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चला कर फांसी की सजा दिलाए। पत्रकार धर्मेन्द्र कुमार धीरज ने विमल कुमार यादव के हत्या का निंदा करते हुए सरकार से पत्रकार के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पूरे बिहार के पत्रकारों की सुरक्षा की मांग किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा के अलावे परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए।

आवास सहायक पर रिस्वत लेने का लगाया आरोप

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल। जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि के अनुरूप लाभार्थी द्वारा कार्य करने के बावजूद रिश्वत नहीं देने पर थाना में मामला दर्ज करवाया जाता है । इसको लेकर लाभार्थी काफी चिंतित एवं भयभीत हो गए हैं । पीड़ित लाभार्थी ममेहासिमर पंचायत के मधूरा गांव निवासी चंद्रकला देवी पति ब्रह्मदेव यादव द्वारा जिला पदाधिकारी सुपौल के पास आवेदन देकर स्वयं या किसी वरीय पदाधिकारी से जांच करवा कर केश से दोष मुक्त करने की मांग की है । आवेदिका चंद्रकला देवी द्वारा आवेदन में कहा है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किस्त के रूप में 40 हजार का भुगतान किया गया था। राशि प्राप्त होने के बाद आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कर लिंटर तक कार्य करवा लिया । उसे आवास सहायक द्वारा पांच हजार रुपया मांग किया। पांच हजार रुपया नहीं देने के कारण आवास सहायक के द्वारा रिपोर्ट नही किया गया । प्रतिवेदन देने के लिए बार बार आग्रह किया बाबजूद आवास सहायक द्वारा प्रतिवेदन नहीं किए । जिस कारण दूसरा किस्त भी नहीं हो पाया । बरसात में किसी तरह वे पल्ली तानकर जीवन यापन कर रही हैं । वही विभाग द्वारा उनके ऊपर किशनपुर थाना कांड संख्या 175/23 दर्ज कर दिया गया है । जबकि लाभार्थी द्वारा कहा गया है कि प्राप्त प्रथम किस्त के विरुद्ध अधिक काम करवा चुकी हु । लाभार्थी दीवाल पर प्लास्टिक डालकर आवासीय घर के रूप में जीवन यापन कर रही है। जिला पदाधिकारी सुपौल से जांच करने तथा केश से दोष मुक्त करने की मांग की गई है ।

नागपंचमी के अवसर पर पुजा का आयोजन किया गया

राजकुमार झा / दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर ,सुपौल। जिले में छातापुर मुख्यालय के पंचायत के वार्ड 16 स्थित मैया विषहरी स्थान में सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर पुजा का आयोजन किया गया। प्राचीन काल से आयोजित हो रहे विषहरी पुजा में इलाके के श्रद्धालु सैकडों की संख्या में जमा हुए। जहां बयोवृद्ध महिला बिंदा देवी के द्वारा विधिवत रूप से विषहरी मैया की पुजा अर्चना की गई। जहां मन्नत मांगने वाले श्रद्धालुओं ने अपनी पुजा डाली लगाया और विषहरी मैया से मनोंकामना पुरी करने की विनती की। आमजनों मे गहरी आस्था और विश्वास के कारण ही डाली लगाने एवं पुजा देखने के लिए भक्तजनों का जमावड़ा लगता है, देर शाम तक चले पुजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में लोग भंडारा प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहूंचे। मैया विषहरी पुजा आयोजन को लेकर इलाके में श्रद्धा व उत्साह का माहौल देखा गया। आयोजन में सामिल संजय कुमार भगत ने बताया कि प्राचीन काल में ही स्थानीय अशोक सिंह के परनाना स्व छट्ठू सिंह के द्वारा विषहरी स्थान की स्थापना की गई थी, जहां दशकों से भव्य रुप से पुजा का आयोजन कर डाली लगाने की परंपरा रही है। सच्चे मन व अटूट विश्वास वाले श्रद्धालुओं की इच्छा विषहरी मैया जरूर पुरा करती है। यही कारण है कि नागपंचमी के दिना पुजा स्थल पर इलाके के श्रद्धलुओं का भारी संख्या में जूटान होता है।

अररिया के पत्रकार विमल के हत्या के विरोध में आक्रोश मार्च

मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले में पत्रकार संघ के तत्वावधान में अररिया के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के विरोध में परिसर से निकले आक्रोश मार्च सुपौल बाजार के सभी मार्गों का भ्रमण कर विभिन्न नारों के साथ हत्या का विरोध जताया। जहां आक्रोश मार्च का नेतृत्व पत्रकार भरत कुमार झा मोहम्मद पीयूष कुमार नजीर आलम रंजीत कुमार विनय कुमार कर रहे थे। सुपौल गांधी मैदान से महावीर चौक होते हुए स्टेशन चौक ,लोहिया नगर चौक फिर उसके बाद गांधी मैदान सुपौल परिसर से निकले आक्रोश मार्च होते हुए बाजार के विभिन्न मार्गों कर भ्रमण कर विमल कुमार यादव के हत्या के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान पत्रकार भरत कुमार झा और मोहम्मद नजीर आलम ने कहा कि सुशासन की सरकार में अब तक कई पत्रकार की गोली मार कर हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अररिया के पत्रकार विमल कुमार यादव को बीते 18 अगस्त के सुबह कातिलाना हमला कर घटनास्थल पर ही मौत के घाट उतार दिया। कहा कि बिहार में 7 वर्षों में सात पत्रकारों की गोली मारकर हत्या की गई है। जिसमें सीतामढ़ी जिले के अजय कुमार विद्रोही, गया जिले के मिथिलेश पांडे, रोहतास जिले के धर्मेंद्र कुमार सिंह, समस्तीपुर जिले के ब्रजकिशोर ब्रजेश, सिवान जिले के राजदेव रंजन जैसे जुझारू एवं कर्मठ पत्रकार थे। जिसे अपराधियों द्वारा गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। अपराधियों से सत्ता गठजोड़ के कारण अपराधियों का मकसद पूरा हो जाता है। वही सरकार को इसका कोई फर्क नहीं पड़ता है। फर्क तो उस परिवार को पड़ता है। जिससे उनके बच्चे अनाथ, सुहागिन विधवा हो जाती है। उन्होंने उनके दोनों बच्चों का एक एक करोड़ का बीमा करने का मांग किया है। कहा कि लगातार पत्रकारों को साथ हो रही घटनाओं के बावजूद सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नही उठा रही है। कहा की पत्रकार के हत्यारों को सरकार शीघ्र गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चला कर फांसी की सजा दिलाए। पत्रकार विमल कुमार यादव के हत्या का निंदा करते हुए सरकार से पत्रकार के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पूरे बिहार के पत्रकारों की सुरक्षा की मांग किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों को 40 लाख रुपये का मुआवजा के अलावे परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए। पत्रकार अजय कुमार ने हत्या का निंदा करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार में पुलिस पत्रकार पर हमला होना निंदनीय है। सरकार जल्द से जल्द दिवंगत विमल कुमार यादव के हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई कर सख्त से सख्त सजा दिलाए। वहीं आक्रोश मार्च में शामिल पत्रकारों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पत्रकार के हत्या की कड़ी निंदा किया। आक्रोश मार्च में भरत कुमार झा, तपेश्वर मिश्र, राजीव कुमार, रंजीत कुमार, मोहम्मद नजीर आलम , अख्तरुल इस्लाम ,पीयूष कुमार ,बाबुल कुमार, कुणाल कुमार , प्रियरंजन सिंह, संजय कुमार सिंह , अख्तरुल इस्लाम, मोहम्मद नदीम, सुभाष चंद्रा, चंदन कुमार, गोपाल कुमार झा, अजय कुमार सिंह, प्रमोद कुमार यादव , रघुवंश कुमार ,भूषण कुमार और संतोष चौहान, लक्ष्मण कुमार ,सनोज कुमार , पिंकू सिंह, सनोज कुमार, शंकर कुमार सहित अन्य पत्रकार सामिल थे।

प्रखंड के टीपीसी भवन में डीएम कौशल कुमार ने की समीक्षात्मक बैठक,दिए कई दिशा निर्देश

अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल। जिए के पिपरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्तिथ टीसीपी भवन में मंगलवार को डीएम कौशल कुमार प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की।विभिन्न सरकारी योजनाओं को शतप्रतिशत धरातल पर उतारने और गुणवत्ता पूर्ण कार्यों की देखरेख व आमजनों को रही समस्याओं की समाधान के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद है इसको लेकर जिलाधिकारी विभिन्न प्रखंडों में लगातार समीक्षा बैठकें कर दिशा निर्देश दें रहे हैं। मौके पर डीडीसी मुकेश कुमार एसडीएम मनीष कुमार सहित प्रखंड व अंचल के सभी अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। डीएम कौशल कुमार ने कहा की बैठक में तमाम कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई है। सबकुछ सामान्य है और ज्यादा सुधार करने की जरूरत है विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना, गली नाली योजना, पेंशन , राशनकार्ड सहित तमाम योजनाओं की समीक्षा की गई। कहा की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की पंजी कि जांच किए ठीक है लेकिन और सुधार की आवश्यकता है, जो कमियां है उसे दूर करने का निर्देश दिया गया।

"गोलीकांड के शिकार पत्रकार बिमल कुमार यादव को प्रेस क्लब राघोपुर के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि"

संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले के राघोपुर प्रखंड में बेखौफ अपराधियो द्वारा गोली मारकर हत्या के शिकार अररिया रानीगंज के दैनिक जागरण के पत्रकार विमल कुमार यादव के मामले को लेकर पूरे देश का पत्रकार समाज मर्माहत है। इसी घटना को लेकर हर जगह सरकार और प्रशासन के क्रियाकलाप को लेकर किरकिरी हो रही है। राज्य और देश के मीडिया जगत के लोग इस बात को लेकर चिंतित है। कि वर्तमान समय में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। इसी को मद्देनजर रविवार को राघोपुर प्रेस क्लब के पत्रकारों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा कर विचार बैठक आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार विमल कुमार यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके आत्मा के शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण रहकर कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए दैनिक जागरण के पत्रकार रौशन कुमार और विकास आनन्द ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं रह गया है। बताया कि अक्सर अपराधियों द्वारा पत्रकार के हत्या की सूचना प्राप्त होती रहती है। बताया कि सरकार को पत्रकार के सुरक्षा को लेकर कानून लाने की आवश्यकता है। पत्रकार सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि यदि इस तरह पत्रकार की हत्या होता रहा तो देश का लोकतंत्र खतरा में पर जयेगा। चारों तरफ अराजकता का माहौल पैदा हो जाएगा, क्योकि आम लोगों के हक की आवाज उठाने वाले लोकतंत्र के चौथा स्तंभ को दबाया जा रहा है। इस मौके पर पत्रकार अभयानंद कुमार दीपक, आशुतोष कुमार झा, रामचंद्र मेहता, ब्रजेश कुमार, अरुण जायसवाल, रंजीत कुमार, दीपक कुमार गुप्ता सहित अन्य ने दिवंगत पत्रकार के आत्मा के शान्ति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

15 बोतल देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल। जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के सुखासन पंचायत के वार्ड 8 से सोमवार की अहले सुबह सड़क से 15 बोतल देसी के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करने में पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि सूचना मिली की सोमवार की अहले सुबह लगभग 4 बजे सुखासन पंचायत के वार्ड 4 निवासी सिकंदर कुमार और रामचंद्र कुमार शराब लेकर कहीं खापाने की फिराक में है। उसके बाद गश्ती दल में शामिल एएसआई बुचो साह दाल बन के साथ पहुंचा दो पंचायत के वार्ड 8 सड़क किनारे झोला लेकर दो युवक खड़े थे। उसके बाद झोला की तलाशी ली तो गोला से 15 बोतल देसी शराब बरामद हुआ। उसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। उधर थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों शराब तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

प्रोजेक्ट जिले में दीनापट्टी पंचायत के सखुआ गांव में दम तोड रहा सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट

बिहार का पहला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट में पांच महीने से उत्पादन ठप

अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल। जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दीनापट्टी पंचायत के सखुआ गांव में दम तोड रहा सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट, बिहार का पहला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट में पांच महीने से उत्पादन ठप्प। सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार बिहार का पहला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट देख रेख के अभाव में दम तोड रहा है, इस प्लांट में करीब पांच महीने से बिजली का उत्पादन ठप्प है। ऐसे में सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट जिसमे नीचे मछली और ऊपर बिजली उत्पादन करने की जो दूरगामी योजना थी उसे ग्रहण लग रही है।दरअसल पिपरा प्रखंड के अंतर्गत सखुआ गांव के राजा पोखर में तैरता हुआ बिजली घर स्थापित किया गया।करीब 3 करोड़ की लागत वाली इस फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के स्थापना के बाद इसमें सौर ऊर्जा से बिजली का उत्पादन भी शुरू किया गया। लेकिन कुछ महीनो के बाद ही देखरेख के अभाव में इसमें खराबी आने लगी। जिससे यह प्लांट फिलहाल पांच महीने से बंद पड़ा हुआ है। आलम यह है की सरकार के जल जीवन हरियाली के तहत लाई गई इस दूरगामी योजना से न तो बिजली का उत्पादन हो रहा है और न ही मछली का। जबकि सरकार का उद्देश्य यह था कि सोलर फ्लोटिंग के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जाएगा और पोखर में मछली का उत्पादन भी होगा। ऊपर बिजली और नीचे मछली के उत्पादन के लक्ष्य के साथ राजा पोखर में स्थापित इस फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट में पिछले पांच महीने से बिजली का उत्पादन नहीं हो रहा है। दरअसल जल जीवन हरियाली यात्रा के तहत सीएम नीतीश कुमार वर्ष 2020 में यहां आ चुके हैं। सीएम के द्वारा ही इस दूरगामी योजना की नीव रखी गई। पिपरा प्रखंड के दीनापट्टी पंचायत अंतर्गत सखुआ गांव के राजा पोखर पर इस फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का शिलान्यास के बाद इसकी स्थापना के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू हुई और अगस्त 2022 में इस प्लांट से बिजली का उत्पादन शुरू हो गया। कहा गया की इस प्लांट से करीब 525 किलो वाट बिजली का उत्पादन शुरू हुआ जिस बिजली को स्थानीय पवार सब स्टेशन में भेजा जाता है और वहां से जरूरत के हिसाब से बिजली का डिस्ट्रीब्यूसन आसपास के इलाके में की जाने लगी। खास बात यह है की स्थापना के महज छे महीने के बाद ही इसमें खराबी आने लगी, कहा गया है की 3 मार्च 2023 को इसमें खराबी आ गई। जिसके बाद इसे अब तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है।मौके पर मौजूद मेंटेनेंस इंजीनियर ने कहा कि पहले ट्रांसफार्मर में खराबी आया तो उसके लिए ऊपर सूचना दी गई, अब एमसीबी की खराबी है इसके अलावा इसका डिजाइन भी चेंज करने की जरूरत है। खराबी की सूचना विभाग को दे दी गई है जल्द ही इसे ठीक कर इससे बिजली का उत्पादन शुरू करवाया जाएगा।

अपराजिता बिद्या कुंज के बैनर तले प्रतिभा श्रेय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

डॉ बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली ,सुपौल। जिले के निर्मली अनुमंडल मुख्यालय स्थित हंसवाहिनी विद्यासागर निर्मली में अपराजिता विद्या कुंज के बैनर तले "प्रतिभा श्रेय प्रतियोगिता (पीएसपी-23)" का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आपसी प्रतिस्पर्धा का अवसर मिला। दिल्ली पब्लिक स्कूल निर्मली के प्रधानचार्य आर. के. रमन के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों में मनीषा राय, श्याम सिंह, दीपक ठाकुर, सुरेंद्र कुमार व कौशलेंद्र ठाकुर भी मौजूद रहे। बताया गया कि अपराजिता विद्या कुंज" दरभंगा का शैक्षनिक प्रशिक्षण संस्थान है, जिसकी प्रमुख निदेशक रंजना मिश्रा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन में अपराजिता विद्या कुंज से आशीष मिश्रा, सुधाकर सिंह, अनूप कुमार झा और उज्ज्वल मिश्रा ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के क्रम में हंसवाहिनी विद्या सागर के प्रबंधक गौतम कुमार नागमणि व अन्य ने भी योगदान दिया। प्रतियोगिता में 3 विभिन्न समूहों में 600 से अधिक छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। जैसे कि पहले समूह में 6वीं, 7वीं और 8वीं कक्षा, दूसरे समूह में 9वीं और 10वीं कक्षा तथा तीसरे समूह में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में क्रमशः दिल्ली पब्लिक स्कूल निर्मली, हंसवाहिनी विद्यासागर निर्मली, एसएनएस ग्लोबल सेमिनरी, एसीआई सुपर सिक्सटी, कोसी ट्यूटोरियल, स्टार एकेडमी सहित विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों ने हिस्सा लिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल निर्मली के प्रधानाचार्य आरके रमन ने बताया कि छात्रों को उनकी प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें आपसी प्रतिस्पर्धा का मौका देना ही प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है। शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं के बीच दोस्ती की भावना को बढ़ावा दिया और उनके शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहन मिला। सफलता के साथ यह प्रतियोगिता निर्मली के शैक्षिक समृद्धि के प्रतीक के रूप में उभरी है और आने वाले वर्षों में और भी बढ़ेगी।

ख़ास ख़बर

पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में 101 गर्भवती महिला मरीजों का हुआ जांच

कोचस (रोहतास)। प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे हर महीने के 21 तारीख को होने वाला प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत 101 गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोबिन शुगर एचआईवी वीडीआरएल यूरिन आदि की जांच की गई। सभी गर्भवती महिलाओं का डॉ तुषार कुमार ने जांच किया। आए हुए सभी महिलाओं के लिए बैठने के लिए कुर्सी शीतल जल और मीठा बिस्किट का भी अस्पताल प्रबंधन की तरफ से व्यवस्था किया गया। जांच मे सभी जीएनएम एएनएम उपस्थित थी , किसी को कोई कठिनाई ना हो इसके लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक स्वयं अपने स्तर से निरीक्षण कर देखा ,सभी गर्भवती महिलाओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा खानपान एवं गर्भ में पल रहे शिशु की देखभाल के लिए कई अहम सुझाव भी दिए एवं प्रसव पूर्व जांच के लिए भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाने की जानकारी दी। इसके साथ साथ प्रसव भी कराने को अस्पताल में आने के लिए सभी महिलाओ को बताया। मौके पर उपस्थित कर्मी रोहिणी कुमारी ,ज्योति कुमारी ,नीता कुमारी , सोनू कुमार , प्रभु कुमार , निधि कुमारी, सुजाता कुमारी, राहुल कुमार, मनोज कुमार, सविता कुमारी, कमलेश कुमार आदि लोग मौजुद थे।

श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम के लिए हुआ रवाना

नासरीगंज (रोहतास)। स्थानीय नगर स्थित महावीर मन्दिर के समीप एक सौ बीस महिला-पुरूष श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम के लिए वातानुकूलित बस द्वारा रवाना हुआ। उक्त श्रद्धालुओं के जत्था से भरे बस को उप मुख्य पार्षद कलावती देवी और सीओ अमित कुमार ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त जत्था सुलतानगंज से गंगाजल लेकर बाबा धाम में जल अर्पित करेंगे और देवघर,वासुकी धाम,राजरप्पा, राजगीर और बोध गया होते हुए सभी धामों के दर्शनोपरांत एक सप्ताह के बाद वापस लौटेंगें। उक्त अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा लगाये गये बोल बम के जयकारे से वातवरण भगतिमय हो गया। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष डा.अमरेंद्र कुमार,लूकेश्वर कुमार प्रिय,शौलेंद्र सिंह,राजद नेता बबन कुमार सिंह,अमित वर्मा,मुखिया रामदुलारी देवी,समाज सेवी गांधी चौधरी,जिला पार्षद प्रियंका प्रसाद, ओंकार प्रिय, विशाल गुप्ता,पंकज शर्मा, विकास कुमार,बबलू कुमार,पवन कुमार सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

नाग पंचमी महोत्सव का हुआ आयोजन

संझौली (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के करमैनी ग्राम में सोमवार को हर साल की तरह इस साल भी नाग पंचमी महोत्सव का आयोज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसका आयोजन बकस बाबा पूजा समिति के तत्वधान में किया गया। इस अवसर पर बिरहा गायक सुधीर लाल एवं गायिका रबिना रंजन ने अपने कला से श्रोताओं का दिल जीत लिया।मंच के माध्यम से बताया गया कि महाभारत काल से यह परम्परा चली आ रही है। तक्षक नाग ने राजा परीक्षित को डस लिया था। उनके पुत्र जनमेजय ने सर्पों के विनाश के लिए सरप्रेषटि यज्ञ करा रहा था इसी क्रम में आसितिक मुनि ने यज्ञ को रूकवाया। वह दिन सावन शुक्ल पक्ष पंचमी थी। तभी से यह त्योहार मनाया जाता हैं। इस अवसर पर जगू चौधरी राम, जीवन चौधरी, समीर चन्द्र पटेल, नवीन चंद्र शाह संयोजक, गायक शिव चरन प्रसाद,उमेश, सोनू चौधरी, राकेश शर्मा, पिंटू, पुष्पा, दंडित शर्मा, रमेश चन्द्रावबी, आलोक शारदा, राम प्रवेश, संतोष माधुरी सहित सैकड़ों भक्तों ने दूध लवा चढ़ाकर पूजा अर्चना किया।

आक्रोशित छात्रों ने मांगों को लेकर एसएन कॉलेज में की तालाबंदी

सड़क जाम कर घंटों देर तक किया प्रदर्शन

करगहर (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के एसएन कॉलेज के विरुद्ध छात्रों ने सोमवार को तालाबंदी कर सासाराम चौसा पथ को दो घंटों तक जाम कर हंगामा किया। जहां सड़क जाम होने से लोगों को काफ़ी परेशानी झेलनी पड़ी। इसकी सूचना मिलती ही स्थानीय पुलिस ने जाम हटवाने का प्रयास किया। इसके बाद भी मामला शांत न होता देख थानाध्यक्ष आमोद कुमार ने प्राचार्य गौरीशंकर राम और छात्र एनएसयूआइ राष्ट्रीय सयोजक प्रशांत ओझा के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत किया। जिसके बाद सड़क जाम हटवाते हुए कॉलेज का ताला खुलवाया। वही धरना का नेतृत्व नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया के प्रखण्ड अध्यक्ष अनुराग तिवारी के तत्वाधान में विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर एसएन कॉलेज शाहमल खैरा प्रबंधन के विरुद्ध आक्रोश जताया। साथ ही साथ बताया कि महाविद्यालय प्रबंधन की लापरवाही से प्रतिवर्ष सैकड़ों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। गत वर्ष एनएसएस ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने के कारण 35 छात्र-छात्राओं का नामांकन उक्त कोटा से पीजी में नहीं हो सका । महाविद्यालय में भवन के अभाव में कक्षाएं संचालित करने में काफी परेशानी हो रही है । इसकी शिकायत करने के बाद भी प्रबंधन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान मुख्य द्वार बंद कर दिया जाता है। जिसकी वजह से छात्राओं के साथ में आए अभिभावक तेज धूप व बारिश में पेड़ के नीचे इंतजार करने को विवश है। उन्हें महाविद्यालय के कैंटीन और पेयजल भी नहीं लेने दिया जाता। महाविद्यालय परिसर में स्टैंड की व्यवस्था नहीं होने की वजह से परीक्षार्थी व अभिभावक वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा कर देते हैं । जिस जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। महाविद्यालय के परिसर के चारों ओर जगह जगह चारदीवारी ध्वस्त हो चुकी है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से तत्काल मरम्मत कराया जाए तथा सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाए। एनएसयूआइ के प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय आने जाने में काफी परेशानी होती है ऐसी स्थिति में कॉलेज प्रबंधन की ओर से बस सेवा चालू की जाए । कई छात्र नेताओं ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित उक्त महाविद्यालय में प्रोफेशनल कोर्स बीएड़,बीबीए,बीसीए कक्षाओं के साथ स्नातकोत्तर की कक्षाएं शुरू की जाए। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के कर्मियों द्वारा छात्रों के साथ भेदभाव व अभद्र व्यवहार किया जाता है। उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो संगठन आंदोलनात्मक कार्रवाई करेगी। वही प्राचार्य डॉक्टर गौरीशंकर राम ने बताया कि छात्रों की छात्रों द्वारा 17 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया गया है। जिनमें कुछ मांगे जायज है। अधिकांश मांगे विश्वविद्यालय द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। शैक्षणिक व्यवस्था से संबंधित मांगों के लिए महाविद्यालय प्रबंधन सक्रिय हैं। मौके पर प्रशांत ओझा, सनी सिंह, रंजन ओझा,उज्जवल तिवारी,अखिलेश पासवान,रंजन पांडेय सहित सैकड़ों छात्र शामिल थे।

पोल-तार शिफ्टिंग को लेकर रात्रि 10 बजे से 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बिक्रमगंज(रोहतास)। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज अंतर्गत एनएस 120 द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि चौड़ीकरण के दौरान कुछ पोल एवं तार का शिफ्टिंग भी करना अतिआवश्यक है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि कि नासरीगंज मोड़ से तेंदुनी चौक तक रोड वाइंडिंग प्रोजेक्ट चल रहा है जिसके तहत तेंदुनी चौक बिक्रमगंज के पास यूटिलिटी शिफ्टिंग की आवश्यकता है। रोड एलाइनमेंट में 33 केवी लाइन आ रही है, जिसके कारण 22 से 27 अगस्त तक रात्रि 10 से 1 बजे तक 11 केवी एवं 33 केवी हाई वोल्टेज सप्लाई शटडाउन रहेगी।

पिकअप-टेंपो के जोरदार टक्कर में लगभग दर्जन लोग घायल

कोचस (रोहतास)। थाना क्षेत्र के गंगवलिया बन स्थित सोमवार के दिन गंगेश्वर धाम के समीप बाबा गंगेश्वर का दर्शन कर लौटने के दौरान एक पिकअप व भक्तों से भरा टेंपो में जोरदार टक्कर हो गई । जिसमे चार पुरुष व दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों मे जयप्रकाश कुमार उम्र 18 वर्ष पिता राजनारायण सिंह ग्राम बाराडीह थाना कोचस, भोला चौहान उम्र 55 वर्ष पिता नगीना चौहान ग्राम नौवा , गरीबन महतो उम्र 40 वर्ष पिता पुलकित महतो ग्राम चौथ बरहमपुर स्थान वर्तमान पता अशोका बिल्डकॉन गार्ड , पूजा कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता विनोद कुमार गुप्ता नगर पंचायत कोचस , रेखा कुमारी उम्र 20 वर्ष कोचस , व किट्टू कुमार उम्र 6 वर्ष पिता बबलू कुमार कोचस निवासी शामिल हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार के दिन श्रद्धालुओं से भरा टेंपो गंगवलिया बन स्थित गंगेश्वर मंदिर में दर्शन करा कर लौट रहा था कि कोचस से बक्सर की तरफ तेज रफ्तार में जा रही पिकअप ने टेम्पो मे जोरदार टक्कर मार दी , जिसमें आधा दर्जन शिव भक्त गंभीर रूप से घायल हो गए। मंदिर के आसपास मौजूद लोगों ने हादसे के बाद सभी घायल लोगों को आनन -फानन में निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस ले गए जहां ड्यूटी में तैनात पीएचसी प्रभारी डॉ तुषार कुमार ने सभी का इलाज कर स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम व बनारस भेज दिया है।

ऑटो-बाइक की टक्कर में 4 लोग बुरी तरह जख्मी

नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के बक्सर नहर लाइन पर पिकअप और बाइक के बीच जोरदार टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज जारी है।घटना संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की देर रात्रि को नोखा नहर के रास्ते से एक बाइक पर सवार होकर चार लोग अपने गांव गौरा तरफ जा रहे थे। इसी क्रम में एक पिकअप वाहन के चपेट में आ गए। जिस घटना में पूनम देवी,श्रीभगवान, प्रीतम कुमार सहित सरवन कुमार का बुरी तरह जख्मी घायल हो गए। जिनका इलाज जारी हैं।

बिस्कोमान भवन में अज्ञात चोरों ने खाद चोरी का किया असफल प्रयास

नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास बिस्कोमान भवन केंद्र में अज्ञात चोरों के द्वारा सोमवार की रात्रि दीवार में होल कर दो बोरा खाद चोरी का असफल प्रयास किया। बताया जाता है कि जब अज्ञात चोरों को स्थानीय लोगों को जागने भनक लगने लगा कि अगल-बगल लोग जग चुके हैं तो छोड़कर चोर भागने में सफल रहें इस घटना की जानकारी देते हुए बिस्कोमान भवन के कर्मचारी उपेंद्र राय ने बताया कि सोमवार को रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा बिस्कोमान केंद्र भवन में दीवाल में होल करके चोरी करने का प्रयास की गई लिखित आवेदन नोखा थाना को दिया गया थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद पुलिस गंभीरता से लेते हुए इस मामले के जांच में जुट गई है।

विद्युत कनेक्शन कटने के बाद भी बिजली चोरी में लगा जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास)। बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा प्रदीप कुमार प्रजापति ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-शिओबाहर के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर मनोज शर्मा पर 49921 तथा ग्राम सूर्यपुरा के पप्पू कुमार मेहरा पर 14294 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं से आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत नटवार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह में 39 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

पटना से भभुआ जा रही बस खाई में पलटी यात्री घायल

कोचस (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के नौवां कॉलेज के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बस पलट गई जिसमे बस में सवार यात्री गंभीर रूप से चोटिल हो गए जबकि दो की स्थिति चिंताजनक है। घटना के बारे में बताया जाता है कि यात्रियों से भरा बीडी परिवहन बस पटना से भभुआ के लिए जा रहा था तभी नौंवा कॉलेज के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पड़े गीले मिट्टी पर फिसलने के कारण बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चाट में पलट गई। बस में कुल 20 यात्री सवार थे। घटना मंगलवार की अहले सुबह 3 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद सभी घायलों को कोचस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व निजी क्लीनिक में इलाज के बाद सासाराम मे रेफर किया गया। डॉ तुषार कुमार ने बताया कि ग्राम बलथरी थाना कोचस जिला रोहतास निवासी दीपक राय तथा भगवान राय गंभीर रूप से घायल थे। जिन्हें स्थिति चिंताजनक बताकर सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया। बस पलटने के बाद बस विद्युत पोल से टकरा गई, जिससे कि बड़ी घटना घटने से बाल बाल बच गई । वहीं विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो जाने से दिनारा व पुरहरा फिटर का विद्युत बाधित हो गई। वहीं पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन कर रही है।

चच चच

बीस सूत्री मांगों का ज्ञापन बीडीओ को सौपा

नोखा (रोहतास)। बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आहवान पर नोखा प्रखंड के सभी मुखिया भी 15 दिन का कार्य का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर चले गए.इसको लेकर मंगलवार को हथनी पंचायत सह मुखिया संघ अध्यक्ष दयानंद सिंह के नेतृत्व में बीस सूत्री मांगों का ज्ञापन बीडीओ मनोरमा कुमारी को दिया। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दयानंद सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों के अधिकारों में की जा रही कटौती के खिलाफ प्रदेश मुखिया संघ के आहवान पर प्रखंड के मुखिया भी 16 से 31 अगस्त तक हड़ताल एवं कार्य का बहिष्कार कर रहे है। मुखिया संघ ने बीस सूत्री प्रमुख मांगे इस प्रकार है। ग्राम पंचायत को 73वां संविधान संशोधन के अनुरूप प्रदत 29 अधिकारों को पूर्ण रूपेण ग्राम पंचायत को जाए, ग्राम सभा की रक्षा हेतु ग्राम सभा से पारित निर्णयों को शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए,ग्राम सभा से चयनित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए व सरकार ग्राम सभा में अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करे, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में ब्रेडा असफल हो चुकी है इसे पुनः ग्राम पंचायत को सौंपा जाए एवं इस योजना का नाम ग्राम प्रधान सोलर स्ट्रीट लाइट योजना रखा जाए,पंचायत सरकार भवन के निर्माण में पूर्व में ही एलआरईओ असफल साबित हुई है। जिसे हटाकर ग्राम पंचायत को जिम्मा पुनः दिया जाए। वही मुख्यमंत्री नल जल योजना का कार्य पूरी तरह बाधित है। इसे पीएचडी से हटाकर वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के हवाले किया जाए। ग्राम पंचायत त्रिस्तरीय प्रतिनिधियों का मानदेय भत्ता में बढ़ोतरी की जाय,ग्राम पंचायत के मुखिया एवं अन्य प्रतिनिधियों को उनकी सुरक्षा हेतु आवश्यकता अनुसार उनके मांग पर शस्त्र लाइसेंस निर्गत किया जाए, पंचायत में बंद पड़े कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत दाह संस्कार एवं दफन से पहले भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। सभी तरह के सामाजिक सुरक्षा बृदधा पेंशन, विधवा पेंशन एवं मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन के चयन का अधिकार ग्राम सभा को दिया जाये। ग्राम पंचायत को पुनः जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का अधिकार दिया जाए, अपराधियों द्वारा हत्या कर दिये गये मुखिया के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए, एवं ऐसी घटना में घायल मुखिया को इलाज का पूर्ण रूपेण सरकारी खर्चे से कराया जाए सहित अन्य मांगे थी। मौके पर चितरंजन तिवारी ,दीनानाथ राय,पूजा कुमारी , सुनीता गुप्ता, हिना देवी, रंजित पासवान अनिशा कुमारी , सरस्वती देवी, कलावती देवी मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह बब्लू गुप्ता पप्पू पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नहर डॉग समीप पुल में अनियंत्रित होकर टेंपो पलटी

नोखा (रोहतास)। आरा-सासाराम मुख्य पथ पर पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित नहर पुल पर सुरक्षा पुल टूटने के बाद भी उसका निर्माण नहीं कराया गया। जिसके कारण हमेशा दुर्घटनाओं को आमंत्रण देता रहा है। लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर द्वारा इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। जिसकी लापरवाही से बड़ी घटना टली। जिस घटित घटना में सोमवार को ऑटो चालक की दिलेरी देखने को मिली। जहां उसने अपनी जान की बाजी लगा नहर में गिरे दो स्कूली बच्चों की जान बचाई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सोमवार को बिक्रमगंज से नोखा आने के क्रम में एक ऑटो में ज्ञान केंद्र स्कूल के दो बच्चें को लेकर आ रहा था। इसी क्रम में नोखा नहर डग पुराना पुल पर अचानक एक बाइक के सामने आते ही ऑटो चालक का बाइक चालक को बचाने के क्रम में पानी भरे नहर में जा गिरा। जिसकी खबर मिलते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वही ज्यादा पानी होने के बाद भी पानी में गिरे हुए बच्चों को ऑटो चालक ने निकाल उन्हें ऑटो के छत पर बैठाया। जो अपनी जान की परवाह किए बिना घायल अवस्था में ऑटो चालक ने दोनों बच्चों को निकाला जबकि वहां पर कई लोग मौजूद रहे सिर्फ देखते रहे कई लोग वीडियो बनाते रहे लेकिन ऑटो चालक द्वारा जिस दिलेरी का परिचय दिया वह काफी साहस भरा काम है क्योंकि घटना के बाद ऑटो चालक भाग जाते हैं लेकिन इस ऑटो चालक ने दोनों बच्चों को निकाला और खुद ही घायल अवस्था में वही प्रेषित हो गया जिसकी पहचान पूर्व थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी अमित कुमार चालक रूप में की गई जॉकी बच्चों को निकलते हुए अचेत हो गया वह शिव मंदिर के कतर धरता पप्पू कुमार सिंह ने न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिराज के लाया जहां पर की प्राथमिक नोखा केंद्र में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए एंबुलेंस से सासाराम रेफर कर दिया गया।

ख़ास ख़बर

रामगढ़ नगर पंचायत कार्यालय पर विकास समिति की हुई बैठक, होल्डिंग चार्ज और आवास योजना सहित अन्य योजनाओं पर बनी सहमति

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रामगढ़ (कैमूर) । रामगढ़ - रामगढ़ नगर पंचायत कार्यालय पर आज विकास समिति की बैठक की गई जिसमें नगर पंचायत रामगढ़ में लागू किए जाने वाली योजनाओं पर प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें मुख्यतः नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना, सम्राट अशोक भवन एवं आंतरिक शुल्क जैसे होल्डिंग, पार्किंग, वेंडिंग जोन इत्यादि शामिल था जिसे बैठक में मौजूद सभी वार्ड पार्षदों ने ध्वनिमत से अपनी सहमति दी। वहीं वार्ड 5 के वार्ड पार्षद कमला तिवारी ने विभाग के जेई पर कार्य नहीं करने का आरोप लगाया तथा कहा कि पिछले एक माह से हमारे वार्ड में नल जल की व्यवस्था ठप पड़ी है कई बार शिकायत करने के बावजूद भी जेई तथा मुख्य पार्षद द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया, बैठक में मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी सुधांशु कुमार ने तत्काल जेई को वार्ड 5 में मौजूद नल जल योजना को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। वही बैठक में मौजूद सभी पार्षदों ने पूर्व में दिए गए योजनाओं की जानकारी मांगी जिस में मुख्यतः सभी वार्डों में नल जल एवं नली-गली मुख्य योजना थी जिसके बारे में जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सभी योजनाएं टेंडर के लिए चली गई है टेंडर भी हो गया है लॉटरी निकलते ही जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। वही सभी वार्ड पार्षदों ने रामगढ़ नगर क्षेत्र में शौचालय एवं यूरिनल की व्यवस्था करने की बात कही जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि जगह चयनित किया जाएगा चयनित करने के बाद योजना आता है तो यूरिनल एवं शौचालय बनवाया जाएगा। मौके पर मुख्य पार्षद मंजू देवी, उप मुख्य पार्षद अकबरी बेगम, कार्यपालक पदाधिकारी सुधांशु कुमार, बड़ा बाबू मनोज रंजन सिंह, वार्ड पार्षद कमला तिवारी, अनुराग सिंह, आरती देवी सहित सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे

उच्च विद्यालय छबिलापुर का निरीक्षण

मंसूरचक, (बेगूसराय)। प्रखंड के साठा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय छबिलापुर का औचक निरीक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार राय ने करीब दो धंटा तक बच्चो की उपस्थिति,शिक्षक की उपस्थिति,मध्याह्न भोजन पंजी सहित विद्यालय भवन के कमर,कम्प्यूटर कक्ष की जांच किया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार चौधरी से विभागीय पूछ-ताछ की किया. निरीक्षण के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार राय ने बताया कि शिक्षक ससमय अपने कर्तव्य पर तटस्थ पाये गये, छात्र-छात्रा की उपस्थिति संतोषजनक पाया गया. मध्याह्न भोजन कीचन सेड, शौचालय, विद्यालय परिसर काफी ही साफ सफाई था. कम्प्यूटर कक्ष में सभी कम्प्यूटर चालू हालात में पाया गया. हर पहलुओ पर जांचोपरांत संतोषजनक पाया गया हैं. उक्त विधालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय के प्रति सजगता के साथ शिक्षा रूपी ज्ञान को परोशते हैं. सेवानिवृत संस्कृत के विख्याता पंडित रामचन्द्र झा ने कहा कि ऐसे ब्यक्तित्व के धनी ईमान, कर्तव्य के पुजारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार चौधरी के विद्यालय की बेहतर ब्यवस्था से सीख लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत हैं.

जीवन रक्षा के लिए वन विभाग के पदाधिकारियों ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में किया रक्तदान

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं। (कैमूर) भभुआं सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा रक्तदान किया गया। मुंडेश्वरी भवन परिषद पदाधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि दूसरों की रक्षा करना भी एक कर्तव्य है और लोगों से अपील किया कि रक्तदान सभी को करना चाहिए । संदीप कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में जीवन रक्षा के लिए रक्त दान किया गया वही रक्तदान करने वाले में विनीत कुमार वन परिषद पदाधिकारी मुंडेश्वरी वन पदाधिकारी संदीप कुमार सौरव कुमार अजय कुमार सहायक निरंजन कुमार एवं शिवम कुमार इत्यादि लोगों ने रक्तदान किया है।

मोनिका मिश्रा कोई स्कूल ने किया सम्मानित

सिवान संवादाता । प्री नेशनल में जगह बनाने वाली शूटर मोनिका मिश्रा को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। इस संबंध में बताया जा रहा है कि पिछले दिनों नालंदा के कल्याण बीघा में संपन्न हुए बिहार स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में मोनिका मिश्रा ने कांस्य पदक जीतकर प्री नेशनल में जगह बनाया था। गुठनी निवासी मोनिका मिश्रा को लोकमान्य तिलक हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। एनसीसी संतोष कुमार ने एनसीसी के तरफ से विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया तथा मोनिका मिश्रा को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया । बताते चलें कि मोनिका इसी विद्यालय में पढी और एनसीसी कैडेट रही है। सम्मान समारोह को संबोधित करती हुई ,मोनिका मिश्रा ने विद्यालय के बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने और उसको पाने के लिए सतत प्रयास करने की बात कही। मोनिका ने कहा कि हर परिस्थितियों में अपने लक्ष्य तक पहुंचने में लगे रहना चाहिए। जीवन में डिमोटिवेट करने वालों की संख्या अधिक है। इसलिए अपना ध्यान केवल और केवल लक्ष्य के तरफ होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार एवं एनसीसी शिक्षक संतोष कुमार ने चांदी का मेडल पहनाकर और मोमेंटो देकर मोनिका मिश्रा को सम्मानित किया।

मैरवा में एक साथ 71 स्कुलो का हुआ निरीक्षण, शिक्षको में मचा हड़कंप

मैरवा सिवान संवाददाता। शिक्षा सचिव केके पाठक ने जब से शिक्षा विभाग में पदभार ग्रहण किया है। तब से शिक्षा विभाग में खलबली मचा कर रख दिये है। एक से एक फरमान जारी कर उसका आदेश का पालन करवाने में जुटे है। इसी कड़ी में मैरवा के 71 स्कुलो का निरीक्षण एक साथ हुआ है। निरीक्षण की भनक मिलते ही शिक्षको में हड़कंप मच गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनिता कुमारी ने पत्र जारी कर 19 निरीक्षण पदाधिकारियो को 71 स्कूलो कि जांच कर दोपहर के 3 बजे तक रिपोर्ट बीआरसी में जमा करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण पदाधिकारी जनार्धन रजक ने प्राथमिक विद्यालय मैदनिया, सेवतापुर, सेवतापुर मौजे, भीसा टोला तथा गंगेश रंजन ने हरेराम हाई स्कुल मैरवा , मध्य विद्यालय स्तरोन्नत, कन्या मध्य विद्यालय, कन्या उच्च विद्यालय तथा हुस्नेयार खातून ने प्राथमिक विद्यालय परसिया बारी, नवादा, हरनाथपुर, कैथवली सहित अन्य निरीक्षण पदाधिकारियो ने जांच किया है। हालांकि बारिश होने के बाद भी स्कुलो में शिक्षको का सत प्रतिशत उपस्तिथी देखा गया। जनार्धन रजक ने बताया की 13 बिंदु के फॉर्मेट पर स्कुलो की जांच कर रिपोर्ट देना था। जिसमे शिक्षको तथा छात्रों की उपस्तिथि, मध्यान भोजन की गुणवत्ता शौचालय की साफ सफाई, पेयजल की सुविधा ,उपस्तिथ शिक्षको का हस्ताक्षर सहित अन्य बिंदु पर जांच करने का फॉर्मेट मिला था। आवंटित स्कुलो का निरीक्षण कर फॉर्मेट पर रिपोर्ट बीआरसी को भेजा गया।

टेम्पो सहित 67 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त एक गिरफ्तार

शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर। समेकित चेकपोस्ट पर पुलिस ने अंग्रेजी शराब लेकर जा रहे टेंपो सहित 67.14 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि समेकित चेकपोस्ट पर एक टेंपू यूपी की से तरफ आ रही था। तभी समेकित चेकपोस्ट पर मौजूद पुलिस द्वारा टेंपो की तलाशी लेने पर उसमें रखे अंग्रेजी शराब 8 पीएम 180 एमएल का 373 पीस शराब बरामद किया गया।गिरफ्तार तस्कर रोहतास जिला के दिनारा थाना अंतर्गत कुसही निवासी मुक्तेश्वर सिंह का पुत्र राजनीस कुमार बताया जाता है।

पटना समेत आधे बिहार में झमाझम बारिश:11 जिलों में हेवी रेन का अलर्ट

पटना। बिहार में मानसून फिर से मेहरबान हुआ है। पटना समेत आधे बिहार में झमाझम बारिश हो रही है।पटना में रातभर बारिश के बाद सुबह से बादल छाए हुए थे। 12 बजे के बाद अचानक से तेज बारिश शुरू हुई। मंगलवार सुबह ही समस्तीपुर, रोहतास, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, सुपौल,आरा, नालंदा, मुंगेर, बेतिया, कटिहार, पटना, बक्सर, शेखपुरा, औरंगाबाद में बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 9 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और मुजफ्फरपुर शामिल हैं। वहीं, दो जिले किशनगंज और पश्चिमी चंपारण में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में 26 अगस्त तक मानसून के एक्टिव रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 24 अगस्त को पटना, वैशाली सहित 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। फिलहाल दक्षिण बिहार के अधिकतर जिलों में गर्मी और उमस से लोग परेशान हैं। सोमवार को बादलों की आवाजाही के बावजूद बारिश की स्थिति नहीं बनी।

पटना में आज कैसा रहेगा मौसमः पटना में देर रात हुई बारिश के बाद आज सुबह से मौसम सुहाना बना हुआ था। 12 बजे के बाद से अचानक से बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग की माने तो आज दिनभर पटना में इसी तरह का मौसम रहने वाला है। वहीं पटना में कल यानी सोमवार देर रात बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। पटना का अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं थोड़ी देर की बारिश में एसके पुरी इलाके में जलजमाव की स्थिति बन गई। सड़क पर पानी भर गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार अगस्त महीने के पहले हफ्ते को छोड़ दें तो इस बार मानसून की सक्रियता बेहद कमजोर रही है। एक बार फिर से बारिश की कमी का ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ने लगा है। प्रदेश में अब बारिश की कमी का ग्राफ 32 प्रतिशत पर पहुंच गया है। 21 अगस्त तक सूबे में 690.9 मिमी बारिश होनी थी, लेकिन 470.7 मिमी बारिश हुई है।

प्रदेश में 22 से 26 अगस्त तक बनी रहेगी बारिश की सक्रियताः प्रदेश में 22 से 26 अगस्त तक मानसून की सक्रियता बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ जैसलमेर, कोटा, मध्यप्रदेश, रायपुर, गोपालपुर होते हुए पूर्व बंगाल की खाड़ी की ओर बना हुआ है। अगले दो दिनों के दौरान इसका प्रभाव प्रदेश के उत्तरी भागों में देखने को मिलेगा। इसके कारण उत्तरी भागों में बहुत भारी बारिश की संभावना है।

पटना में लड़की से बहस करते-करते चला दी गोलीः बोला- वीडियो बना रही हो, बना लो, मुझे किसी का डर नहीं; 6 राउंड फायरिंग की

पटना। पटना के मनेर में एक लड़की से बहस करते-करते युवक ने फायरिंग कर दी। इस वारदात का वीडियो भी सामने आया है। जहां दो युवक एक घर में घुसकर एक युवती से बहस कर रहे हैं। वहीं छत पर खड़ी एक युवती उनका वीडियो बना रही है। इस दौरान युवक छत की ओर देखते हुए कहता है कि वीडियो बना रही हो, अच्छे से बनाओ, मुझे किसी का डर नहीं है। फिर वो पिस्टल निकालता और ऊपर की ओर फायर कर देता है। हालांकि, इस हमले में युवती बाल-बाल बच गई है। मनेर थाना इलाके में करीब छह राउंड फायरिंग हुई है। दबंग युवकों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट भी की है। फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

जमीन को लेकर है विवादः घटना मनेर थाना क्षेत्र के नरहन्ना गांव में हुई है। जहां गांव के उदय शर्मा और अनिल सिंह के बेटे अविनाश कुमार उर्फ गंगाधर, चन्द्रहांस कुमार उर्फ सिट्टू कुमार के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। विवाद में दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना पहले भी हो चुकी है। उदय शर्मा और उसके भाई को मनेर पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सोमवार की शाम में उदय शर्मा के घर पर एक बार फिर अविनाश कुमार और सिट्टू कुमार पहुंच गए। उदय शर्मा की बेटी के साथ कहासुनी और अपशब्द कहने लगे। विवाद बढ़ा तो युवक ने फायरिंग कर दी।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारीः घटना की सूचना मनेर थाने को दी गई है। पीड़ित उदय शर्मा की पत्नी ने मनेर थाने में घटना का वीडियो पुलिस को दिया है। साथ ही मामले की लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी मामलों की जांच में जुट गई है। साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी शुरू कर दी है।

दो गांवो में अलग अलग मारपीट में सात घायल

दुर्गावती। थाना क्षेत्र के दो गांव से मारपीट की घटना सामने आई है जिसमें सात लोगों के घायल होने का समाचार मिल रहा है। मारपीट की घटना के बाद सभी घायलों को दुर्गावती के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उन सबों का प्राथमिक इलाज किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम छांवो में दलित समाज के लोगों ने आपस में ही मारपीट कर ली जिसमें चार लोग घायल हो गए। और वही प्रखंड के बडूरी गांव में दलित बस्ती के लोगों के द्वारा आपसी मारपीट में तीन लोगों की घायल होने की खबर है। सभी घायलों का इलाज कराए जाने बाद आपसी मारपीट में दोनों गांव के दलित समाज के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई । प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों गांव के दलित समुदाय से शांति बनाए रखने की अपील की तथा जांच का उचित आश्वासन दिया गया। आनन फानन में पहुंचे दोनो गांव के घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। पुलिस शांति बहाल रखने के लिए दोनों गांव के दलित समुदाय के लोगो पर कड़ी नजर बनाए हुए है ताकि कहीं से भी कोई अप्रिय घटना न हो।

परेशानी कई सालों से किसी मंत्री, विधायक की निगाह इनके दर्द को समझ सकी

बिन रोड मजबूर है जोरार महादलित बस्ती के लोग बरसात में तो होता है और बुरा हाल

रामगढ़ कैमुर। एक ओर जहां हम आजादी के 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। और डिजिटल इंडिया का सपना देख रहे हैं वहीं पर बिहार के कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंड के एक छोटा सा गांव जोरार है जहां के लोग आज भी सड़क के। अभाव में खेतों और कीचड़ के रास्ते में रोड पर रामगढ़ और दिलदारनगर बाजार में जाने के लिए गाड़ी पकड़ने के लिए आते हैं। कई सालों से ना तो किसी मंत्री अथवा विधायक की निगाह इनके दर्द को समझ सकी और नहीं उनकी व्यथा को ,इन नेताओं को समझ में आ सका रोड के अभाव में लोग बरसात के अलावा अन्य दिनों में तो किसी तरह रोड पर कर जाते हैं लेकिन ज्योहिं बरसात आता है लोगों का मन यह व्यथा से भर जाता है कि फिर पानी और कीचड़ में से होकर रोड पर जाना पड़ेगा बरसात आते ही स्वच्छता कर्मी जो की सभी के घर को के कचरो को समेटते हैं वह सफाई कर्मचारी भी अपने ठेलों के साथ उसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। कभी दो लोग पीछे से धक्का लगाते हुए नजर आते हैं तो कभी आगे से रस्सी बांधकर सफाई कर्मी के ठेलों को खींचते हुए नजर आते हैं। महादलित बस्ती आज भी रोड के अभाव में अपने आपको थगा हुआ महसूस कर रहा है गांव के ही नवयुवक अनित कुमार ने इसकी आवाज कई साल पहले उठाना चालू किया , यहां तक की जिला अधिकार की के जनता दरबार में भी उन्होंने रोड के आवेदन को डाला है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही होते हुए नहीं दिख रहा ,समाजसेवी एवं उसी गांव के वार्ड सदस्य के रूप में अनित कुमार ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी जाने का कई बार प्रयास किया लेकिन सही जानकारी नहीं होने के अभाव में वे मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शामिल नहीं हो पाए। अगर आजादी के बाद भी यह गांव रोड को लेकर अगर आजाद नहीं है तो सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे हर गांव में रोड, नल जल योजना, हर गांव में लाइट की व्यवस्था, इत्यादि धरातल पर दम तोड़ती हुई नजर आ रही है।

भभुआं प्रखंड के मुखिया जन प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं। (कैमूर) भभुआं - बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर ग्राम पंचायत के अधिकारों में कटौती के ख़िलाफ़ दिनांक 16/8/2023 से 31/8/2023 तक अपने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। इसके बीच कोई भी कार्य नहीं होगा सभी कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा वही आज भभुआ प्रखंड मुखिया जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय पर किया गया है। संदर्भ में जानकारी देते हुए भभुआ प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण पटेल के द्वारा बताया गया। कि हम अपने 19 सूत्री मांगों को लेकर ग्राम पंचायत को 73वां संविधान संशोधन के तहत प्रदत 29 अधिकारों को पूर्णरूपेण ग्राम पंचायत को सौंपा जाए।ग्रामसभा की रक्षा हेतु पारित निर्णयो का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। ग्राम सभा के चयनित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए, सरकार द्वारा ग्राम सभा में अनावश्यक हस्तक्षेप बंद की जाए।मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में ब्रेडा असफल हो चुकी है, इसे पुनः ग्राम पंचायत को सौंपा जाए।ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का वेतन भत्ता में बढ़ोतरी की जाए, मुखिया 10000 उप)मुखिया 7000 वार्ड सदस्य 5000 प्रति माह दिया जाए। इसके बीच हमारा कोई भी कार्य नहीं होगा हम सभी कार्य का बहिष्कार करेंगे। इन्हीं सब को लेकर आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भभुआ प्रखंड मुख्यालय पर किया गया है। मौके पर भभुआ प्रखंड के मुखिया जनप्रतिनिधि शामिल रहे ।

ख़ास ख़बर

वेलफेयर क्लब की हुई बैठक, की चर्चा

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी। गाज़ीपुर।वेलफेयर क्लब महिला प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक प्रधान कार्यालय पीरनगर पर हुई।जिसमे भाद्रपद मास में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले "कजरी महोत्सव" तथा मेंहदी प्रतियोगिता की तैयारियो पर विस्तृत चर्चा की गई। क्लब महिला प्रकोष्ठ सचिव शहाना जहां ने बताया कि कजरी महोत्सव अंतर्गत जनपद स्तरीय राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन 04 सितम्बर दिन सोमवार को नगर के रामदूत इंटरनेशनल स्कूल मिश्रवालिया के सभाकक्ष में प्रातः 9 बजे से किया गया है। जबकि जनपद स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन 10 सितम्बर को प्रस्तावित है। राधा कृष्ण रुप सज्जा प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के एल केजी से कक्षा-4 तक के छात्र-छात्राएं राधा-कृष्ण का वेश धारण कर प्रतिभाग करेंगे। क्लब पीआरओ सूर्य रेख मणि ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में बच्चो के रूप-सज्जा तथा झूलनोत्सव का मूल्यांकन क्लब द्वारा गठित तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना स्थान प्राप्त पुरस्कारों का वितरण आयोजन स्थल पर ही किया जायेगा। साथ ही प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जायेगा। इसी प्रकार मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 04 से स्नातकोत्तर तक की छात्राएं तीन वर्गों में हिस्सा लेंगी जिसके रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म स्कूलों के अतिरिक्त क्लब द्वारा निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध है। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 05सितम्बर है। इस अवसर पर क्लब उपाध्यक्ष धीरेन्द्र त्रिपाठी, सुषमा यादव, डा० जितेन्द्र कुमार, अजय यादव, प्रमोद बिन्द, राहुल प्रताप मिश्र, रामनाथ कुशवाहा, रामकुमार विश्वकर्मा, उपस्थित रहे । बैठक की अध्यक्षता क्लब महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रिंकू यादव ने किया।

पंद्रह हजार इनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी गाजीपुर। थाना करंडा पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्यवाही,15000 का वांछित इनामियां, शातिर अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 22.08.2023 को थानाध्यक्ष करंडा प्रशांत कुमार चौधरी मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चाडीपुर तिराहे से आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विशाल यादव पुत्र लालचन्द्र यादव नि0 ग्राम दवोपुर मड़ई थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

महावीर जुलूस एवं नाग पंचमी का पर्व सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया। साठी थाना क्षेत्र में महावीर जुलूस एवं नाग पंचमी का पर्व सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। महावीर झंडा का पर्व शांतिपूर्ण हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन की जगह-जगह तैनाती देखी गई।साठी थाना के हिंगुलहर, भेडीहरवा, भभटा,गोपालपुर,सिरिसिया, हैसवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में महावीर अखाड़ा एवं पूजा समितियां के द्वारा निकाले गए जुलूस पर थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने पैनी नजर रखे हुए थे।महावीर झंडा जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से साठी थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर साठी थाना के थाना अध्यक्ष उदय कुमार के द्वारा पुलिस की तैनात की गई थी। इस महावीर अखाड़े व जुलूस में युवाओं के द्वारा जमकर ठकरा,लाठी भजना एवं विभिन्न प्रकार के अपना करतब दिखाए गया।वहीं कई जगहों पर मेला को भी आयोजन किया गया।जिसमें हर वर्ग के लोगों ने जमकर मेले का लुफ्त उठाया।साठी थाना क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया नाग पंचमी का त्यौहार। त्योहार को शांति पूर्वक मानने को लेकर कडी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम साठी पुलिस के द्वारा किया गया। नाग पंचमी के दिन के सुबह से ही लोग साफ-सफाई करके नाग देवता का लावा दूध चढ़ा कर पूजा अर्चना किया। ऐसी मान्यता है कि नाग देवता की पूजा अर्चना से नाग देवता प्रसन्न होते हैं। वही थाना क्षेत्र में युवाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया। लोग आनंद में डूबे रहे। साठी थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की थाना क्षेत्र के सभी जगह शांतिपूर्वक महावीरी आंकड़े की जुलूस निकाला गया व नाग पंचमी का त्योहार संपन्न हुआ।

हर हाथ को काम देगा "स्वावलंबी भारत अभियान"

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम "स्वावलंबी भारत अभियान" की रूपरेखा तय करते हुए आज मंगलवार को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर कमला गर्ल्स डिग्री कॉलेज में भारत को स्वावलंबी बनाने के लिए युवाओं के बीच उद्यमिता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अजय आनन्द, जिला सह-समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान, गाजीपुर, मुख्य अतिथि विनोद अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, गाज़ीपुर, अंकेश शुभम पाण्डेय, विद्यार्थी प्रमुख, काशी प्रांत, स्वावलंबी भारत अभियान, प्रबंधक संतोष श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक गरिमा श्रीवास्तव, निसार अहमद, प्यारे मोहन श्रीवास्तव, अमित सिंह, सुरेश शर्मा, अमित मिश्र, विवेक जायसवाल एवं सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत अंकेश शुभम पाण्डेय जी ने की जिसमे उन्होंने मुख्य विषय "स्वावलंबी भारत अभियान " के महत्व पर प्रकाश डाला एवं संगठन की इस कार्यक्रम के प्रति प्रतिबद्धता को सुनिश्चित किया, मुख्य वक्ता के रूप में श्री अजय आनन्द जी ने सभी युवाओं से संवाद किया एवं अभियान को कैसे गति प्रदान करें, इसकी रूपरेखा खींची। उन्होंने रोज़गार और स्वावलंबन के क्षेत्र में भविष्य और उभरती सम्भावनाओं को युवाओं के बीच रखा। उन्होंने युवाओं को आश्वासन देते हुए कहा कि संघ, शासन, संगठन सभी आपकी मदद करने को तत्पर हैं एवं इस विषय से सम्बन्धित किसी भी चुनौती को सभी मिलकर हल करने के लिए प्रस्तुत हैं। हम आज के कार्यक्रम के बाद भी आपसे सम्पर्क में रहेंगे एवं आपको किसी भी स्तर पर हम अकेला नहीं छोड़ेंगे। समृद्ध भारत के लिए समृद्ध गाज़ीपुर का होना बेहद ज़रूरी हैं। मुख्य अतिथि श्री विनोद अग्रवाल जी ने भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से किस प्रकार खुद को स्वावलंबी बनाया जाए, इस पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में ही ऐसा हो पाया कि इतने सारे लोग बैंकिंग सिस्टम से जुड़ गए, एवं वित्तीय समावेश हो पाया, किसी भी अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ उस व्यवस्था का बैंकिंग सिस्टम होता है। यह मोदी सरकार ही है जिसने आज कोलैट्रल फ्री लोन उपलब्ध करवाने की व्यवस्था उस वर्ग को भी उपलब्ध करवाई है, जिसे बैंकिंग सिस्टम अनुत्पादक समझता था। यह आम जनता की सरकार है। धन्यवाद ज्ञापन अंकेश शुभम पाण्डेय ने किया।

माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगेस्टर के मामले में बहस पूरी, 28 को होगा फैसला

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गाजीपुर। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक केस में मंगलवार को फैसला नहीं आ सका। विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट ने फैसले के लिए 28 अगस्त की तिथि तय की है। मामले में सरकारी वकील की ओर दिए गए प्रार्थना पत्र पर न्यायाधीश ने नई तारीख तय की। विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट में करंडा थाना इलाके में दर्ज आरोपी मुख्तार अंसारी के विरुद्ध गैंगस्टर के मामले में शेष बहस पूरी हो गई है। इससे पहले छह मामलों में मुख्तार अंसारी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई जा चुकी है।

चोरी के वारदात एक सप्ताह होने के बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

शुभ भास्कर संवाददाताख, बगहा। पुलिस जिला अंतर्गत बगहा थाना क्षेत्र के छोटकीपट्टी गांव में 12 अगस्त 23 शनिवार की मध्य रात्रि में चोरों ने तीन घरों में 30 लाख रुपए की चोरी का वारदातें दिया।जो इस घटना ने गांव वालों का निंदे उड़ा दिया है। वहीं गृह स्वामी मिथिलेश तिवारी का कहना है कि घटना को बिते लगभग एक सप्ताह हो गया है,जो अभी तक चोरों की कोई सुराग़ नहीं लगा। पुलिस भी मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि छोटकीपट्टी गांव निवासी मान सिंह,अखिलेश तिवारी और विनय सिंह के घरों में शातिर चोरों ने लगभग 30 लाख रुपए का जेवारात निडर होकर चोरी कर भाग निकला।जब घर के लोग सुबह में सो कर उठा तो देखा कि अलमीरा का ताला और जंगले की खिड़की तोड़ दिया गया है, कपड़े इधर उधर बिखरा पड़ा है।जो सभी लोगों के घरों में अलग अलग ढंग से चोरी किया गया था। किसी का घर के जंगला काटा गया है तो किसी के ताला काटा गया है। घटना की जानकारी नगर थाना को दिया गया, जो सुचना मिलते ही थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने तुरंत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है, जल्द ही चोरों को इस तरह की वारदात खुलासा कर लिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस में पुलिस की व्यस्तता थी,अब वही देखना है कि पुलिस की सक्रियता से कब तक खुलासा हो पाता है। अगर ज्यादा बिलंबता होती है तो चोर कहीं गिरफ्त से बाहर न हो जाए।

जाने किस वजह से क्षत्रिय महासभा और ग्राम प्रधान संगठन हुआ आमने-सामने

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी गाजीपुर। रविवार को क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल आडियो व विडियो के सन्दर्भ में भड़सर ग्राम प्रधान के खिलाफ तहरीर दिया था कि ग्राम प्रधान के द्वारा क्षत्रिय समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस बात की सूचना मिलने पर बिरनो थाना क्षेत्र के भडसर गांव निवासी भाजपा के बिरनो मंडल महामंत्री और भड़सर ग्रामप्रधान बिनोद गुप्ता द्वारा अपने ग्राम सभा के तीन लोगों पर अभद्र टिप्पणी और गाली देने के मामले समेत जान से मारने की धमकी की तहरीर लेकर ग्राम प्रधान संगठन के साथ सैंकड़ो ग्रामीणों के साथ मंगलवार को बिरनो थाने पहुंच गयी। तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। ग्राम प्रधान विनोद गुप्ता ने थानाध्यक्ष से मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की है। इस मामले में बिरनो थानाध्यक्ष शैलेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला की भडसर गांव के तीन लोगों द्वारा जाति सुचक समाज पर अभद्र टिप्पड़ी के साथ साथ वैश्य समाज को सार्वजनिक रूप से गाली दिया है।जिसे ग्राम प्रधान संगठन व वैश्य समाज बर्दास्त नही करेगा।एक सप्ताह के भीतर यदि पुलिस द्वारा तीन लोगों की गिरफ्तारी कर जेल नही भेजा गया तो ग्राम प्रधान संगठन व वैश्य समाज के लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।इस मौके रामलाल उर्फ घुरा सिंह, श्यामसुंदर उर्फ टुनटुन सिंह ,झुनू सिंह,आकाश राजभर ,उमेश यादव ,मन्नू राजभर, विरेन्द्र सिंह गंगा राम,सहातिम राम , नागेन्द्र कुशवाहा, श्यामसुन्दर राजभर,जीता राम, सुर्यदेव राम अरविंद यादव, रामबचन राजभर कार्तिक प्रधान,हरिकेश यादव, अमरजीत राम, सुभाष राम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

रामनगर में महावीरी आँखड़ा जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया, महावीरी आँखड़ा को शांतिपूर्ण ढंग से सफल कराने में पुलिस पदाधिकारियों की अहम भूमिका। रामनगर में महावीरी आँखड़ा जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से समापन कराने के लिएए स डी पी ओ नन्द जी प्रसाद के दिशा निर्देश पर थानाध्यक्ष अनन्त राम के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक कपूरनाथ शर्मा , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चन्द्रगुप्त बैठा, सीओ विनोद मिश्रा , कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेष अवस्थी समेत अन्य पुलिस अधिकारी शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते रहे । वहीं भगत सिंह चौक पर तबरेज आलम भी पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। वहीं प्रशासन को हर कदम सहयोग करने वाले नगर परिषद ब्रान्ड एम्बेसडर सदाकान्त शुक्ला, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक ओबैदुर्रहमान ,सुरेन्द्र यादव, एलाउद्दीन राईन समेत अन्य गणमान्य लोगों की भूमिका सराहनीय रहा। रामनगर के शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी शान्तिपूर्ण तरीके से एकता भाईचारे को कायम करते हुए हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने जमकर कला का प्रदर्शन कर लाठी डंडे का करतब दिखाए और पदाधिकारियों समेत गणमान्य लोगों की वाहवाही बटोरे । रामनगर तुरहा टोली आँखड़ा अध्यक्ष सह नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि नागेन्द्र साह ने नगर परिषद क्षेत्र के आँखड़ा कमिटी से अपील कर शांतिपूर्ण ढंग से आंखड़ा जुलूस को समापन कराने में अहम भूमिका निभाए ।

इंटरसिटी एक्सप्रेस के कैंसिल होने से कई स्टेशनों पर लिच्छवी एक्सप्रेस का ठहराव

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर । लिच्छवी एक्सप्रेस के ठहराव दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन पर होने से आम लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। वही इस सिलसिले में रेलवे विभाग के डीसीआई मऊ अखिलेश सिंह से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि गोरखपुर से वाराणसी जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 30 अगस्त तक कैंसिल है ।इसमें यात्रियों के सुविधाओ को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लिच्छवी एक्सप्रेस का ठहराव दुल्लहपुर ,सादात, ओडिहार ,सारनाथ 30 अगस्त के लिए अप डाउन दोनों का किया गया है। 30 अगस्त के बाद लिच्छवी एक्सप्रेस का ठहराव कैंसिल हो जाएगा। मालूम हो कि लिच्छवी एक्सप्रेस दिल्ली जाने के लिए क्षेत्र की लोकप्रिय ट्रेन है। इसको लेकर पूर्व में कई राजनीतिक दलों ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से भी ठहराव की मांग किए थे लेकिन ठहराव नहीं हो सका। आज सुबह एकाएक दुल्लहपुर स्टेशन पर ठहराव होते स्थानीय लोगों में चर्चाएं होने लगी थी।

महावीर झंडा में जुलूस को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया। नागपंचमी, महावीरी झंडा त्योहार के दौरान बगहा के रतन माला में आपसी विवाद की सूचना प्रशासन को मिली। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। इस घटना के संबंध में कई प्रकार की अफवाह कतिपय लोगों द्वारा फैलाई जा रही थी। जिसमें मुख्यतः हनुमान जी की प्रतिमा तोड़े जाने से संबंधित था। जाँच के क्रम में प्रतिमा सही पाया गया है। इसके साथ ही अन्य प्रकार के भी अफवाह फैलाये जा रहे थे, जो बिल्कुल सही नहीं थे। इस विवाद में तीन-चार लोगों को मामूली चोटें आयी है, जिनका ईलाज कराया गया है। फिलहाल चोटिल व्यक्ति ठीक हैं। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक, अमरकेश डी सहित अन्य जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही दोनों पक्षों के लोगों को समझाया गया कि आपसी सौहार्द, सद्भावना के साथ रहें। किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

जुलूस में करतब दिखाने में दो युवक झुलसे, किया गया रेफार

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया। बगहा के रामनगर में महाविरी जुलूस में करतब दिखाने के दौरान दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए ,जिसके बाद परिजनों द्वारा आनन फानन में स्थानीय पीएचसी में भर्ती करवाया गया,जहा मौके पर उपस्थित डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया, बता दें आपको की महावीरी झंडा के दौरान कुछ युवक करतब दिखाने लगे ,वह मुंह में पेट्रोल लेकर आग पर फेंक रहे थे तभी यह घटना हुई हैं ,जख्मी युवकों की पहचान नगर के चंद्रप्रकाश गुप्ता एवं ओमप्रकाश गुप्ता के रूप हुई हैं ।

चर्चा ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार के विशेष योजनाओं पर जदयू ने लोगों के साथ की विशेष चर्चा

शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। अनुमंडल के बगहा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत 3 वार्ड में जहां वार्ड नंबर 7 कैलाश नगर,13 शास्त्रीनगर और 18 गांधीनगर में रविवार को जदयू नगर अध्यक्ष बगहा जूगानू आलम की अध्यक्षता में ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी सह जिलाध्यक्ष भीष्म सहनी रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से मिलकर सूबे के मुखिया नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी भीष्म साहनी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी मदारियों का कुनबा है। जिस प्रकार मदारी लोगों को अपने हाथों की सफाई दिखाकर भ्रम में डाल देते हैं और यह सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि जो दिखाया गया है वही सच है। उसी प्रकार भाजपा भी लोगों को अपने भ्रम जाल में फंसा कर झूठ को सच मान लेने को मजबूर कर देती है। वाल्मिकीनगर विधानसभा प्रभारी राकेश सिंह ने लोकसभा और विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की अपील की। वहीं जिला महासचिव सह प्रवक्ता सह बगहा विधानसभा प्रभारी बिनोद कुमार कुशवाहा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया। नगर अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम 31 अगस्त तक चलाया जायेगा।कार्यक्रम में विधान पार्षद सह जिलाध्यक्ष भीष्म सहनी,जिला उपाध्यक्ष बगहा नगर प्रभारी दयाशंकर सिंह,जिला महासचिव सह- प्रवक्ता, बगहा विधानसभा प्रभारी विनोद कुमार कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष सह-वाल्मीकि नगर विधानसभा प्रभारी राकेश सिंह,जिला महासचिव जनाब अब्दुल गफ्फार साहब, जदयू के वरीय नेता मिथिलेश पति तिवारी,किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुन्ना सिंह,किसान प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष धीरज कुमार साहनी,जदयू वरिया नेता हरिशंकर कुशवाहा,नगर उपाध्यक्ष राजू शाह,लालबाबू साहनी,धर्मेंद्र कुमार गिरी, बंधु शाह, राजेंद्र साहनी, शंभू साहनी, लक्ष्मीना देवी,अक्लिमा खातून,अमरेश कुमार, सोना देवी,भोलू कुमार, संतोष राम, कलामुद्दीन अंसारी, मौज लाल प्रसाद कुशवाहा, उमेश साहनी, बिगन बैठा, भागीरथी पासवान, नगीना यादव, रामजीत मुखिया, कृष्णा राम, उमाशंकर सोनी, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, विरजन बीन आदि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जमां खां साहब का भव्य स्वागत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर नवमनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जमां खां साहब का स्वागत समारोह आयोजित हुआ।कार्यालय समता भवन पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया ।इस स्वागत समारोह में जमां खां साहब का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा राज में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं पर हमलें हो रहे हैं । भाजपा देश के लोकतांत्रिक प्रणाली के विरुद्ध साजिश रच रही है। आज देश साम्प्रदायिक , तानाशाह और फिरकापरस्त ताकतों के चंगुल में फंस गया है।भाजपा सरकार के पास देश और प्रदेश के नौजवानों , किसानों और मुसलमानो की खुशहाली के लिए कोई योजना नहीं है । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी को धोखा दिया है।उन्होंने सभी की जिंदगी में अंधेरा फैलाने का काम किया है । युवाओं से नौकरी देने का झूठा वादा कर उन्हें ठगने का काम किया गया । किसानों की आय दोगुनी करने का वादा कर ठगने का काम किया।भाजपा सरकार सभी की रोजी रोटी बर्बाद करने का काम कर रही है।यह सरकार केवल समाज में मजहबी नफरत फैलाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में मशगूल हैं। भाजपा सरकार केवल झूठ परोसने का काम कर रहीहै। उन्होंने कहा कि यह सरकार न अगड़े की है न पिछड़े की है, न हिन्दू की है न मुसलमान की है। यह सरकार केवल पूंजीपतियों की है जो राष्ट्र की सम्पत्तियों को कौड़ी के दाम बेचकर उनकी और अपनी तिजोरी भरने में व्यस्त हैं। अपने स्वागत से अभिभूत नवमनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जमां खां साहब ने कहा कि आज देश की जनता लगातार बढ़ती मंहगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। गरीबों के चुल्हे की आंच धीमी पड़ गयी हैं मगर यह सरकार केवल पूंजीपतियों की खिदमत में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की साम्प्रदायिक नीतियों के चलते आज देश की गंगा जमुनी तहजीब खतरे में है।यह सरकार देश के लिए खतरा बन गयी है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 2024के लोकसभा चुनाव में हराकर बेदखल करना जरूरी है। इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से राज्य कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य रामधारी यादव, पुर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू यादव, आत्मा यादव,अशोक कुमार बिंद, मारकन्डेय यादव, निजामुद्दीन खां, सदानंद यादव, रणजीत यादव, शेर खां,सैय्यद खां,वसीम ख़ां,गोपाल यादव,रमेश यादव,जुम्मन खां,चन्द्रिका यादव, दिनेश यादव, बलिराम यादव,देवनाथ कुशवाहा, सुनील सिंह मुन्ना, कमलेश यादव, राकेश यादव , नन्दलाल यादव, छन्नू यादव,आन्नंद प्रकाश यादव, अमित कुमार यादव,सतिराम यादव,विजय यादव,पवन यादव, लड्डन खां, अशोक यादव आदि उपस्थित थे। इस स्वागत समारोह का संचालन जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

ख़ास ख़बर

घोर लापरवाही बरतने पर वार्डन सहित अन्य स्टाफ पर मुकदमा दर्ज

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश गोंण्डा । सोमवार को देर शाम तकरीबन 9 बजे जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय परसपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया विद्यालय में 100 के सापेक्ष केवल 11 छात्राएं ही उपस्थित मिली। जब डीएम ने वार्डेन से अन्य छात्राओं के बारे में वार्डन से जानकारी ली तो वार्डेन द्वारा कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। डीएम ने आवागमन रजिस्टर चेक किया तो उसमें छात्राओं का आवागमन का विवरण भी अंकित नहीं मिला। निरीक्षण के समय अन्य स्टाफ पीआरडी जवान व चौकीदार भी विद्यालय में उपस्थित नहीं मिले। पीआरडी जवान एवं चौकीदार के पास गेट पर किसी भी प्रकार का आवागमन रजिस्टर नहीं मिला। निरीक्षण के दौरान पता चला कि वार्डेन द्वारा 17 अगस्त से कक्षा सात एवं आठ की छात्राओं की उपस्थिति दर्ज नहीं की गयी है। वार्डेन द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर फर्जी उपस्थिति भेजकर धनराशि का भुगतान कराया जा रहा था। विद्यालय में हो रही इस घोर अनियमितता को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर बीएसए ने वार्डेन सरिता सिंह वार्डेन, पूर्ण कालिक शिक्षिका सुषमा पाल, चौकीदार विष्णु प्रताप सिंह एवं पीआरडी जवान दिलीप कुमार मिश्रा के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पति-पत्नी के झगड़े को पुलिस ने कराया खत्म, पति-पत्नी एक साथ रहने को हुए राजी

दैनिक शुभ भाष्कर गोंण्डा । आवेदिका किरण पत्नी अजय कुमार कोरी नि0 ग्राम अचलपुर थाना वजीरगंज गोण्डा द्वारा महिला हेल्प डेस्क थाना वजीरगंज में प्रार्थना पत्र दिया कि प्रार्थिनी की शादी करीब 06 वर्ष पहले अजय कुमार कोरी पुत्र रामराज ग्राम अचलपुर के साथ हुई थी प्रार्थिनी की एक बच्ची है व प्रार्थिनी गर्भवती है प्रार्थिनी के पति किसी अन्य महिला से बातचीत करते हैं तथा उससे शादी करना चाहते हैं पत्नी की तहरीर पर मौके पर पति को जरिए दूरभाष महिला हेल्प डेस्क द्वारा थाने पर बुलाया गया महिला हेल्प डेस्क तैनात म0का0 वर्षा सिंह व म0का0 पूनम सिंह द्वारा पति व पत्नी को समझाया गया समझाने पर पति और पत्नी एक साथ रहने को राजी हो गए और आपसी सहमति से इस बात पर सुलह समझौता कर लिया की पति अब किसी अन्य महिला के साथ संबंध ना रखते हुए अपनी पत्नी व बच्चों के साथ हंसी-खुशी जीवन यापन करेगा। पुलिस के इस कार्य की आम जनमानस में काफी प्रंशसा की जा रही है।

दो सगे भाईयों के बीच घर के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाया, दोनों भाईयों नें गले मिलकर पुलिस को दिया धन्यवाद

गोंण्डा शुभ भास्कर । पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना व चैकी पर प्रतिदिन जनसुनवाई करने के निर्देश दिये थे।

जनसुनवाई के दौरान थाना कटराबाजार में थाना स्थानीय के ग्राम भिम्भापुरवा मौजा लखनापुर निवासी समयदीन व दद्दन पुत्रगण लल्लन के बीच घर के बंटवारे को लेकर हुए विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। कटराबाजार पुलिस द्वारा दोनो पक्षो को थाने में बुलाकर दोनो भाईयों की बातो को सुना गया व घर के बंटवारे के विवाद को वार्ता कर आपसी सहमति से निस्तारण कराया गया।

खुद को जिंदा साबित करने के लिए एक साल से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही थी शोभावती

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी । गोंण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा के प्रयासों का प्रतिफल है कि एक साल बाद शोभावती एक बार फिर जिंदा हो गई। यह सुनने में अटपटा जरूर लगेगा लेकिन सच है। असल में, करीब डेढ़ साल पहले 75 वर्ष शोभावती को सरकारी दस्तावेजों में मृत दिखाकर उनकी वृद्धावस्था पेंशन रोक दी गई थी। तब से शोभावती लगातार खुद को जिंदा साबित करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहीं थी। मामला संज्ञान में आने के बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तत्काल कार्यवाही के आदेश जारी किए। नतीजा, शोभावती को जीवित मानते हुए वृद्धावस्था पेंशन का लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पति के देहांत के बाद पेंशन ही है एक सहारा मामला मनकापुर विकासखण्ड के उपाध्यायपुर ग्रंट का है। यहां की निवासिनी 75 वर्षीय शोभावती के पति जगदंबा प्रसाद का देहांत हो चुका है। करीब डेढ़ साल पहले अधिकारियों ने शोभावती को भी कागज में मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद उनको वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शोभावती के लिए पेंशन ही एक सहारा था। जिसके बंद होने से वह लाचारी व बेबसी भरी जिंदगी काटने के लिए मजबूर हो गई। ऐसे में खुद को जिंदा साबित करने के लिए यह बुजुर्ग महिला बीते करीब एक साल से विकासखण्ड से लेकर जिला मुख्यालय तक के चक्कर लगा रही थी। बीते दिनों यह प्रकरण जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इस प्रकरण में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि महिला को बीती 22 अगस्त 2022 में पेंशन जारी की गई थी। उसके बाद ब्लॉक स्तर पर किए गए सत्यापन में महिला के मृत होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर पेंशन रोक दी गई। प्रकरण पहले भी सामने आया है। विभागीय स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

महिला की शिकायत पर दस्तावेजों में संशोधन करके वृद्धावस्था पेंशन के लिए प्रकरण प्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही महिला की पेंशन अन्य लाभार्थियों के साथ ही लखनऊ से उसके खाते में प्रेषित की जाएगी।

राजातालाब में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद

वाराणसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के कचनार गाँव निवासी व्यापारियों का पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे दो सगे भाइयों उनके पुत्रों सहित पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाद में पुलिस ने सभी 6 आरोपियों का शांति भंग की आशंका में चालान करते हुए सक्षम न्यायालय पेश कर दिया।राजातालाब क्षेत्र के कचनार गांव में पारसनाथ केशरी के पुत्र सगे भाई रामसागर केशरी, शिवसागर केशरी, आपस में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर झगड़ा कर रहे थे। विवाद और झगड़े की सूचना दोनों पक्षों ने पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे दोनों आरोपियों और उनके पुत्रों सहित पिता को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उत्तेजित होने लगे जिस कारण पुलिस ने शांतिभंग की आशंका देखते हुए दोनों सगे भाइयों और पिता सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।बाद में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों का शांति भंग की आशंका में मेडिकल करा कर चालान करते हुए सक्षम न्यायालय पेश कर दिया।

इंडियन बैंक के कलेक्ट्रेट शाखा में मनाया गया ग्राहक दिवस

दैनिक शुभ भास्कर गोंडा। इंडियन बैंक के कलेक्ट्रेट शाखा में मंडल प्रमुख हेमंत मिश्रा के सानिध्य में व शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक की अध्यक्षता में ग्राहक दिवस गोष्ठी आयोजित कर मनाया गया। वरिष्ठ प्रबंधक आलोक अग्रहरि ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा बैंक आप लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है, आपको शाखा में किसी भी प्रकार की असुविधा किसी भी कर्मचारी द्वारा हो, तो आप सीधे हमसे संपर्क कर समस्या का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि पीएम सम्मन निधि योजना के तहत 5 लाभार्थियों को इस मौके पर ऋण वितरण किया गया। गोष्ठी में सम्मानित ग्राहक जयप्रकाश यादव, राघवेंद्र यादव, दिव्यांशु तिवारी, आयुष तिवारी, प्रमोद कुमार, अंबर तिवारी, अमरजीत वर्मा, पवन जायसवाल आदि ने अपनी अपनी समस्याओं से बैंक प्रबंधन को अवगत कराया, जिसमें मुख्य समस्या आए दिन नेटवर्क न होना, सरवर का धीमी गति से चलना आदि रही। जिस पर प्रबंधक अंकुर त्रिपाठी ने कहा कि आपको हो रही असुविधा से हम चिंतित हैं, हमारी कोशिश है कि ग्राहकों को बिना समस्या के अच्छी से अच्छी सुविधा मुहैया कराई जाय। गोष्ठी में सहायक प्रबंधक प्रांजल त्रिपाठी, कीर्ति शेखर, मौसम कुमार, शिव कुमार, तुषार भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

अनुमंडल विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय कहलगांव ने हरीनकोल पंचायत के मुखिया को भेजा कारण बताओं नोटिस

कहलगांव । मामला जागरूकता कार्यक्रम के पत्र को लेने से इंकार करने और पत्र पावती को फाड़ने का है। पारा लीगल वोलंटियर सुभाष कुमार ने की थी सचिव से लिखित रूप में शिकायत, कार्यालय द्वारा फोन करने पर मुखिया ने कहा कि मैं सनकी व्यक्ति हुं। समिति की सचिव सह मुंसिफ श्रीमती शिल्पा प्रशांत मिश्रा हुई सख्त। पीएलवी के आवेदन पत्र पर लिया संज्ञान और मुखिया को भेजा कारण बताओं नोटिस। तीन दिनों में देना होगा स्वयं उपस्थित होकर जवाब नही तो होगी विधि सम्मत कार्यवाही, विदित हो की नालसा नई दिल्ली के निर्देशन में विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय कहलगांव के द्वारा सप्ताह के अंत में लोगों को कानूनी रुप से जागरूक करने के उद्देश से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं इसी कड़ी में बीते 20 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए पीएलवी के माध्यम से हरीनकोल के मुखिया को न्यायालय द्वारा पत्र भेजा गया था जिसे मुखिया के पिता द्वारा रिसीव किया गया था तदुपरांत मुखिया के आने पर उनके द्वारा पत्र पावती को फाड़ते हुए संबंधित पीएलवी के साथ दुर्व्यवहार किया गया और जागरूकता कार्यक्रम नही होने देने की बात कही गई । इस संदर्भ में जब कार्यालय प्रभारी द्वारा वस्तुस्थिति के संदर्भ में उन्हें कॉल किया गया तो मुखिया के द्वारा खुद को सनकी व्यक्ति बताता गया। PLV श्री सुभाष कुमार के आवेदन पर अनुमंडल विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय कहलगांव की सचिव श्रीमती शिल्पा प्रशांत मिश्रा ने कड़ा रुख अख्तियार किया है और संबधित मुखिया को कारण बताओं नोटिस भेज 3 दिनों के भीतर स शरीर उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा है। अगर मुखिया उपस्थित नही होते हैं तो उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी । विदित है कि एक जनप्रतिनिधि द्वारा सरकारी पत्र पावती फाड़ा जाना एक गंभीर विषय है।

आर्य फिटनेस जिम में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भागलपुर । शहर के अंतर्गत मिरजानहाट पथ के पूर्व शीतला स्थान चौंक स्थित छटपटी तालाब के सामने चल रहे आर्य फिटनेस जिम के एक साल पूरे होने पर मंगलवार को वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें जिम के पुरुष व महिला सदस्यों ने न केवल हिस्सा लिया,बल्कि इन सदस्यों ने क्रमवार बाजी मारकर आर्य फिटनेस जिम सेंटर की मान-सम्मान को बढ़ाने का काम किया ! आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की ओर से प्रथम रैंक पर रहने वालेलविश आनंद ने जहां 345 किलोग्राम का लिफ्ट किया,वहीं दुसरे रैंक पर राशिद परवेज ने भी 345 कि.ग्रा. का लिफ्ट किया।वहीं तीसरे रैंक पर रहने वाले आदित्य कुमार ने 340 कि.ग्राम लिफ्ट कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । इसके साथ ही महिला वर्गों में पुजा कुमारी 125 किलो ग्राम लिफ्ट कर प्रथम रैंक पर रहीं,तो दूसरे रैंक पर रहने वाली स्वीटी कुमारी ने 105 किलोग्राम का लिफ्ट कर संस्थान के मान-सम्मान को बढ़ाने का काम किया । वहीं इस मौके पर मौजूद आधुनिक यंत्रों से सुसज्जित आर्या फिटनेस जिम केन्द्र के संचालक कृष्ण कुमार आर्य उर्फ सोनू ने प्रतियोगिता में शामिल सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में हर फील्ड में फिट रहने का मूल मंत्र ही शारीरिक व्यायाम सबसे अच्छा जरिया है। आर्य फिटनेस इसी मूल मंत्र के साथ अपने जिम में आधुनिक मशीन के अलावा बेहतर ट्रेनर के साथ लोगों को ट्रेंड कर उनके शारीरिक चुस्ती फुर्ती बनाए रखने में सहयोग करती है। इस मौके पर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजीव रंजन आर्य उर्फ लल्लू साह ने कहा कि जीवन में फिट रहने मात्र से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने हेल्थ इज वेल्थ के लिये इस आधुनिक यंत्रों से सुसज्जित आर्य फिटनेस जिम सेंटर को संजीवनी बुटी बताया और कहा कि इस केन्द्र में आकर हम अपने आपको स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का फिटनेस सेंटर का जिले के इस दक्षिणी क्षेत्र में होना समय की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से अपने शरीर को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए इस फिटनेस सेंटर से जुड़ने का आग्रह किया और कहा कि इस फिटनेस केन्द्र में उन्हें कई ऐसे आधुनिक यंत्र देखने को मिले, जिससे हम फिट रह सकते हैं। इस मौके पर मिल्टन सिंह, किशोरी प्रसाद साह, पूर्व मुखिया उचित लाल सिंह, हौंडा शोरूम के अमित कुमार, अशोक प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी हीरालाल गुप्ता, गीता आर्या, जानकी देवी, अनीता देवी, सुबोध कुमार, अमन कुमार, मनीष कुमार, आदर्श सुमन, नृपेन्द्र सिन्हा, संजय हरि, मोजाहिदपुर थाना के एसआई अनिल सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने नई टेक्नोलॉजी के आधुनिक यंत्रों से सुसज्जित इस फिटनेस जिम केन्द्र की सराहना की।

पालीगंज में अपनी मांगों को लेकर लोहार जाती के लोगो ने किया पैदल मार्च

पालीगंजः– संवाददाता । मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर लोहार जाती के लोगो ने स्थानीय बाजार स्थित अरवल मोड़ से पैदल मार्च करते हुए अनुमण्डल कार्यालय पहुंचा। जहां एसडीओ जयचंद यादव को अपनी मांगों सम्बन्धी व्यापन सौंपा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पालीगंज बाजार स्थित अरवल मोड़ से लोहार जाती के लोगो ने पैदल मार्च शुरू किया। मौके पर मार्च का नेतृत्व कर रहे चंदन शर्मा ने बताया कि लोहार जाती पूर्व से ही मूल जाती है। जिसे जातीय जनगणना के दौरान कवार जाती के कोड में शामिल कर सरकार लोहार जाती का नामोनिशान मिटाना चाहती है जो बिल्कुल गलत है। वही हमसभी ने इस प्रकार की जाति जनगणना को बहिष्कार किये है। वही उन्होंने बताया कि हमारी मुख्य मांगे यह है कि लोहार जाती को मूल जाती करार देते हुए इसका निजी कोड दिया जाए। साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी 1976 की अधिसूचना लागू कर पहले की तरह अनुसूचित जाति में दर्जा बहाल किया जाए। उसके बाद यह पैदल मार्च पालीगंज अनुमण्डल कार्यालय पहुंचा। जहां अपनी मांग सम्बन्धी ज्ञापन एसडीओ पालीगंज एसडीओ को सौंपा। मौके पर शशि कुमार, मुन्ना विश्वकर्मा, पिन्टू कुमार, सोहराई मिस्त्री व विवेक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कृषि | 6 अगस्त से चल रहा गाजर घास जागरूकता सप्ताह आज दिनांक 22 अगस्त को संपन्न हुआ

कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा गाजर घास जागरूकता सप्ताह धूमधाम से मनाया गया

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश गोंण्डा । आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा दिनांक 16 अगस्त 2023 से चल रहा गाजर घास जागरूकता सप्ताह आज दिनांक 22 अगस्त 2023 को संपन्न हुआ । जागरूकता सप्ताह के अंतिम दिन कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को गाजर घास के बारे में जानकारी दी गई । डॉ. पीके मिश्रा प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने गाजर घास को जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बताया । गाजर घास में फूल आने से पहले कंपोस्ट खाद बनाकर खेती में प्रयोग किया जा सकता है । डॉ. रामलखन सिंह ने गाजर घास को मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक बताया । उन्होंने बताया कि गाजर घास से दमा, अस्थमा व त्वचा सम्बंधी बीमारियां होती हैं । खेत में बहुलता होने के कारण फसलों का उत्पादन गिर जाता है । डॉ. अजीत सिंह वत्स फसल सुरक्षा वैज्ञानिक ने बताया कि गाजर घास का अंग्रेजी नाम पार्थेनियम हिस्टोरोफोरस है । जाइकोग्रामा बाइकलरेटा कीट द्वारा इसका जैविक नियंत्रण किया जा सकता है । डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने बताया कि गाजर घास के समूल नाश के लिए जागरूकता अभियान चलाना अत्यंत आवश्यक है । ज्ञानदीप गुप्ता ने गाजर घास को मत्स्य तालाबों के लिए अत्यंत हानिकारक बताया । उन्होंने बताया कि मत्स्य तालाबों के बंधे पर गाजर घास होने से मछलियों में बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है । जागरूकता सप्ताह के अंतिम दिन कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों के साथ रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया । जागरूकता सप्ताह के अंतिम दिन गुरु वशिष्ठ महाविद्यालय में डॉ. रामलखन सिंह सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं को गाजर घास के संबंध में जानकारी दी गई । गुरु वशिष्ठ महाविद्यालय के छात्रों के साथ एक जागरूकता रैली निकालकर लोगों को गाजर घास के प्रति जागरूक किया गया । इस अवसर पर गुरु वशिष्ट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम गोपाल शुक्ला, रामसुरेश यादव अध्यापक, जुगल किशोर वर्मा अध्यापक,सोनू सिंह सहित प्रिंसी सिंह, क्षमा तिवारी, प्रतिभा वर्मा आदि छात्राओं ने प्रतिभाग कर गाजर घास के संबंध में जानकारी प्राप्त की ।

अयोध्या में नाग पंचमी एवं सावन के सोमवार के शुभ अवसर, शीतला माता के मंदिर पर हुआ भव्य एवं दिव्य भंडारा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। अयोध्या में नाग पंचमी एवं सावन के सोमवार के शुभ अवसर शीतला माता के मंदिर पर हुआ भव्य एवं दिव्य भंडारा आज बेगमगंज मकबरा स्थित शीतला माता के मंदिर में नाग पंचमी एवं सावन के सोमवार के शुभ अवसर पर भव्य एवं दिव्य भंडारे का आयोजन किया गया मंदिर के महंत श्री जयप्रकाश दास एवं पुजारी गौरव दास ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति यह भंडारा भव्य दिव्य रूप से किया जाता है जिसमें कई श्रद्धालु आकर के प्रसाद ग्रहण करते हैं महंत जयप्रकाश दास ने कहा कि इस ट्रस्ट के सभी सदस्य मिलकर भारी संख्या में एक साथ सहयोग करते हैं और इस भंडारे को विशाल रूप में कराते हैं इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि प्रसाद के रूप में हलुआ एवं चना का भोग प्रसाद के रूप में सभी श्रद्धालुओं को बाटा जाता है इस भंडारे में मुख्य रूप से बासु अग्रवाल ,अशोक मित्तल,भोला पांडेय, सुधा मित्तल, रत्ना जायसवाल, शशि गोयल का विशेष सहयोग रहा इस अवसर पर अधिवक्ता कंचन दुबे तथा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

खास ख़बर

धमनी गांव के दुकान में चोरी के घटना में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिक दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर। मधुपुर अनुमंडल के बुढ़ई थाना क्षेत्र के धमनी गांव में राशन दुकानदार बास्की प्रसाद बरनवाल के घर बदमाशों के द्वारा चाकू का भय दिखाकर नगदी समेत हजारों रुपए का जेवर चुरा लिया गया। पीड़ित राशन दुकानदार ने बुढ़ैई थाना में आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज करायी है | मामले में दुकानदार ने इसी थाना क्षेत्र के जरीडीह गांव निवासी चीकू खान को आरोपित बनाया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह अपने मकान पर एक राशन का दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं । प्रतिदिन की तरह 9 बजे रात को खाना खाकर सब परिवार सो गए | दूसरे दिन सुबह 5 बजे घर में उनलोगो को कुछ आवाज सुनाई दिया । पलंग के नीचे झांक कर देखा तो पता चला कि जरीडीह गांव का चीकू खान है ।शोर मचाने पर आरोपित चाकू भांजते हुए वहां से भाग निकला । इसके बाद वह दुकान के अंदर गए तो देखा कि गल्ला में रखा पैसा 11 हजार नगद और घर मैं रखें कानबाली, नाक का बेसरा, पायल आदि गहना समेत कई सामान चोरी हो गईं ।

अन्तर जिला प्रतियोगिता को फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 एवं 29 अगस्त को



दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/देवघर। मधुपुर अन्तर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता अगामी तीन सितम्बर से गढ़वा मे शुरू हो रहा है । इसकी जानकारी देवघर जिला फुटबॉल संघ के सचिव विष्णु टुडू ने पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया इस प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए देवघर जिला फुटबॉल संघ के लिए एक मजबूत टीम गठन किया जाना है।इसके लिए खिलाड़ियों का एक चयन सह प्रशिक्षण का कार्यकम अगले 28 एवं 29 अगस्त को शहर के पथरचप्टी स्थित आमबगान मैदान में रखा गया है। जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों को उस चयन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना है।ताकि हम जिले के लिए एक मजबूत टीम का गठन कर सके। साथ ही गत वर्ष जो खिलाड़ी अन्तर जिला प्रतियोगिता में भाग लिया था, झारखंड फुटबॉल संघ से उसके लिए प्रमाण पत्र भेजा गया है ।वह प्रमाण पत्र भी उस समय वितरण किया जायगा।

तीसरे दिन प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार के अग्रणी प्रोजेक्ट प्रशिक्षण दिया गया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर। शहर के 52 बीघा मोहल्ला स्थित टीटीसी प्रशिक्षण केंद्र में पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय विशिष्ट पाठ्यक्रम के स्पेशलाइज्ड कोर्स और वोकेशनल क्राफ्ट कोर्स के तीसरे दिन मंगलवार को प्रशिक्षुओं को जायंट व्हील, ट्री टॉप शेल्टर जैसे विभिन्न प्रकार के अग्रणी प्रोजेक्ट प्रशिक्षण दी गई। सभी सेमाफोर ध्वज का उपयोग करके संकेत देकर सुचना भेजने के तरीके सीखा। वे प्लेन टेबल विधि द्वारा फ़ील्ड मैप बनाने की प्रशिक्षण दिया गया। मलय नाथ टाई और डाई कौशल के विशेषज्ञ हैं, वह विशेष रूप से हमारे पाठ्यक्रम में हमारी व्यावसायिक टीम को टाई और डाई के बारे में प्रशिक्षित किया गया । साथ ही मधुस्थली विद्यापीठ के छात्र भी प्रशिक्षण केंद्र में आकर पाठ्यक्रम प्रशिक्षुओं से विभिन्न प्रकार के ज्ञान और कौशल प्राप्त किए और हमारी पायनियरिंग टीम द्वारा बनाए गए। हवाई रनवे पर सवारी करने में उन्हें बहुत मज़ा आया। मौके पर प्रशिक्षण प्रारंभ के पूर्व भारत स्काउट एंड गाइड का झंडा ध्वजारोहण किया गया । स्काउट प्रार्थना गीत प्रस्तुत की गई । शिविर में स्काउट के रोवर और रेंजर को अलग अलग विषयों पर प्रशिक्षण दी जा रही है। प्रशिक्षक शुभव्रत दास, पपिया भट्टाचार्य, अमिताभ त्रिवेदी,संगीता रक्षित, शिवानंद घोष, शारदा जयसवरिया प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने नए ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) का किया निरीक्षण

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, जामताड़ा शशि भूषण मेहरा ने समाहरणालय परिसर में बने नव निर्मित ईवीएम वेयर हाउस में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित इसीआईएल मेक एम3 बीयू, सीयू, वीवीपैट्स मशीन का एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्य का औचक निरीक्षण किया। इसीआईएल हैदराबाद के इंजीनियर्स द्वारा उक्त एफएलसी चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। एफएलसी कार्य विगत 17 अगस्त से चल रहा है जो कल दिनांक 23 अगस्त तक संचालित रहेगी साथ ही 24 को मॉक पोल राजनीतिक दलों के उपस्थिति में किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने ने संबंधित पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए एफएलसी कार्य पूर्ण करने के निदेश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एफएलसी जांच कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतेंगे, निर्धारित मापदंड का पालन कर इस कार्य को ससमय पूर्ण करें। आपस में समन्वय बनाकर एफएलसी कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने का निदेश दिया। वहीं उपायुक्त ने इसीआईएल हैदराबाद के इंजीनियर्स को निदेश दिया गया सभी ईवीएम की जांच अच्छे से करें। उनमें से जो इवीएम ठीक होगें उन्हें अलग रखा जाय और जिसमें तकनीकी खराबी होगी उसे ठीक करेगें। जो ईवीएम खराब होगें इसे अलग रखा जाएगा।

31 तक ई केवाईसी, लैंड सीडिंग एवं आधार सीडिंग करना सुनिश्चित करें संबंधित अंचल अधिकारी - उपायुक्त

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा। मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में कृषि एवं सम्बद्ध विभाग की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आहुत की गई ।जिसमें वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी अंचल अधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक से उपायुक्त ने पी०एम०- किसान, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना एवं खरीफ फसल आच्छादन से संबंधित किये जा रहे कार्य की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने पी०एम०- किसान योजनान्तर्गत समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियो को निदेश दिया इस योजना के लाभ से छूटे हुए सभी अवशेष लाभुकों का आगामी 31 अगस्त तक ई केवाईसी, लैंड सीडिंग एवं आधार सीडिंग करना सुनिश्चित करेगें। वहीं संबंधित अंचल अधिकारी के द्वारा समीक्षा के दौरान अंचल अधिकारी द्वारा बताया गया कि काफी संख्या में अवशेष बचे लाभुको का ई केवाईसी, लैंड और आधार सीडिंग एक ही परिवार अन्तर्गत होने के कारण नहीं किया जा रहा है। उपायुक्त ने उक्त समस्या के निष्पादन हेतु वैसे लाभुको को चिन्हित करते हुए इसकी सूची अविलम्ब कृषि विभाग, जामताड़ा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि राज्य स्तर को सूचित करते हुए उसे पोर्टल से हटाने का अनुरोध भेजा जा सकें एवं अनाधिकृत रूप से लाभ ले रहे लाभको से राशि की वसूली की जा सकें। अगर इस में किसी भी लाभुक के द्वारा साक्ष्य छुपा कर इसका लाभ लिया जा रहा है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जाय। इसके अलावा झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजनान्तर्गत समीक्षा के क्रम में बताया गया कि बैंक द्वारा अबतक पोर्टल पर अपलोड डाटा में से 8022 कृषको का ई केवाईसी नहीं हुआ है, जो अंचल वार फतेहपुर- 1156, जामताड़ा 1412, करमाटांड 849 कुण्डहित 1240 नाला 2095 एवं नारायणपुर 1270 है। कृषि विभाग, जामताड़ा द्वारा सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारियों को लाभुक एवं ग्राम वार कृषक सूची उपलब्ध कराई गई है।उपायुक्त ने इस संबंध में सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे ग्राम वार कृषकों को ई केवाईसी अविलम्ब कराना सुनिश्चित करें। वहीं अंचल अधिकारी करमाटांड द्वारा इस संबंध में उपायुक्त को इस संबंध में आ रहे कठिनाई के बारे में बताया गया कि बैंक द्वारा अपलोड डाटा में 1 ही राशन कार्ड से 1 लाभुक को माफी दिया जाना है, जिस कारण से लाभुक का ई केवाईसी नहीं हो पा रहा है। साथ ही लाभुक द्वारा एक से ज्यादा बैंक से ऋण लिया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने निदेश देते हुए कहा कि लाभुकवार स्पष्ट कारण सहित सूची उपलब्ध कराएं ताकि विभाग को समेकित प्रतिवेदन भेजा जा सकें। वहीं आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने खरीफ फसल आच्छादन काफी कम रहने पर चिंता व्यक्त किया गया तथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सही आंकड़ा विभाग को उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रखण्ड स्तर से उपलब्ध फसल आच्छादन आंकड़ा सही से कर्मी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि जिला के सभी निचली भूमि पर धान की रोपनी लगभग शत प्रतिशत हो गई है।व्हाट्सएप ग्रुप बनकर प्रतिदिन का रिपोर्ट दें, नहीं देने पर अनुपस्थित मानते हुए उस दिन का वेतन काटने का दिया आदेश। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा को निदेश दिया गया कि वे प्रखण्ड स्तर पदाधिकारी का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाये। जिसमें ये प्रतिदिन स्वयं के साथ क्षेत्र भ्रमण का जीपीएस फोटोग्राफ ग्रुप में भेजे। ताकि उनके द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्य का मूल्यांकन करें एवं उन्हें भी इससे अवगत कराएं। साथ ही संबंधित प्रखंड क्षेत्र से जिस पदाधिकारी/कर्मी द्वारा फोटोग्राफ नहीं भेजा जाएगा, उसको उस दिन अनुपस्थित मानते हुए उस दिन का वेतन रोक दिया जाय। साथ ही उस ग्रुप में कृषि एवं सम्बद्ध विभाग के जिला स्तरीय कर्मी को भी जोड़ा जाए एवं उनके द्वारा भी अपने-अपने विभाग रहे कार्य का जीपीएस फोटोग्राफ भेजने का निदेश दिया गया। वहीं बैठक में भूमि संरक्षण विभाग के समीक्षा के क्रम में भूमि संरक्षण पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अमृत सरोवर तालाब के साथ विभाग द्वारा निर्माण किये गये सभी तालाब की सूची आज ही जिला मत्स्य पदाधिकारी जामताड़ा को उपलब्ध कराएं साथ ही इसकी सूचना उन्हे भी उपलब्ध कराएं। इसके अलावा जिला पशुपालन पदाधिकारी, जामताड़ा को निदेश दिया गया कि वे गव्य एवं पशुपालन विभाग मे संचालित सभी योजनाओं को प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को भी इसकी सूची उपलब्ध कराये ताकि प्रखण्ड स्तर से किये जा रहे पशुशेड निर्माण एवं अन्य कार्य में संबंधित लाभुक को इसका लाभ दे पाये।इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि कम अवधि में विकसित होने वाले मत्स्य जीरा का वितरण किया जाए ताकि यहाँ के मत्स्य पालक को इसका लाभ मिल सकें। साथ ही नई-नई प्रजातियों का भी प्रत्यक्षण किया जाए।उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे समय-समय पर किये जा रहे कार्य को आपस में साझा करे, जिससे उत्पन्न हो रही समस्या का तत्वरित निष्पादन संभव है एवं जिला के कृषक लाभान्वित हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित विभाग एवं पदाधिकारी आपसी समन्वय से पीएम किसान योजना एवं झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना में प्रगति लाएं। मौके पर कार्यालय प्रकोष्ठ में उपरोक्त के अलावा अपर समाहर्ता श्री सुरेन्द्र कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी रितु रंजन, जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो, अकाउंटेंट गणेश कुमार उपस्थित थे एवं सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीपीएम आदि वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

विश्व हिंदू परिषद ने किया कावड़िया का सेवा

दैनिक शुभ भास्कर प्रेम रंजन झा देवघर। बाबा बैद्यनाथ की पावन नगरी में श्रावण के शुभ अवसर पर शिव भक्त कांवरियों की अप्रत्याशित जनसैलाब से पूरा बाबा मंदिर और देवघर नगरी केशरिया रंगमय हो गया। विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल जिला इकाई देवघर के द्वारा संचालित निशुल्क सेवा शिविर में संगठन के सभी दायित्ववान सदस्यों के साथ साथ अन्य कार्यकर्ताओं एवं समाज के बच्चे युवा, बुजुर्गों ने अनवरत दिन-रात कांवरियों की सेवा भक्ति में लगे रहे। बोल बम के नारों से पूरा कांवरिया पथ गुंजायमान हो रहा था। सेवा शिविर की ओर से कांवरिया भक्तों के बीच नीबू पानी, सादा पेयजल, नीबू शर्बत, केला, सेव मखाना खीर हलुआ का वृहत पैमाने पर वितरण किया जा रहा है। संगठन के सदस्यों की सेवा भावना में शिव भक्ति की झलक देखने को मिल रहा है, दूसरी ओर कांवरिया भक्त भी सेवा भावना को देख काफी सराह रहे है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष 23 मधुपुर एवं सारठ एवं 24 तारीख को देवघर में करेंगे विशाल जनसभा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता। झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी का आगमन 23 तारीख को मधुपुर एवं सारठ की धरती पर होने जा रहा है। बाबूलाल मरांडी 23 को मधुपुर एवं सारठ एवं 24 तारीख को जसीडीह हाई स्कूल के मैदान आरोग्य भवन रोड में होगी विशाल जनसभा। इस जनसभा को लेकर पूरे शहर में पार्टी का झंडा एवं बैनर लगाया जा रहा है। साथ ही साथ 23 तारीख को शाम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जोरदार स्वागत पांडे दुकान पर कार्यकर्ता करेंगे। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जी देवघर परिषदान में रात्रि विश्राम होगा। इस कार्य हेतु कार्यकर्ता की एक अति महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जी के सफल कार्यक्रम हेतु अपने अपने सुझाव दिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने कार्यकर्ताओं में जनसभा के माध्यम से जोश भरने का काम करेंगे और 2024 में झारखंड से हेमंत सरकार उखाड़ फेंकने का काम सभी कार्यकर्ता मिलकर करेंगे और 2024 में फिर से कमल फूल खिलाएंगे केंद्र एवं राज्य में फिर से सरकार बनाएंगे इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष राकेश न रोने प्रज्ञा झा पंकज सिंह भदोरिया सचिन सुलतानिया डॉ राजीव रंजन सिंह जूनियर बाबूलाल मरांडी रूपा केसरी मिथिलेश सिन्हा निरंजन देव सुनील यादव जयप्रकाश सिंह सजय राय राजन सिंह सुमित्रा मुरमुर रीता राज विकास कुमार प्रमोद राय उचित राय माधव शर्मा अनिल कॉल धनंजय तिवारी अमनदीप गोलू बजरंगी साह उमाशंकर प्रजापति राजीव कुमार इत्यादि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आवासीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को खिलाया गया आईडीए की दवा



दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामताड़ा के अंतर्गत जामताड़ा प्रखंड के आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दुलाडिह, अनुसूचित जनजाति विद्यालय दुलाडिह एवं आश्रम विद्यालय पर्वत बिहार के मौजूद सभी छात्र छात्राओं को आईडीए का दवा खिलाया गया। आईडीए का दवा खिलाने के पहले एमपीडब्ल्यू मनोज तिवारी ने सभी छात्र छात्राओं को आईडीए के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं खाना खाने के बाद दवा का इस्तेमाल करने के विषय में बताया गया। साथ ही साथ यदि किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो उस प्रतिकूल प्रभाव के विषय में बताया गया एवं ऐसी स्थिति में मेडिकल टीम की मदद हम कैसे लेंगे यह भी बताया गया। मंगलवार के इस प्रोग्राम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कुल 200,अनुसूचित जनजाति विद्यालय में कुल 185 एवं आश्रम विद्यालय में कुल 236 यानी कुल मिलाकर 621 छात्र-छात्राओं को दवा खिलाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, देश के प्रति लोगों को जागरूक करना- सांसद सुनील सोरेन

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जामताड़ा में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा सांसद सुनील सोरने ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने इस कार्यक्रम को काफी महत्वपूर्ण बताया। विदित हो कि पूरे देश भर में मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस मौके पर जेबीसी हाई स्कूल प्रांगण में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दुमका से भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने फीता काटकर किया। मौके पर स्कूल के शिक्षक के साथ स्कूल के बच्चे भी भारी संख्या में मौजूद रहे।प्रदर्शनी में चित्र के माध्यम से मेरी माटी मेरा देश के बारे में किया गया है। इस प्रदर्शनी में देश के महापुरुषों और देश के विभिन्न इतिहास को चित्रांकन कर प्रदर्शित किया गया। इसके जरिए लोगों को अपने देश के प्रति, देश की मिट्टी के प्रति जागरूक किया गया। इस प्रदर्शनी में काफी संख्या में स्कूली छात्र पहुंचे थे। इसे देख कर उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, देश के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसके साथ देश के बारे में जानना है और इस देश की मिट्टी के लिए जिन्होंने संघर्ष किया है उनके बलिदान के बारे में जानना है।

बाबू लाल के जनसभा को ऐतिहासिक बनाने को ले भाजपा ने की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। मंगलवार को संकल्प यात्रा के निमित्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जामताड़ा विधानसभा में 27 अगस्त को आयोजित होने वाले विशाल जनसभा को लेकर भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल के नेतृत्व में गांधी मैदान के समीप जामताड़ा भाजपा ग्रामीण मंडल एवं भाजपा एसटी मोर्चा मंडल के सक्रिय कार्यकर्ताओं का संयुक्त बैठक रखा गया। इस बैठक में आगामी 27 अगस्त को जामताड़ा विधानसभा पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाले विशाल जनसभा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर आपस में विचार विमर्श कर रणनीति बनाई गई। इस बैठक में सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि जामताड़ा विधानसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का होने वाला जनसभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएंगे। भाजपा एसटी मोर्चा के सक्रिय आदिवासी कार्यकर्ताओं ने दृढ़ संकल्प लिया है कि आदिवासी परंपरा के साथ बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया जाएगा एवं जामताड़ा विधानसभा के हजारों की संख्या में आदिवासी ग्रामीण भाई-बहन जनसभा में शिरकत करेंगे। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हम सबों के जननायक बाबूलाल मरांडी का आगामी 27 अगस्त को संकल्प यात्रा के निमित्त जामताड़ा विधानसभा के पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाले जनसभा को पूरे झारखंड स्तर पर ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी मंडलों में बैठक किया जा रहा है। इसी निमित्त आज समाज कल्याण समिति परिसर में भाजपा जामताड़ा ग्रामीण मंडल एवं एसटी मोर्चा सक्रिय सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से महत्वपूर्ण बैठक की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जामताड़ा विधानसभा में आयोजित होने वाले जनसभा को लेकर यहां के आम जनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह उमंग और जोश है। अभी से सभी कार्यकर्ता एवं आमजन बाबूलाल मरांडी का जनसभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए हर स्तर की तैयारी में जुट गए।

नाला पीडब्ल्यूडी में भाकपा जिला कमिटी की हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर सुस्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)। नाला पीडब्ल्यूडी में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉ सुबोध चन्द्र महतो ने की। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से सीपीआई के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया मौजूद हुए। इस दौरान देश की राजनीतिक रिपोर्ट राज्य कार्यकारिणी सदस्य पशुपति कोल के द्वारा पेश किया गया।इस अवसर पर सीपीआई के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव और कुछ राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए इन्डिया गठबंधन के तहत जिसमें सीपीआई भी है। कहा संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हटाओ देश बचाओ नारा के साथ व्यापक जनसमस्या महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार के सवालों को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान वाममोर्चा के तरफ से दिनांक 4 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सुखाड़ सहित किसान मजदूर का व्यापक समस्या, लूट खसोट को लगाम लगाने के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन के सफल क्रियान्वयन को लेकर कुंडहित अंचल कमिटी की बैठक 29 अगस्त को तथा 27 अगस्त को नाला एवं 28 अगस्त को फतेहपुर में बैठक निर्धारित की गई है। मौके पर कॉमरेड मानिक सोरेन, युद्धपति घोष, कृष्ण गोरांई, मिहिर मंडल, मनोरंजन हेम्ब्रम, बादल मंडल, गोपीनाथ मंडल, बबलू घोड़ोई, बिमल कांत घोष, जमशेद अंसारी, महादेव हांसदा, मंगल हांसदा, सत्य बेसरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

अच्छी खबर — बिजली आने जाने की सही सूचना न मिलने की शिकायत हमेशा

बिजली आने-जाने की जानकारी व्हाट्सएप ग्रूप से उपभोक्ताओं को मिलेगी

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल, जामताड़ा। बिजली आने जाने की सही सूचना न मिलने की शिकायत हमेशा ही उपभोक्ताओं को रहती है। इस कारण उपभोक्ता बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आक्रोशित भी रहते हैं। इसी वजह से जामताड़ा में बिजली विभाग के अधिकारियों ने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है। जिसमें उपभोक्ताओं को जोड़ा गया है। ताकि उन्हें बिजली आने-जाने, समय से बिल जमा करने अन्य उपयोगी जानकारी दी जा सके। अब बिजली घंटो गायब रहती है और बिजली कार्यालय का फोन नंबर नहीं जानते हैं या सटीक जानकारी नहीं मिलती है तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। बिजली विभाग ने जामताड़ा बिजली कार्यालय का नया व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर करीब एक हजार उपभोक्ताओं को जोड़ा है। इस व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए अब सभी सूचना मिलती रहेगी। गर्मी में बिजली कटौती होने पर बिजली कार्यालय पर उपभोक्ताओं का फोन घनघनाने लगता है। ऐसे में बिजली कार्यालय का फोन बहुत अधिक बिजी हो जाता है। जिससे जरूरी सूचनाएं अधिकारी भी बिजली कार्यालय से प्राप्त नहीं कर पाते हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एसडीओ विशाल शंकर ने जामताड़ा बिजली कार्यालय का व्हाट्सएप ग्रुप बना दिया है। जिसमें जामताड़ा के पीएचडी, बुधुडीह, गबड़ा, मिहिजाम, जामताड़ा वन एवं टू फीडर के उपभोक्ताओं को जोड़ा गया है। अब ट्रिपिंग तथा शॉट डाउन की जानकारी उपभोक्ताओं के व्हाट्सएप ग्रुप पर होगी। उपभोक्ताओं को समय पर ट्रिपिंग कटौती तथा शॉट डाउन की सूचनाएं देने के लिए लाइनमैन को लगा दिया गया है। वही व्हाट्सएप ग्रुप की निगरानी एसडीओ विशाल शंकर खुद कर रहे हैं तथा जेई एहसान अख्तर ओर रफीक आलम को पल-पल की जानकारी ग्रुप में देने के लिए कहा है। जामताड़ा बिजली कार्यालय का व्हाट्सएप ग्रुप बनने से जामताड़ा के उपभोक्ताओं को भी समय पर बिजली आने तथा जाने की जानकारी मिलती रहेगी। क्योंकि जामताड़ा बिजली कार्यालय को सप्लाई दी जाती है यही नहीं उपभोक्ता अपनी समस्या को एक लाइन में लिख कर डालेंगे। उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ विशाल शंकर ने बताया कि जामताड़ा बिजली कार्यालय का फोन बहुत बिजी रहता था व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उपभोक्ताओं को जोड़ दिया गया है। जो उपभोक्ता ग्रुप में जुड़ना चाहते हैं वह सीयूजी नंबर पर अपना नंबर दे सकते हैं।

कांग्रेस कमेटी की बैठक नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता देवघर। देवघर नगर कांग्रेस कमिटी की एक विशेष बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष रवि केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय एवं जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने भी भाग लिया। बैठक के विषयों पर समीक्षा की गई एवं उचित निर्णय लेते हुए दिशा निर्देश दिये गए। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय ने नगर के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव आसन्न है। इसकी तैयारी में लग जाना है। केन्द्र के भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी की विगत नौ वर्षों की सरकार से देश की आमजनों का मोहभंग हो चुका है। इस जुमले बाज सरकार ने देश वासियों को ठगने,छलने एवं उनके विश्वास को धोखा देने का काम किया है। धर्म के नाम पर आपसी मतभेद कराकर एक दूसरे के बीच नफरत फैलाकर लड़ाने,जातीय हिंसा कराने का काम किया। ताकि धर्म के आड़ में देश की सत्ता पर काबिज रहे और देश की परिसंपत्तियों को चंद पूंजीपति मित्रों के हवाले की जा सके। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि नौ वर्षों तक पूर्ण बहुमत की सरकार भ्रष्टाचारियों को पकड़ नहीं पाई,सजा नहीं दिला पाया,हिंदू राष्ट्र नहीं बना सका,संविधान बदल नहीं पाया,समान नागरिकता कानून लागू नहीं कर पाए। लेकिन चुनाव आने पर फिर से झूठे दलील देने लग गये। ताकि देश के भोले-भाले जनता को गुमराह कर सके,उन्हें बरगला सकें। भाजपा की नीति बन गई है जनता के द्वारा चुनी हुई गैर भाजपा सरकार को खरीद फरोख्त के बल पर, सीबीआई,ईडी, इनकमटैक्स आदि केन्द्रीय एजेंसियों को भेजकर गिराने का काम कर रही है। गलत जीएसटी और नोटबंदी तथा कोरोना के प्रकोप के कारण देश के गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान की स्थिति काफी खराब हो गई है। शिक्षा सामग्री, खाद्य पदार्थ दूध,दही,घी,आटा,चावल पर गब्बर टैक्स लगाकर, रसोई गैस डीजल,पेट्रोल आदि को मंहगाई की शीर्ष पर ले जाया गया है । नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार को तथा इनके चाल चरित्र को देश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है। इनके झूठ परोसने वाले सोसल मीडिया युनिवर्सिटी की सच्चाई को पहचान चुकी है। इस बार देश की जनता ने राहुल गांधी के निति सिद्धांतों एवं भारत जोड़ो यात्रा के मोहब्बत भरे पैगाम से प्रभावित होकर इंडिया गठबंधन की ओर निगाहें टिकाए हुए हैं। आने वाला दिन हमारा होगा देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता की होगी। नगर अध्यक्ष ने कार्यक्रमों के साथ सांगठनिक ढांचा की समीक्षा की तथा आगे की रणनीति बनाते हुए कहा कि नगर कमिटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य जोनल तथा वार्ड कमिटी के लोग बुथ कमिटी एक सप्ताह के अंदर बना लिया जाए। भारत जोड़ो यात्रा की बात आमजनों के साथ अभियान कार्यक्रम को लेकर हर कोई राहूल गांधी के संदेश को घर घर तक पहूंचाने का काम जारी रखें। हर बुथ पर तीस युथ खड़ा करने का काम जारी है। हर जोन एवं वार्ड स्तर पर बैठक की जाएगी। आने वाले हर चुनाव में नगर कांग्रेस मजबूती से खड़े होकर जीत दिलाने का काम करेगी। बैठक को प्रदेश सचिव राजेंद्र दास, मिडिया प्रभारी दिनेश कुमार मंडल, आल इंडिया पोलिंग बूथ कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के शासन को कोसने वाले लोग कांग्रेस के शासन में पले बढ़े और पढ़ें हैं। उन्हें यह जानकारी हो कि देश को आजादी दिलाने से लेकर पांच सौ छोटी बड़ी रियासतों को मिलाकर एक बड़ा भारत बनाया।

ख़ास ख़बर

डीपीओ सह बीईओ ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश

बड़हरिया/सिवान/ संवाददाता। बीपीएसी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2023 के तहत 24और 25 अगस्त को शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति हो जाने से शिक्षकों के अभाव में कई विद्यालय बंद होने के कगार पर पहुंच गये है। कुछ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति वीक्षक के रुप में हुई है तो कुछ शिक्षक खुद परीक्षार्थी हैं।विदित हो कि प्रखंड के नया प्राथमिक विद्यालय आलापुर, प्राथमिक विद्यालय पिपराहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय छक्काटोला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालापुर,नया प्राथमिक विद्यालय यमुनागढ़ के शिक्षकों की बीपीएसी परीक्षा में 24 व 25 अगस्त को सीवान चले जाने के कारण विद्यालय बंद होने की संभावना है। इसे देखते हुए डीपीओ एसएसए सह बीइओ अशोक कुमार पांडेय ने ऐसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को अविलंब सूचित करने का निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के वीक्षक या परीक्षार्थी के रुप में जाने के कारण यदि कोई विद्यालय पूर्ण रुप से बंद हो रहा है तो इसकी सूचना बीआरसी कार्यालय को दिया जाय,ताकि अन्य शिक्षकों का प्रतियोजन कर विद्यालय का संचालन कराया जा सके।

पुलिस ने छापामारी कर एक सौ चालीस पैकेट बंटी बबली शराब किया बरामद

बड़हरिया/सिवान संवाददाता। बड़हरिया थाना क्षेत्र के त्रिलोकाहाता से छापेमारी कर एक सौ चालीस बोतल बंटी बबली शराब किया बरामद।विदित हो कि गुप्त सूचना के आधार पर ए एस आई राजकुमार कश्यप ने छापेमारी कर बंटी बबली शराब बरामद किया।वही शराब के धंधेबाज भागने में सफल रहा।शराब धंधेबाज त्रिलोकाहाता गांव निवासी स्वर्गीय मोदी साह के पुत्र मैनेजर साह बताया जाता है। जिसके खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी तेज कर दी है।

पांच घरों से 25 लाख से अधिक की संपत्ति को हुई चोरी

सीवान । जिले के मैरवा थाना क्षेत्र के उड़ियाँनपुर गांव में रात को अज्ञात चोरों ने पांच घरों को अपना निशाना बनाया। और भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस चोरी में लगभग 25 लाख से अधिक की चोरी हुई है। इन सभी घरों में चोर छत और ग्रिल तोड़कर प्रवेश किए हैं और गोदरेज अलमारी तथा घर का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं। पांचों घरों में से आभूषण, कीमती वस्तुएं और नगद कैश की चोरी की गई है। पीड़ितों के माने तो रात 1: बजे से लेकर 3:00 बजे के बीच चोरी की घटना को अंजाम दिया है। 3 बजे के बाद ही घरवालों की इसकी भनक लगी है। जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। वही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक चोरों का पता नहीं लग पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया। की विगत दिन पहले भी चोरी हुई थी। इसको लेकर प्रशासन सक्रिय नहीं है। प्रशासन के लापरवाही की वजह से चोरों का मनोबल बढ़ा है और चोरी हो रही है। वही चोरी अक्षय लाल कुशवाहा,राजू शर्मा,विनोद सिंह, राजकुमार, केदार कुशवाहा के घर मे हुआ है।

प्रशिक्षण शाह संवाद शिविर से लौटे जदयू के वरीय नेता निकेश चंद्र तिवारी

सीवान संवाददाता। राज्य परिषद सदस्य जदयू के वरीय नेता निकेश चंद्र तिवारी जदयू के प्रशिक्षण संवाद शिविर राजगीर से लौटे उन्होंने बताया कि जदयू आने वाले समय में बिहार में पूर्ण लोकसभा सीट पर आएगी। जिसको लेकर लगातार पूरे बिहार में जदयू की लहर दौड़ रही है। बताया कि राजगीर... इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर... पार्टी के "प्रशिक्षण सह संवाद कार्यक्रम" में सिवान के साथियों संग सम्मिलित हुए और बहुत अच्छा लगा।

सिवान से राजगीर प्रशिक्षण शिविर मे शामिल हुए जदयू0 के दर्जनों साथी

राजगीर । आज जनता दल यूनाइटेड सिवान से राजगीर प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने सिवान के दर्जनों साथी शामिल हुए बताते चलेगी राजगीर के इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय जदयू0 कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ललन शराफ शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 अमरदीप ने प्रशिक्षण दिया जिसमे सिवान से पार्टी के राज्य परिषद सदस्य निकेशचंद्र तिवारी, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, प्रदेश महासचिव किसान रहमतुल्लाह अंसारी , जिला अध्यक्ष व्यवसायिक लालबाबु प्रसाद, जिला महासचिव रंजीत यादव आदि सामिल हुए ।

पार्थ पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट का हुआ शुभ उद्घाटन

महाराजगंज। अनुमंडल के अफ़राद मोड़ के समीप अफ़राद-गोरेयाकोठी पथ पर पार्थ मॉडर्न पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन डायरेक्टर दीपू कुमार, सीवान जिला के औषधि निरीक्षक अमित कुमार फायर ऑफिसर अजय कुमार पूर्व प्रमुख वाहेबुल उर्फ बिगु, डॉ रबिंद्र राय, पीसीएम राजकिशोर, अजय कुमार, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए पार्थ मॉडर्न पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ दीपू कुमार ने कहा इस इंस्ट्यूट को खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के युवा युवतियों को मेडिकल लाइन में रोजगार पाने की संभावनाएं दिखने लगी है।शहर में रहकर मेडिकल संबंधी पढ़ाई पढ़ना गरीब के बच्चों के बूते की बाहर की बात है।असंभावना को संभावना में बदलने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र में पार्थ पारा मेडिकल का संस्थान खोला गया है।गरीब के बच्चे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।सीवान के डीआईओ ने कहा इस तरह के संस्थान आज की युवा पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगी। जनसंख्या के अनुसार हमारे स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ऐसे संस्थान वरदान हैं।डॉ नीलम कुमारी ने कहा इस संस्थान के पढ़े-लिखे नौजवान युवा युवती स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी योगदान देकर समाज व देश की तरक्की में भागीदारी निभा सकते हैं।गोरेयाकोठी के पूर्व प्रमुख बहाबुल उर्फ वीगू ने कहा कि हमारे युवा इसी डिग्री के लिए बड़े-बड़े शहरों में जाकर मोटी मोटी रकम खर्च करते हैं।जहां उनका आर्थिक दोहन होता है। लेकिन इस प्रकार के संस्थान खुलने से हमारे ग्रामीण व नगर क्षेत्र के युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी मेडिकल कोर्सेज आसानी से करके स्वास्थ्य सेवाओं में अपना उर्जा को लगा सकते हैं।मौके पर भारी संख्या में क्षेत्र के गण्यमान्य व युवा पीढ़ी के युवा युवतियां मौजूद थीं।

19 सूत्री मांगों को लेकर मुखिया संघ ने मुख्यालय परिसर में दिया एक दिवसीय धरना

हसनपुरा (सीवान) । प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में 19 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया।इसके बाद अपनी मांग पत्र को बीडीओ राजेश्वर राम को सौंपा। मांगों में ग्राम सभा की रक्षा हेतु ग्रामसभा से पारित निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के क्रियान्वयन मे ब्रेडा असफल हो चुकी है।इसे गति प्रदान करने हेतु इसका क्रियान्वयन का जिम्मा ग्राम पंचायत को सौपने, ग्राम पंचायत में बंद पड़े कबीर अंत्येष्टि योजना सभी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना इत्यादि पर गति प्रदान करने, पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा हेतु आवश्यकतानुसार हथियार का लाइसेंस अभिलंब मुहैया कराने, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जनहित में बनाने का अधिकार पुनः ग्राम पंचायत को सौंपने, 15 वीं वित्त आयोग की राशि भारत सरकार ग्राम पंचायतों को अविलंब मुहैया कराने आदि शामिल है। धरना में मुख्यरुप से मुखिया इम्तियाज अहमद, अनिल कुमार राम उर्फ सोहन राम, नीरज कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सुरेश प्रसाद, मुर्शिद खान, मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन सिंह, विकास पांडेय, जयप्रकाश यादव, राजेश यादव, कलीम खान आदि उपस्थित थे।

गुठनीः प्रखंड कार्यालय पर मुखिया महासंघ ने दिया धरना

गुठनी सीवान। गुठनी ग्राम पंचायतों के अधिकार में कटौती के खिलाफ अपने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को मुखिया संघ ने प्रखंड कार्यालय पर धरना दिया। जिसका नेतृत्व मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री निवास गुप्ता ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 16 अगस्त से आगामी 31 अगस्त तक पंचायत के सभी कार्यों का बहिष्कार मुखिया महासंघ के आवाहन पर कर दिया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत के सभी प्रकार के सरकारी कार्यों और बैठकों का भी बहिष्कार किया गया है। उन्होंने बताया कि हम लोग अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर धरना के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मुखिया संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में 16 अगस्त को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी ग्राम पंचायत के मुखिया शामिल हुए थे। वही बैठक के बाद मुखिया संघ ने बीडीओ को एक 19 सूत्री मांग पत्र सौंप दिया था। जिसमें 16 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया राज्यव्यापी हड़ताल पर रहने की बात कही गई थी। वही इस संबंध में मुखिया संघ के अमित चतुर्वेदी, ललन राय, मुखिया, उदय प्रकाश राम ने बताया कि वेतन भत्ते में बढ़ोतरी, सुरक्षा समेत अन्य मांगों को लेकर मुखिया 16 दिन तक हड़ताल पर है।

प्रवीण मिश्रा बुलबुल का कांवर गीत बना सुपरहिट

सिवान संवाददाता। इस 2023 के सावन महापर्व के अवसर पर शिव भजन -भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा...एक ऐसा शिव भजन बन गया है जो लगातार रिकॉर्ड कायम कर दिया है। जिसको लेकर दिल्ली के टी-सीरीज कंपनी ने भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा गीत को सुपरहिट गीत घोषित कर दिया है। बताते चलें कि बिहार के सुप्रसिद्ध गायक प्रवीण मिश्रा बुलबुल का गाया यह शिव भोले का गीत सावन में लगातार धूम मचा रहा है। जिसको लेकर तमाम चर्चे लगातार पिछले महीने से ही होते रहे हैं । सिवान छपरा गोपालगंज समेत पूरे बिहार तथा देवरिया गोरखपुर महाराजगंज आजमगढ़ बलिया बक्सर बनारस मऊ गाजीपुर समेत उत्तर प्रदेश व दिल्ली चारों तरफ से आई रिपोर्ट के मुताबिक सिवान के स्थाई स्थानीय गायक प्रवीण मिश्रा बुलबुल के चारों तरफ चर्चे हो रहे हैं। जिसके बाद टी सीरीज कंपनी ने प्रवीण मिश्रा बुलबुल के इस गीत को सुपरहिट गीत का दर्जा देने की घोषणा की है। बताते चलें कि सावन के पहले सोमवारी पर ही प्रवीण मिश्रा बुलबुल का गाया हुआ गीत भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा.. धूम मचाने लगा था। धीरे-धीरे इस गीत में इतना जोर पकड़ा कि पूरे बिहार उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में परवान चढ गया । इस शिव भजन का धूम मच गया । जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया ।बताते चलें कि यह गीत भारत की नंबर वन कैसेट कंपनी सुपर कैसेट इंडस्ट्री और टी सीरीज ने पेश किया है। जिसमें प्रसिद्ध डायरेक्टर तथा एक्टर दीप श्रेष्ठ ने डांस किया है और संगीत मनोज बंटी का है। जिसको लगातार देवघर में तथा काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास लगातार बजाया जा रहा है। कांवरिया बम लोगों में भी भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा .... गीत का और बाबा के महिमा के चारों ओर शोर बा ,..यह गीत जलवा जमा चुका है। जो चर्चा का विषय है।

सिवान में मुखिया संघ ने 19 सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

सिवान संवाददाता । सिवान जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड संचल कार्यालय परिसर में मुखिया संघ के अध्यक्ष अजय चौहान के नेतृत्व में 19 सूत्री मांगों को लेकर मुखिया संघ ने धरना दिया बताते चलें कि अपने मांगों को लेकर लगातार मुखिया लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं मौके पर बागड़ा पंचायत के मुखिया दिलीप यादव समेत दर्जन मुखिया मौजूद थे जिन लोगों ने सरकार की नीतियों पर आक्रोश जताया तथा कहा कि यदि सरकार नहीं मानती है तो हम लोग पटना में जाम करेंगे लोकतांत्रिक तरीके से सरकार का विरोध करेंगे।

19 सूत्री मांगों को लेकर मुखिया संघ ने प्रखंड मुख्यालय पर दिया धरना

गुठनी। प्रखंड मुख्यालय पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्री निवास गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को एक दिवसी धरना दिया गया। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि 19 सूत्री मांग को लेकर मुखिया संघ ने प्रखंड मुख्यालय पर हड़ताल है। जो 31अगस्त तक जारी रहेगा। हमारी मांग ग्राम पंचायत के अधिकारो में हो रही कटौती को रोकने, सोलर स्ट्रीट लाइट के कार्यान्वयन की जिम्मेवारी ग्राम पंचायत को वापस करने, पंचायत सरकार भवन पंचायत को वापस करने, नल जल के कार्यान्वयन पीएचईडी से वापस वार्ड क्रियान्वयन एवम प्रबंधन समिति को सौंपने, मुखिया वार्ड सदस्य का मानदेय भता में बढ़ोतरी, मुखिया को कैप लगाकर आर्म्स लाइसेंस जारी करने, इंदिरा आवास के लाभुको का सर्वे कर सूची तैयार करने, टाइड अनटाइड को समाप्त करने, ग्राम सभा को स्वतंत्र करने, मनरेगा का सारा अधिकार पंचायत को सौंपने सहित अन्य मांगों के समर्थन में मुखिया संघ बेमियादी हड़ताल पर हैं। मुखिया लल्लन राय ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत के अधिकारो में लगातार कटौती कर धीरे धीरे मुखिया से सारा अधिकार एक साजिश के तहत छीनी जा रही है जो उचित नहीं है। इस मौके पर मुखिया रणजीत कुशवाहा, अमित चतुर्वेदी, विजय सिंह, नौमीलाल मांझी, सहित अन्य लोग शामिल रहें।

मैरवा में नाबालिग युवती ने ट्रेन के आगे कूद कर किया आत्महत्या का प्रयास, बाल बाल बची

मैरवा। सीवान भटनी रेलखंड के मैरवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पूर्वी अंतिम छोर पर एक 16 वर्षीय युवती ने मेला एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या का प्रयास की है। हालांकि युवती बाल बाल बच गयी है। वही ट्रेन के चपेट में आने युवती बुरी तरह घायल हो गयी। घटना सुबह 11 बजकर 10 मिनट की बतायी जा रही है। स्थानीय जीआरपी और आरपीएफ जवानों के मदद से घायल युवती को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दिया है। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में चीखपुकार मच गयी। और रोते बिलखते मैरवा स्टेशन पहुंचे। तबतक जीआरपी पुलिस अस्पताल में भर्ती करा चुकी थी। घायल युवती की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के नथुनी शर्मा के 16 वर्षीय पुत्री चंदा शर्मा के रुप में हुई। हालांकि युवती के द्वारा आत्महत्या की घटना के बारे में कुछ जानकारी नही मिल पायी है। परिजन कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे है।

देवकी फाउंडेशन एवं भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के द्वारा किया गया भंडारे का आयोजन

दरभंगा । देवकी फाउंडेशन एवं भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के द्वारा मनोकामना मंदिर के समीप सावन के 7वे मंगलवार को भी किया गया भंडारे का आयोजन। ये आयोजन संगठन के सदस्य व डायनेमिक बायोलॉजी क्लासेस के डायरेक्टर सुमित कुमार जो भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के सक्रिय सदस्य हैं। इनके सौजन्य से इस भंडारे का आयोजन किया गया और साथ में देवकी फाउंडेशन के ट्रस्टी का कहना है कि इस तरह का आयोजन सावन के बाद भी सभी मंगलवार को होता चला जाएगा। तो वही भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार द्वारा कहना है कि इस भंडारे के आयोजन से कई असहाय लोगों को लाभ मिल रहे हैं तो वहीं संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि इस भंडारे को प्रसाद समझकर सभी लोग ग्रहण करते हैं एवं मंदिर से आने के बाद इस प्रसाद को सभी लोग घर के लिए भी ले जाते हैं। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पुरेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ सजल कुमार यादव , प्रदेश महासचिव आर्य शंकर, प्रदेश सचिव मोहम्मद इम्तियाज, जिला अध्यक्ष प्रिंस परवेज, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनीत आठवानी, सुनील भारती, सदस्य आफताब, सुमित, कासिफ़, अभय कुमार मौजूद रहे

बैठक मुकदमे के सभी पक्षकारों को लोक अदालत में उपस्थित होना होगा

अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम संगीता रानी ने पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक किया

दैनिक शुभ भास्कर दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)। आगामी 9 सितंबर को होनेवाले तीसरे राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम संगीता रानी ने बेनीपुर के पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से विचार विमर्श करते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा करीब 150 सुलहयोग्य मुकदमों का चुनाव कर पक्षकारों को नोटिस भेजा गया है। प्राधिकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में पैनल अधिवक्ताओं की अहम भूमिका रहती है। इस लोक अदालत की सफलता के लिए भी हमलोग भरपूर प्रयास करें। शमनीय मुकदमों के पक्षकारों को बताया जाए कि लोक अदालत द्वारा मामले निपटाने के कितने फायदे हैं। समय की बचत, पैसे की बचत, दोनों पक्षों की जीत, आपसी भाईचारगी का बना रहना आदि फायदो को बताया जाये। एसीजेएम श्रीमती रानी ने कहा कि बिना नोटिस वाले सुलहयोग्य मुकदमों का भी निपटारा किया जाएगा। इसके लिए मुकदमे के सभी पक्षकारों को लोक अदालत में उपस्थित होना होगा। सभी न्यायालयों में प्रि काउंसलिंग की व्यवस्था भी है। इसलिए पक्षकार लोक अदालत से पूर्व भी न्यायालय में आकर समझौता कर सकते हैं। बैठक में पैनल अधिवक्तागण गजनफर अली खान, नवीन कुमार ठाकुर, सुशील कुमार चौधरी, राजनाथ यादव, नवलकिशोर, मो. हैदर अली, दिवाकर झा, देवकुमार चौधरी और शत्रुघन झा मौजूद थे।

नन्दकिशोर यादव हत्याकांड के मामले में पुलिस ने हथियार के साथ चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

समस्तीपुर/ दलसिंहसराय(दैनिक शुभ भास्कर नेशनल ब्यूरो सरफराज आलम) । अनुमंडल अंतर्गत उजियारपुर थाना क्षेत्र के शहवाजपुर गांव के समीप बीते ऐतिहासिक दिन 15 अगस्त को अहले सुबह पशु तस्कर से मुठभेड़ में शहीद मोहनपुर ओपी थानाध्यक्ष नन्दकिशोर यादव हत्याकांड के मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी विनय तिवारी ने सोमवार को घटनास्थल उजियारपुर थाना क्षेत्र के शहवाजपुर गांव के समीप हनुमान मंदिर स्थित घटनास्थल पर प्रेसवार्ता कर बताया कि बिगत 15 अगस्त को अहले सुबह पशु तस्करों के साथ मुठभेड़ में शहीद मोहनपुर थानाध्यक्ष नन्दकिशोर यादव वीरगति को प्राप्त हुए थे। हत्या का उद्भेदन एसआइटी टीम गठित कर टेन टॉप अपराधियों की सूची बनाई गई थी।जिसमें चार अपराधियों को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।छःअन्य बदमाशों को चिन्हित कर लिया गया है।जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसआइटी की टीम लगातार राज्य व राज्य के बाहर छापेमारी जारी है।साथ ही उन्होंने कहा कि बरामद हथियार को फोरेंसिक लैब में जांच कराई जायेगी ताकि अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। साथ ही बताया कि चोरों का एक संगठित गिरोह जो नालंदा जिला के रहने है। जिसमें 25-30 लोग शामिल हैं। जिसमें कई वाहन के साथ हथियार भी उपयोग करते है। ये लोग चोरी किए गए पशु को दो तरह से खपाते थे। जो पशु दूधारू नहीं होते, उसे कसाय बाजार कटाने के लिए भेज देते हैं। वहीं जो पशु दूधारू होती उसे विभिन्न एजेंट के माध्यम से बेचने का काम करते हैं। गिरोह के सदस्य अलग-अलग तरीके से कार्य को अंजाम देते थे। एसपी ने बताया कि पशु कहां काटे और बेचे जाते थे पूरी जानकारी मिल गई है। पूरे रैकेट की गिरफ्तारी के लिए संबंधित थाने की मदद ली जाएगी।गिरफ्तार बदमाशों की पहचान शान बिगहा के विकास कुमार, गराय बिगहा के मो० रईस, भवानी बिगहा के धनन्जय कुमार एवं खुसरूपुर थाना निवासी रवि कुमार के रूप में की गई है।जिसे जेल भेज दिया गया। वंही एसपी ने बताया कि शहीद दारोगा नंदकिशोर यादव के परिजनों को दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होने के उपरांत सरकार द्वारा सभी प्रकार के सरकारी लाभ 10 दिनों के अंदर दिलाने के लिए अलग से एसआइटी बनाया गया था।

ख़ास ख़बर

सदर मुखिया संघ के अध्यक्ष हरीभूषण प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित किया गया

दरभंगा। सदर मंगलवार को बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर प्रखंड मुख्यालय सदर दरभंगा में एक दिवसीय धरना सदर मुखिया संघ के अध्यक्ष हरीभूषण प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के समाधान हेतु लगातार संघ द्वारा 16 मार्च 2023 से आंदोलन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के अधिकारों में कटौती के खिलाफ संघ की बैठक में आंदोलन को तेज करने हेतु 16 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक मुखिया हड़ताल पर रहेंगे एवं 22 अगस्त 2023 को प्रखंड मुख्यालय पर मुखिया संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन में बिजुली मुखिया उषा देवी ,लोआम मुखिया मोहम्मद अकील फैजी ,अदलपुर मुखिया मोहम्मद इजतवा हसन बलहा मुखिया दीपनारायण पासवान,घोरघटा मुखिया शिवानी देवी,भालपट्टी मुखिया विनोद साहू, खरुआ मुखिया राजकिशोर मंडल,सारामोहम्द विमल देवी, खुटवारा मुखिया संगीता देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मानंद यादव ,जयराम ठाकुर, दिलीप राम अवतार शर्मा उपस्थित थे।

रावतभाटा नगर में महिलाओं ने निकाली चंबलेश्वर महादेव तक कावड़ यात्रा

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ / रावतभाटा। नगर की महिलाओं ने सावन के पवित्र मास में वार्ड नंबर 10 की चंबलेश्वर महादेव महिला मंडल कमेटी द्वारा महिला कावड़ यात्रा का आयोजन किया। महिला मंडल ने चंबल डैम से चंबलेश्वेर महादेव मंदिर तक भव्य कावड़ यात्रा निकाली।इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख व पार्षद मधुकंवर हाड़ा,आशादेवी शर्मा,कांता मीणा,लक्ष्मी मीणा,मंजू सुथार,गोखली बाई,मंजू शर्मा,सुषमा सुरेडिया,संतोष सोनी,पुष्पचंद्र मिश्रा,अंजना सिंह आदि महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का थाने चौराहे पर वार्ड नंबर 10 निवासियों ने भव्य स्वागत किया,स्वागत दौरान भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा,भगवान सिंह गौड़, दिनेश रेठूदिया प्रवीण लाड, बाबूलाल नायक, विष्णु सुथार, नेमीचंद ओड, बालचंद प्रजापत विष्णु राठौर भागीरथ राठौर रामविलास लोधा आदि ने स्वागत किया

कहरा कांग्रेस प्रखंड कार्यालय में स्व राजीव गांधी की जयंती आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर सुभाष चंद्र झा सहरसा। कहरा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय शिव बालक आश्रम में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि रविवार को आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। प्रखंड अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने सबसे पहले भारत को कंप्यूटर सहित अन्य नई टेक्नोलॉजी को लागू किया। जिसके कारण आज भारत को डिजिटलिकरण करने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न स्व गांधी ने ही 18 वर्ष की युवाओं को मतदान का अधिकार दिलाया वही दूरदर्शी विचार के माध्यम से भारत को नई ऊंचाई प्रदान की।उन्होंने देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए अपना बलिदान दिया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार झा, प्रदेश नेता रामसागर पांडे, संजय शर्मा, सुमन कुमार सिंह, जैन साहब, मुन्ना कुमार ने उनके बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लेते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

डॉ रणधीर राणा को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, लोगों ने दी बधाई

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान सुपौल में मिला प्रशस्ति-पत्र

छातापुर।सुपौल। शिक्षा विभाग इन दिनों सुर्खियों में है।जब से शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव के के पाठक आए है नित्य नए फरमान जारी होते रहा है।अपने कर्त्तव्य से लापरवाह रहने वाले शिक्षकों पर नकेल कसी जा रही है, वहीं कर्त्तव्यनिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित भी किया जा रहा है।गांधी मैदान सुपौल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चल रहे समारोह में राजकीय बबुजन विशेश्वर बालिका उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय, सुपौल के शिक्षक डाक्टर रणधीर कुमार राणा को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला पदाधिकारी कौशल कुमार और पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।इस अवसर पर अपर समाहर्ता रसीद कलीम अंसारी, सदर एसडीओ मनीष कुमार, सदर डीएसपी इंद्र प्रकाश, डीईओ सुरेन्द्र कुमार, डीपीओ (एसएसए) प्रवीण कुमार, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा महताब रहमानी आदि ने कहा कि गुरु ईश्वर तुल्य है। गुरु चाहे वह मां के रूप में हो या विद्यालय में शिक्षक के रूप में उनका सम्मान करना चाहिए। जो छात्र-छात्रा गुरु का सम्मान करते हैं उनका भविष्य उज्जवल होने से कोई नहीं रोक सकता है। इस उपलब्धि पर लोगों ने शिक्षक व साहित्यकार डॉ.रणधीर कुमार राणा को बधाईयाँ दी है।बधाई देने वालों में शिक्षक व युवा कवि नरेश कुमार निराला, प्रधानाध्यापक अमित कुमार, निरंजन कुमार, देवनारायण मुखिया, मुखिया रंजन कुमार भारती, प्रधानाध्यापक ब्रजनारायण कुमार, सतीश कुमार मंडल, संजय कुमार यादव, बबलू भारती, गुंजन भगत, मोहम्मद फैजुल्लाह, मोहम्मद इब्तेहाज, मोहम्मद अरबाज आलम, मोहम्मद अमजद अहमद, रीना कुमारी, पूनम यादव, नीलू कुमारी, सोनी कुमारी, निक्की कुमारी, रोजी कुमारी, फूल कुमारी,अमित राठौर आदि शामिल है।

फ्लोरोसिस की जांच शिविर

सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया ने बताया कि राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज मावली खंड के तुलसीदास जी की सराय गांव के विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के 180 बच्चों की फ्लोरोसिस की जांच की गई तथा इससे बचाव व उपचार के बारे में बताया गया । बच्चों को तंबाकू , गुटखा आदि खाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई। जिला फ्लोरोसिस सलाहकार सपना चौधरी ने बताया कि डबोक क्षेत्र के मोती खेड़ा विद्यालय के 98 बच्चों की दंतीय फ्लोरोसिस की जांच कर उपचार दिया गया । गांव के लोगों को फ्लोरोसिस से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

22 को मुखिया संघ करेगा कहरा प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

दैनिक शुभ भास्कर सुभाष चंद्र झा, सहरसा। रविवार को कहरा प्रखंड क्षेत्र के सिरादे पट्टी पंचायत में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र साह के नेतृत्व में रविवार को संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि उपस्थित हुए।जहां केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार नए नियमों का मुखिया संघ ने विरोध किया। बरियाही पंचायत के मुखिया सह संघ के प्रखंड उपाध्यक्ष संगीता कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई ग्रामसभा है।जिसे सरकार कमजोर करने में लगी है।सरकार इस नीति को मुखिया संघ द्वारा किसी भी कीमत पर कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बिहार के मुखिया संघ इस विषय पर काफी गंभीर है।जिसके कारण मुखिया 16 से 31अगस्त तक हड़ताल पर है।मौजूदा सरकार के सभी कार्यक्रम का मुखिया संघ बहिष्कार कर रहे हैं।वही इसके विरोध में 22 अगस्त को कहरा प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए।बीडियो को अपनी मांग पत्र सौंपेंगे।इस मौके पर मुखिया अरुण यादव,मुखिया लक्ष्मण राम, मुखिया ललन कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि गणेश गौरव पान, घनश्याम ठाकुर, ददन कुमार महतो, अमन कुमार झा, सहित अन्य मौजूद थें।

आजादी का जश्न आजादी के महानायकों को याद कर मनाएं: प्रदीप बालमुचू

चंदन कुमार गुप्ता डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड । तमाड़ - स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे के नेतृत्व में तमाड़ ब्लाक मोड़ पर झण्डोतोलन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राज्य सभा के पूर्व सांसद, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू ने तिरंगा झण्डा फहराया। उन्होंने ने कहा कि आजादी के महापुरुषों का जो सपना था उसे हम सबों को मिलकर पुरा करना है साथ ही कहा कि युवाओं को हर क्षेत्र में आगे आना होगा तभी देश प्रगति के रास्ते आगे बढ़ेगा। वहीं जिला के युवा कांग्रेस सह प्रभारी प्रमेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमें मिलकर आगे बढ़ना होगा और हर मुश्किलों का डट कर सामना करना होगा। कार्यक्रम को झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि अजय साहु युवा कांग्रेस की कोर्डीनेटर सीमा देवी प्रखण्ड अध्यक्ष संजय सेठ, विनीत सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बुधराम सिंह मुण्डा ने किया। गोपी सिंह ने अपनी आवाज से देशभक्ति गीत गा कर आजादी के महापुरुषों को याद किया। इस अवसर तमाड़ विधानसभा उपाध्यक्ष त्रिलोचन मुण्डा विधानसभा महासचिव चंदन गुप्ता, विधानसभा सचिव राजेश मुण्डा,लखिन्दर लोहरा,विक्रम प्रमाणिक रोशन कांति धर्मेंद्र तिवारी जितेन्द्र मुण्डा मधुसूदन प्रमाणिक , रोहित हजाम,सोनु सेठ सोहित हजाम, धनेश्वर मुण्डा,बसंत मुण्डा सरजु पातर मुण्डा चंदन सतकरमकार सुमित लाला उपेन्द्र मुण्डा भीम प्रमाणिक सुभाष मछुआ सुरज मुण्डा सोमरा मुण्डा,सुशील मुण्डा,निर्मल पुरान आदी लोग उपस्थित थे।

तमाड़ प्रखंड कार्यालय स्थित राजीव गाँधी भवन सभागार में मुद्रा लोन, किसान क्रेडिट कार्ड हेतू कैम्प का आयोजन

चंदन कुमार गुप्ता डिस्ट्रिक्ट रिपोर्टर, रांची झारखंड। तमाड़ः तमाड़ प्रखंड कार्यालय स्थित राजीव गाँधी भवन के सभागार में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं जेएसएलपीएस के सामुहिक समन्वय से बैंक लिंकेज , मुद्रा लोन , किसान क्रेडिट कार्ड हेतू कैम्प का आयोजन किया गया । केम्प में बतौर मुख्य अतिथि के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो , यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक बंशीधर तूम्बियार , कृषि प्रक्षेत्र पदाधिकारी (यूनियन बैंक ऑफ इंडिया) रघुवीर बैठा , प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) रामकृष्ण महतो उपस्थित हुए ।कैम्प में दूर – दराज से सखी मण्डल की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में 15 सखी मण्डल की दीदियों को 6 -6 लाख करके बैंक लिंकेज तथा 30 किसानों को 50 हजार करके कुल 1करोड़ 5 लाख रुपये स्वीकृत की गई । आज के कैम्प को सफल बनाने में जेएसएलपीएस से एफ टी सी शशि भूषण महतो , बी ए पी रानी परवीन ,सी सी पंचमी देवी, शालू कुमारी , अखिलेश्वर महतो , मेघनाथ महतो , बैंक सखी विमला देवी , प्रेमसोनी तिर्की का सराहनीय योगदान रहा ।

समाधान दिवस पर आये 29 मामले मात्र एक का हुआ निस्तारण

सिकंदरपुर(बलिया)। स्थानीय तहसील के सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां समाधान दिवस मे 29 मामले आये वहीं मात्र एक मामले का निस्तारण किया गया। उप जिला अधिकारी सिकंदरपुर रवि कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आम जनता की समस्याओं का निस्तारण मौके पर जाकर करने का निर्देश दिया तथा कहा कि वरासत,आइजीआरएस जैसे लंबित मामलों को तत्काल निस्तारित किया जाय ताकि फरियादियों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।इस दौरान तहसीलदार संत कुमार विजय सिंह, नायब तहसीलदार सीपी यादव, अखिलेश यादव, हरेराम यादव, पवन पांडेय, सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अच्छी बारिश और क्षेत्र में खुशहाली की कामना के लिए जावदा निमड़ी क्षेत्रवासियों ने कोटडागढ़ बालाजी की पैदल यात्रा की

दैनिक शुभ भास्कर /मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ / रावतभाटा। तहसील के जावदा निमड़ी ग्रामवासी हर वर्ष की भांति क्षेत्र की खुशहाली व अच्छी बारिश की कामना से कोटडागढ़ बालाजी पहुंचे।ग्राम पंचायत जावदा नीमड़ी वासियों ने क्षेत्र में अच्छी बारिश एवं खुशहाली के लिए क्षेत्र का प्रसिद्ध आराध्य स्थल कोटड़ा बालाजी पैदल यात्रा से पहुंचे । पदयात्रा में ग्राम पंचायत जावदा नीमड़ी के ग्राम जावदा,लक्ष्मीपुरा, बागपुरा, गुड्डाखेड़ा ,पीपलीखेडा गाँवो से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए । ढोल नगाड़ो के साथ ध्वज पताकाएं लेकर पूर्ण उत्साह एवं नाचते गाते बड़ी संख्या में पुरुषो के साथ साथ बालिकाएं एवं महिलाएं भी कोटड़ा बालाजी पहुचे एवं ग्रामवासियों ने हवन पूजा एवं सुन्दरकाण्ड पाठ कर प्रसाद वितरण किया। भाजपा जावदा मण्डल उपाध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह राठौड़ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र में अच्छी बारिश और खुशहाली की कामना से शनिवार को जावदा बाजार बन्द रखकर पदयात्रा से कोटडागढ़ बालाजी पहुंचे। कोटडागढ़ बालाजी मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ किया। पैदल यात्रा एवं सुंदरकाण्ड में जावदा सरपंच कुलदीप सिंह राठौड सहित जावदा क्षेत्र से बालाजी भक्त सम्मलित हुए।

पत्रकार की हत्या लोक तंत्र की हत्या है

दैनिक शुभ भास्कर मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी। अररिया जिले में पत्रकार विमल कुमार यादव की गोली मार कर हत्या कर दिए जाने के विरोध में और दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रेस क्लब सीतामढी में शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार के चित्र पर पुष्पांजनी अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष राकेश रंजन ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतक पत्रकार के परिजनो को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। सचिव आदित्यानंद आर्य ने पत्रकार की हत्या को लोकतंत्र का खतरा बताए हुए दोषियों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चला सजा सुनाने की मांग की। पूर्व अध्यक्ष अमिताभ कुमार ने सरकार से जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर कार्य करने वाले प्रदेश के सभी पत्रकारो को कार्य के दौरान उचित सुरक्षा और बेहतर माहौल उपलब्ध कराने की मांग की। पुर्व सचिव मोहम्मद सदरे आलम नोमानी ने कहा कि पत्रकार की हत्या लोक तंत्र की हत्या है इस मौके पर बाल्मिकी कुमार, साजन शर्मा, सर्वधीर मिश्रा, ज्याउर रहमान, आशुतोष कुमार, त्रिपुरारी शरण, रवि शंकर सिंह, अविनाश कुमार कुमार, सुधांशु कुमार, राहुल लाठ, सत्यम व्याहुत समेत अन्य उपस्थित थे ।।

बैठक बैठक में संसदीय चुनाव को लेकर जनता से वोट देने के लिए अपील

राजद के पूर्व सांसद प्रत्याशी रणधीर सिंह का देवरिया और अनवल पंचायत में बैठक कार्यक्रम हुआ संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह। आपको बता दें कि पूर्व सांसद प्रत्याशी रणधीर सिंह का संसदीय चुनाव को लेकर हर गांव हर पंचायत तक आम जन से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनना तथा हर व्यक्ति से बैठक में उन्होंने संसदीय चुनाव को लेकर जनता से वोट देने के लिए अपील किया। साथ ही उन्होंने विपक्ष के भाजपा के वर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सांसद लगातार कई वर्षों से अपना सत्ता पर कब्जा जमा कर सता के मद्य में आंधर हो गए हैं संसद के सीट पर विराजमान है लेकिन उनसे आज तक नाली और सड़क छोड़कर कोई अन्य दूसरा काम उन्होंने आज तक नहीं किया। वहीं रणधीर सिंह ने कहा कि वह जनता की समस्याओं से आज तक कोई निजात नही दिला सके। तो वहीं उन्होंने कहा कि एकमा की जनता कई सालों से ट्रेन की ठहराव की मांग कर रही है तो अनवल पंचायत के लोग कई सालों से बसडिला हाल्ट की मांग कर रहे हैं लेकिन यह ऐसे सांसद है कि इनसे कुछ भी नहीं हो सका । उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू मुस्लिम करके वोट मांगती है और अपना एजेंडा चलाती है र इस दौरान उन्होंने जनता से मिलने के क्रम में जनता की समस्याओं को भी सुना उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि अगर महाराजगंज संसदीय सीट पर अगर जनता मुझे जिता कर आगे बढ़ाती है तो मैं वचन देता हूं कि जनता के विचारों तथा कामों पर बिल्कुल खरा उतरूंगा यह मेरा वादा है। वहीं मौके पर पूर्व मुखिया सतेन्द्र सिंह, पूर्व मुखिया पति वीरेन्द्र सिंह, पूर्व मुखिया उमाशंकर भगत, बीडीसी गामा यादव, प्रमोद यादव, नीरज यादव, प्रशांत बाबा, राकेश सिंह, मुस्तफा अंसारी,शैलेश सिंह, रूपेश सिंह, मनोज पड़ित, अजीत यादव, मुख्तार राय, अन्य लोग मौजूद रहे।

छातापुर में बच्चों के विवाद में बीच बचाव करनें आए अभिभावक को लाठी से मार किया जख्मी

छातापुर।सुपौल। बच्चों के विवाद में बीच बचाव करनें आने वालें एक पक्ष के बच्चे के अभिभावक को दूसरे पक्ष के बच्चो द्वारा लाठी, बत्ती से मारकर जख्मी करने का मामला सामने आया है। मामला छातापुर सुरपत सिंह हाई स्कूल की है। जहां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चे स्कूल गए थे। जहां झंडोतोलन के बाद अचानक एक पक्ष के बच्चे का दूसरे पक्ष के बच्चों के साथ किसी बात को ले कहा सुनी हो गई। जो की कुछ ही देर में लड़ाई में तब्दील हो गई। इसी दौरान एक पक्ष के बच्चों के अभिभावक बाइक से स्कूल के समीप बीच बचाव के उद्देश्य से बाइक से पहुंचे ही थे की इसी दौरान पीछे से दूसरे पक्ष के बच्चों ने लाठी बत्ती से एक के माथे पर वार कर दिया। जबकि दूसरे के शरीर पर जिसके कारण दोनो घायल हो गए। इधर, मौके से आरोपित बच्चे भाग निकले। हालांकि तत्क्षण मौके पर छातापुर थाना पुलिस पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा घायल डहरिया वार्ड 7 निवासी राजेश पासवान तथा कप्लेश्वर पासवान को इलाज हेतु पीएचसी भेजा है। इधर, घायल राजेश पासवान ने बताया की उन्हें सूचना मिली की उनके बेटे के साथ स्कूल में दूसरे समुदाय के बच्चे मारपीट कर रहे है। जिसको लेकर वे अपने पिता जी के साथ स्कूल प्रांगण पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से उनके माथे पर लाठी बत्ती से प्रहार कर उन्हें जख्मी कर दिया गया है। जबकि उनके पिता को भी हाथ पैर में लाठी से चोट लगी है। जख्मी राजेश महिला परिजन भी अस्पताल पहुंचकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ भी खड़ी खोटी कहती दिखी। उनका कहना था की स्कूली शिक्षकों के देखरेख में बच्चे स्कूल में रहते लेकिन बच्चे मारपीट करे तो ये शिक्षकों को नही दिखती है। उन्होंने इस बाबत शिक्षकों पर ही बरसती दिखी। हालांकि महिलाओं को लोगों द्वारा समझा बुझाकर शांत कराया गया। घटना स्थल पर पहुंचे दरोगा (सहायक अवर निरीक्षक) आजाद लाल मंडल ने कहा की पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही आरोपित बच्चे भाग निकले थे। जबकि 15 अगस्त होने के कारण तत्क्षन मामले को शांत कराकर भीड़ को हटा दिया गया। इस बाबत छातापुर थानाध्यक्ष राम इकबाल पासवान ने कहा की पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

ख़ास ख़बर

दरपा पिपरा क्षेत्र में दौरा कर आम लोगों से शांति, आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की

मोतिहारी,बृज किशोर। भाकपा माले का जिला स्तरीय जांच टीम दरपा थाना अंतर्गत पिपरा गांव में दौरा किया और ग्रामीण जनता से मिलकर सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील- की। दरपा थाना के पिपरा गांव में महावीरी झंडा निकालने के तय सीमा से आगे बढ़ने को लेकर, हिंदू -मुस्लिम समुदायों में तनाव बढ़ गया था! गांव से पश्चिम दिशा में पोखरा के दक्षिण किनारे मेन सड़क समीप भगदड़ मची एवं कुछ लोगों को जख्मी होने की रिपोर्ट जांच टीम को ग्रामीणो ने दी। अल्पसंख्यक समुदाय के टोला में 5 व्यक्तियों को थोड़ी नुकसान हुई थी एवं रात्रि में कब्रिस्तान की दीवार तोड़ने की रिपोर्ट मिली । स्थानीय प्रशासन की प्रतिनियुक्ति भी थी! विगत कुछ महीनों से धार्मिक उन्माद फैलाने एवं हुड़दंग मचाने एवं दबंगता का प्रदर्शन करने में एक दल विशेष की वाहिनी बजरंग दल के सदस्य सक्रिय थे ! पर्व त्यौहार को राजनीति का मोहरा बनाकर क्षेत्र में उन्माद फैलाना चाहते थे । घटनास्थल पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस उपाध्यक्ष रक्सौल से भाकपा माले के जिला सचिव प्रभुदेव यादव ,अंचल सचिव रूपलाल शर्मा मिले! दंगा की मंसूबा बनाए रखने वाले उन्मादियों पर कड़ी नजर रखते हुए करवाई करने की मांग की! भाकपा माले के जिला सचिव ने कहा कि ग्रामीण इलाके में आम जनता की एकजुटता बनाए रखने में, भाकपा माले की अहम भूमिका रही है! और आगे भी सामाजिक ताना-बाना को आबाद रखने में माले नेताओं का प्रयास जारी रहेगा ! जांच टीम में भाकपा माले जिला सचिव प्रभु देव यादव, अंचल सचिव रूप लाल शर्मा, जिला कमिटी सदस्य उपेंद्र सहनी जीत लाल सहनी और छबिलाल पासवान , अतिउल्लाह मियां ,अवधेश पंडित, अनुज पासवान, दीनानाथ राम शामिल थे !

ग्रामीणों ने जमीन के फर्जी कागज बनवाने और बेचने वाले को पकड़ा

संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। पदमा प्रखंड के मझगांवा में ग्रामीणों ने फर्जी कागज के सहारे गाँव के जमीन को फर्जी कागज बनाने मैं ग्रामीण ने पकड़ा पकड़े गए युवक ने अपनी पहचान रफ़ीक़ अंसारी मंझगवां के है समाजसेवियों व ग्रामीणों ने बैठकर पूछताछ की. पूछताछ के बाद पता चला की रफीक अंसारी जमीन के दलाल है. जमीन की खरीद-बक्रि करता है. सफीक अंसारी ग्रामीणों को हमेशा फर्जी कागज के नाम पर ठगी कर रहा लेकिन जब ग्रामीणों को पता चला कि कुछ लोग फर्जी कागज के जरिए जमीन के कागजात बना रहे हैं तो ग्रामीणों ने रफीक अंसारी को पकड़ लयिा फर्जी कागज बनाने के नाम पर रफीक अंसारी गुलाम रसूल से 118000 रुपया लिए थे और फर्जी कागज बना कर गुलाम रसूल को गुमराह कर दिए ग्रामीणों को पता चलने पर पंचगवां का बैठक हुआ जिसमें रफीक अंसारी जो गुलाम रसूल से 118000 रूपया कागजात बनाने के लिए लिए लिया था उसे ग्रामीणों ने 1 माह के अंदर वापस करने को कहा अगर रफीक अंसारी समय निर्धारित पर पैसे वापस नहीं करते हैं तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और समाज से निष्कासित किया जाएगा

दृष्टिबाधित किशोरियों के लिए आयोजित 6 दिवसीय आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। हजारीबाग में समावेशी शिक्षा एवं सामाजिक समावेश कार्यक्रम के अंतर्गत दृष्टिबाधित किशोरियों के लिए होटल कैनेरी इन में आयोजित 6 दिवसीय आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता,सुनीला लकड़ा अतिरिक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,लालिमा ज्योत्स्ना लकड़ा, जिला समावेशी शिक्षा प्रभाग प्रभारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना हजारीबाग, शांति मार्डी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड आजीविका मिशन एवं डॉ. जीतेन्द्र कुमार, वरिष्ट कार्यक्रम पदाधिकारी, साईटसेवर्स इंडिया के उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन साईटसेवर्स के तकनीकि सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित किशोरियों में आत्म शुरक्षा के तकनीक से अवगत कराकर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही इस दौरान आत्म रक्षा के तकनीक के मदद से पाराओलंपिक में भी भाग लेने की संभावनाओं के बारे जानकारी दी गई। इस बाबत पाराओलंपिक इंडिया के सेलेक्शन कमिटी के चेयरमैन डॉ शिवाजी कुमार एवं झारखण्ड पाराओलंपिक के अध्यक्ष ने हर संभव मदद करने की बात कही। प्रशिक्षण के दौरान इन बच्चियों को जेंडर, वीमेन हेल्थ एंड न्यूट्रीशियन, ओरिएंटेशन एंड मोबिलिटी, दिव्यांगजनों के अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गयी। सभी प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रमाणपत्र देकर उनका हौसला बढाया गया। कार्यक्रम को सफल बनामे में समावेशी शिक्षा कार्यक्रम समन्वयक सत्यजीत सिंह, दीपक कुमार शर्मा, रानी रागिनी, नंदनी नारायण एवं ज्योति कुमारी झारखंड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग के निशि कुमारी, रवि कुमार लेखा पदाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

जयंत सिन्हा के अथक प्रयास से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है

संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। हजारीबाग लोकसभा के लोकप्रिय संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के अथक प्रयास से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के अथक प्रयास से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने क्षेत्र के विकास हेतु अनेकों अनेक विकास कार्य किए। क्षेत्र के विकास में अपना अनुपम योगदान दिया है। श्री सिन्हा ने हजारीबाग जिला के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है आज जिले के हर प्रखंड में उनके प्रयास से विकास की बयार बह रही है। उन्होंने हजारीबाग जिला अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र के 13 प्रखंडों में अद्वितीय विकास कार्य किया उन्होंने (१) बड़कागांव प्रखंड में अपने सांसद विकास मद एवं जिला खनिज विकास मद से (५४) योजनाओं में 48,65,49,429/= (अडतालिश करोड़, पैसहठ लाख, उनचास हजार, चार सौ उन्तीश रुपया) मात्र।(२) करेडारी प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से (३८) योजनाओं में २९,५०,०४,४४३/=(उन्तीस करोड़, पचास लाख, चार हजार,चार सौ तेतालिस) रुपया मात्र। (३) टाटीझरिया प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद के द्वारा (२१)योजनाओं में ०६,८९,९७,२५४/=(छः करोड़, नवासी लाख, संतानवे हजार,दो सौ चौवन रुपया मात्र) (४) कटकमदाग प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से ०६,०९,६१,६१४/=(छः करोड़, नौ लाख, एकसठ हजार, छः सौ चौदह रुपया मात्र)। (५) चुरचू प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से (२९)योजना, जिसमें कुल खर्च ६३,७६,२३,४७३/=रुपया (तिरसठ करोड़, छीहतर लाख, तैईस हजार, चार सौ तिहतर रुपया मात्र)। (६) दाड़ी प्रखंड में अपने सांसद विकास मद से एवं जिला खनिज मद से कुल (३४) योजनाओं में कुल खर्च ३४,३०,७९,१७४/(चौतीस करोड़, तीस लाख, उन्नाशी हजार,एक सौ चौहतर रुपया मात्र)। (७) पदमा प्रखण्ड में अपने सांसद विकास मद से एवं जिला खनिज मद से (२४) योजनाओं में कुल खर्च ०७,०७,७६,०२४/ मात्र (सात करोड़, सात लाख, छीहतर हजार, चौबीस रुपया मात्र)। (८) कटकम साडी प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से (२९) योजनाओं में कुल खर्च ११,३४,४५,८८२/=मात्र (इगायरह करोड़, चौतीश लाख, पैतालिश हजार, आठ सौ बेरासी रुपया मात्र) (९) दारू प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से (१९) योजनाओं में कुल खर्च १०,८१,६९,१९३ / मात्र (दस करोड़, ईकाशी लाख, उन्हतर हजार,एक सौ तिरानवे रुपया मात्र) (१०) बरही प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से (३०) योजनाओं में कुल खर्च १५,३६,१९,२८९/=मात्र (पंद्रह करोड़ छतीस लाख, ऊनीस हजार दो सौ नवासी रुपया मात्र) (११) चौपारण प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से कुल (६३) योजनाओं में कुल खर्च १६,७५,८६,७६८/ (सोलह करोड़, सतर लाख, बीस हजार, सात सौ अरसठ रुपया मात्र)। (१२) सदर प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से कुल (७९) योजनाओं में कुल खर्च २७,१७,३१,८९४/ (सताईस करोड़, सत्रह लाख, ईकतीस हजार,आठ सौ चौरनरांबे रुपया मात्र) (१३) विष्णुगढ़ प्रखण्ड में सांसद विकास मद एवं जिला खनिज मद से कुल (३२) योजनाओं पर कुल खर्च १२,१५,८३,४२२/ (बारह करोड़, पंद्रह लाख, तीरासी हजार,चार सौ बाइस रुपया मात्र)। हजारीबाग जिले में सांसद विकास मद एवं खनिज विकास मद से कूल 478 योजना योजनाओं पर कार्य किया गया। जिसमें कुल खर्च दो अरब 63 करोड़ 74 लाख 36 हजार 299 रुपए खर्च हुए। सांसद जयंत सिन्हा जी को ऐसे ही विकाश पुरुष नहीं कहा जाता है।ये जयंत सिन्हा जी नहीं बल्कि उनका काम बोलता है विकाश के प्रति उनकी सोच बोलती है। सांसद जयंत सिन्हा जी अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूर्ण संकल्पित है कि विकास से हजारीबाग का कोई भी क्षेत्र अधूरा नहीं रहे।उनके संकल्प संकल्प के कारण आज हजारीबाग लोकसभा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। सांसद जयंत सिन्हा जी ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को यह भरोसा दिलाया और कहा की आपकी सेवा में मैं दिन हो या रात हर समय उपल्ब्ध रहूंगा। बस आप सभी का आशीर्वाद और सहयोग मुझ पर बनी रहे। उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा जी के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

दुबई में चंपारण की बेटी डॉ.नूतन भारत उत्सव सम्मान से नवाजी गईं

मोतिहारी। अपनी अद्भुत कला - प्रतिभा से दुनिया के देशों में नित्य नये कीर्तिमान स्थापित कर रहीं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध गायिका, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, भारत सरकार की वरीय सदस्य व चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी नूतन को दुबई में 'भारत उत्सव सम्मान- दुबई ' से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान से कला - साहित्य- संस्कृति के क्षेत्र में अतिविशिष्ट उपलब्धि व उल्लेखनीय योगदान के लिए अत्यंत लोकप्रिय शख्सियत को नवाजे जाने की परंपरा है। आजादी के अमृत महोत्सव व भारत के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की इकाई जेनेरल काउंसलेट ऑफ दुबई के तत्त्वावधान में दुबई में आयोजित तीन दिवसीय (13 - 15 अगस्त) भारत उत्सव दुबई का भव्य आयोजन किया गया, जहाँ सम्मान से नवाजे जाने के साथ ही डॉ. नूतन ने भारतीय लोक संस्कृति के विभिन्न स्वरुप पर अपने व्याख्यान दिए। वहीं उक्त अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक समारोह में सुरों की रसवर्षा कर भारतीय लोक कला एवं लोक संस्कृति की सोंधी मिट्टी का अहसास करा डॉ.नूतन ने सुधी दर्शक - श्रोताओं का मन मोह लिया। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा सूचीबद्ध कलाकार डॉ. नूतन को उक्त समारोह में खास तौर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया था। आर्ट ऑफ गैलरी, दुबई में विकास भार्गव के संयोजन में आयोजित सेमिनार में डॉ.नूतन ने चौदह अगस्त को भारतीय राजदूत, कई देशो के राजनयिक, दुबई व भारत के कई महत्वपूर्ण राजनेता व सरकार के उच्च पदस्थ पदाधिकारियों की मौजूदगी में भारतीय लोक संस्कृति पर अपने अद्भुत व्याख्यान दिए। डॉ. नूतन ने खासकर बिहार की भोजपुरी, मैथिली, मगही, अंगिका व वज्जिका की लोक विधा व लोक धाराओं की परंपरागत खूबियों का बखान कर भारतीय संस्कृति की झलकियाँ पेश कीं एवं खूब वाह-वाही बटोरी। फिर, पंद्रह अगस्त को अनंतारा ओबेराय हॉल , दुबई में ईरा भार्गव व रीतेश मिश्र के संयोजन में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में डॉ. नूतन ने अपने स्वर-लहरियों से भारतीय लोक कला व पारंपरिक लोक संस्कृति पर आधारित गीतों की प्रस्तुति से दुबई में भारत की श्रेष्ठतम कला- संस्कृति का परचम लहराया।

दुनिया के कई देशों में भारतीय कला- संस्कृति को प्रतिष्ठापित करने वाली डॉ. नूतन को मारीशस के राष्ट्रपति ने 'मॉरीशस कला सम्मान' से नवाजा है। वे बिहार की पहली कला शख्सियत हैं, जिन्हें किसी विदेशी मुल्क के राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने का गौरव प्राप्त है। भारतीय संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की दो बार सदस्य रह चुकी डॉ. नूतन बिहार की इकलौती कला विभूति हैं, जिन्हें भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत सी.सी. आर.टी. द्वारा वरिष्ठ अनुसंधान फेलोशिप पुरस्कार प्रदान किया गया है। एक कुशल गायिका, लेखिका, गीतकार- संगीतकार, अभिनेत्री, पार्श्व गायिका, एंकर डॉ.नूतन भारत की अनमोल कला धरोहर के रुप में विश्वविख्यात हैं।

भाजपा झूठ की खेती करती है, जदयू उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी- भूमिपाल

दैनिक शुभ भाष्कर अजमल अख्तर। बहादुरगंज (किशनगंज) स्थानीय डाक बंगला परिसर में जनता दल यूनाइटेड प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर "ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम" के मद्देनजर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता नगर पार्षद सह जदयू नगर अध्यक्ष बन्टी सिन्हा ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सह प्रमंडलीय प्रभारी भूमिपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो कहते हैं वो करते हैं, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की स्थिति बेहतर हुई है। भाजपा के लोग लोगों को झूठे सपने दिखाकर गुमराह करते हैं, आपसी भाईचारे को तोड़ना चाहती है लेकिन हमारे मुखिया उनके मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। मंहगाई चरम सीमा पर है। वहीं बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा आम लोगों के लिए सोचते हैं, गरीबों/लाचारों के लिए चिंतित रहते हैं उनलोगो को समाज के मुख्य धारा से जोर रहे हैं। वहीं भाजपा और उनकी बी टीम समाज को बांटने का काम कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमंडलीय प्रभारी भूमिपाल राय, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम, पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज अंजुम, कोचाधामन विधानसभा प्रभारी दीपक कुमार, वरिष्ठ नेता रियाज़ अहमद, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष एहतेशाम अंजुम, महिला जिलाध्यक्ष जानकी सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष हरिहर पासवान, नजरूल इस्लाम, मुजफ्फर हुसैन, मुमताज आलम, नगर पार्षद विरेंद्र ठाकुर, आज़ाद आलम, ललित कुमार, अजय कुमार, अनिसुरर्हमान, फ़िरदौस आलम, सुनील कुमार, अपसार आलम, राजीव कुमार, जयनारायण सिन्हा, फातमा बेगम, रानी देवी, पिंटू कुमार, साहेब आलम, सगीर खान सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विश्व के कई भागों में 28 अगस्त तक भूकंप की प्रबल संभावना-- उमेश वर्मा

पटना। विगत 20 वर्षों से अपने नये वैज्ञानिक विधि से भूकंप पर शोध कर रहे अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं वर्तमान आपदा प्रबंधन बिहार सरकार के सदस्य उमेश कुमार वर्मा ने आगामी 28 अगस्त तक विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले भूकंप की संभावना पर जानकारी दी है । श्री वर्मा द्वारा अब तक किए गए अपनी विशेष शोध आधारित भविष्यवाणी मे 80% सफल रहे है। काठमांडू में आए बडे भूकंप की भी इन्होंने भविष्यवाणी की थी । आरंभ में उमेश कुमार वर्मा के द्वारा घोषित एवं संभावित भूकंप की सूधी न तो बिहार मे ली गई न हीं देश विदेश के वैज्ञानिकों ने हीं ली ।उन लोगों ने इन्हें किसी तरह का तरजीह भी नहीं दिया । लेकिन अब उमेश वर्मा की तपस्या और मेहनत रंग लाई बिहार आपदा प्रबंधन में सदस्य के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं ,साथ साथ विश्व के बड़े बड़े भूकंप वैज्ञानिक भी अब उमेश वर्मा की सुधि ले रहे हैं। विभिन्न मौके पर अब विश्व के वैज्ञानिक इनके शोध का आदान-प्रदान भी कर रहे हैं। आगामी 1 सप्ताह में आने वाले भूकंप की संभावना पर उन्होंने कहा है कि 23 से लेकर 25 अगस्त तक इंडोनेशिया रीजन में 6.5 रिक्टर पैमाने पर भूकंप की प्रबल संभावना है। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त तक अमेरिका के मेक्सिको में 6. 5 रिकटर पर भूकंप की संभावना है।

कटिहार में चलती ट्रेन में हुआ दर्दनाक हादसा, व्यक्ति ने पहले दोनों पैर गंवाया और इलाज के क्रम में गई जान

दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो चीफ रूपेश मिश्रा। काढ़ागोला रेलवे स्टेशन हुए इस हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि लक्ष्मीपुर निवासी राजा कुमार सुबह इंटरसिटी ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचे थे। जहां पूर्व से ही इंटरसिटी ट्रेन लगी हुई थी। उनके पहुंचते ही ट्रेन खुल चुकी थी। जहां पर इतनी दौड़ कर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़े। इस हादसे में राजा कुमार के दोनों पैर कट गए और उन्हें गंभीर रूप से कई जगह चोट भी लगी। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया था। जहां चिकित्सकों के द्वारा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजा कुमार ट्रेन में मोती बेचने का काम करते थे और रोजाना की तरह वो ट्रेन पकड़ने के लिए गए थे तभी यह हादसा हो गया इधर हायर सेंटर इलाज के दौरान राजा कुमार कि मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया घर के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल रेवेन ने की

सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। संत कोलंबा महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वन एवं टू के संयुक्त तत्वाधान में सद्भावना दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल रेवेन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ किया गया। इस कार्यशाला में परिवहन विभाग एवं जिला प्रशासन के तरफ से विषय विशेषज्ञ के रूप में ट्रैफिक एएसआई सुनील कुमार, आईटी सेल इंचार्ज जिला परिवहन विभाग अरविंद कुमार एवं इंजीनियर रोड एनालिस्ट मोहम्मद सादिक इकबाल उपस्थित हुए। कार्यशाला की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत अभिभाषण के साथ किया। उन्होंने इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए सड़क सुरक्षा को बहुत ही गंभीर, संवेदनशील बताया और झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के द्वारा युवाओं के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को समाज के लिए बहुत ही सार्थक सराहनीय और कल्याणकारी बताएं। विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए ज्ञानवर्धक प्रेरक वीडियो की प्रस्तुति पावर पॉइंट के माध्यम से संदर्भित आंकड़ों के साथ किया। साथ ही परिवहन विभाग झारखंड सरकार के द्वारा तैयार सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तकें एवं पंपलेट का वितरण किया गया। विषय विशेषज्ञों ने वाहन की गति को नियंत्रित नियंत्रित रखने। वाहन चलाने के दौरान मोबाइल का प्रयोग ना करने। नशापान कर वाहन ना चलाने, बिना लाइसेंस व हेलमेट के वाहन ना चलाने। परिवहन वाहन में निर्धारित वजन से अधिक सामान ना ले जाने। वाहन की लंबाई से अधिक लोहे की छड़, स्टील पाइप, प्लास्टिक पाइप आदि का प्रयोग दंडनीय अपराध बतलाते हुए विविध प्रकार के सरकारी नियमों- अधिनियम, जुर्माना, दंड आदि के संदर्भ में विस्तार से विद्यार्थियों को जागरूक किया। संपूर्ण कार्यक्रम की तैयारी एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना unit-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर जयप्रकाश रविदास के द्वारा किया गया। संचालन के क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियम का पालन करने, अपने जीवन को सुरक्षित रखने और अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए उनका जीवन कितना मूल्यवान है, इस पर हमेशा ध्यान रखने की जरूरत बतलाया। महाविद्यालय स्थापना के 125 वर्ष के पावन अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज के कर कमलों द्वारा अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ जे आर दास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। अंत में संत कोलंबा महाविद्यालय के स्टेडियम में वन विभाग के सहयोग से स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण का कार्य संपादित किया इस कार्यक्रम में डॉ राजकुमार चौबे डॉ सविता शीतल डॉ सुबोध साहू प्रोफेसर प्रीति वाला अनेक शिक्षक व सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

18 सूत्री मांग के समर्थन में प्रखंड के मुखिया सरकार की नीति के विरूद्ध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किये

शुभ भाष्कर अजमल अख्तर। बहादुरगंज, (किशनगंज) बिहार प्रदेश मुखिया महासंध के पहल पर मंगलवार को बहादुरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में अपनी 18 सूत्री मांग के समर्थन में प्रखंड के मुखिया सरकार की नीति के विरूद्ध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किये। वही मौके पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किये एवं जल्द से जल्द संध द्वारा मांगे गये सभी मांगो को शीध्र पुरा करने की मांग दोहरायी।एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का अध्यक्षता मुखिया संध के प्रखंड अध्यक्ष सह नटुआपाड़ा पंचायत के मुखिया रफीक आलम ने की।इस मौके पर संध के अध्यक्ष रफीक आलम ने सरकार के विरूद्ध आयोजित धरना प्रदर्शन के सम्बंध में जानकारी देते हुए सरकार द्वारा मुखिया के अधिकारो की कटौती किये जाने पर कडी आपत्ति जतायी एवं बिहार के सभी मुखिया के साथ सौतेला व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया।उन्होने कहा कि बिहार सरकार जल्द से जल्द संध के सभी मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए स्वीकृति प्रदान करें।इस मौके पर विभिन्न पंचायत से आये मुखिया व मुखिया प्रतिनिधियो ने भी बारी बारी से अपनी बाते रखी।बताते चले कि बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ द्वारा अपनी मांगों में ग्राम पंचायत को 73वां संविधान संशोधन के तहत प्रदत्त 29 अधिकारों को पूर्ण रूपेण ग्राम पंचायत को सौंपने, ग्राम सभा की रक्षा के लिये पारित निर्णय का अनुपालन, ग्राम सभा के चयनित योजनाओं को लागू करने तथा सरकार का अनावश्यक हस्तक्षेप पर रोक, सोलर स्ट्रीट लाईट योजना पंचायत को सौपने, पंचायत सरकार भवन निर्माण पंचायत क्रियान्वयन समिति को सौपने, ठप जल नल योजना को वार्ड क्रियान्वयन समिति व प्रबंध समिति को सौंपने, भत्ता में बढोत्तरी करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को गति प्रदान करने, ग्राम पंचायत को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का अधिकार, हत्या में मारे गये मुखिया के आश्रितों को 50 लाख का मुआबजा, पंचायत में कार्यरत कर्मचारी का वेतन भुगतान संबंधित मुखिया के हस्ताक्षर के बाद हो, राजस्व कर वसुली का हिस्सा ग्राम पंचायत को मिले, मनरेगा योजना में ग्राम पंचायत को प्रशासनिक अधिकार मिले, मनरेगा में मजदूरी दर बढ़े, 15 वीं वित्त योजना की राशि में पंचायतों की अधिक भागीदारी जैसे मांग सरकार के पास रखे हुए है।धरना प्रदर्शन में मुख्यरूप से मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह नटुआपाडा पंचायत के मुखिया रफीक आलम, मुखिया साकीर आलम,आफाक आलम, गुलाब, गिरजा नंद सिंह, रामानन्द सिंह,सुकारू लाल , रोजी हसन, अस्मत बेगम, मुजाहिद इस्लाम उर्फ लड्डन,अनवरी बेगम,अकील अंसारी,सलमान आलम,अख्तर आलम उर्फ गुड्डु सहित प्रखंड के अधिकांश मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

ख़ास ख़बर

हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान रहे शिवाले

डीडीयू नगर। सावन महीने के सातवें सोमवार को शिवालयों में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए महिला पुरुष व युवतियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। बाद में विधि विधान से भगवान शिव की पूजा अर्चना की। शिवालयों में दिन भर हर हर महादेव की गूंज गूंजता रहा। प्रसिद्ध शिवालयों में भक्त कांवर में गंगा जल लेकर पहुंचे और जलाभिषेक किया।

पूरा सावन माह में भगवान शिव की अराधना का विशेष महत्व है।जिसमें सोमवार भगवान शिव का अत्यंत प्रिय है। इसी वजह से सोमवार को भगवान का जलाभिषेक का अत्यधिक महत्ता है। सोमवार की सुबह ही भक्त शिवालय में पहुंच गए। भक्तों ने हर हर बम बम शिव शंभू के जयकारे के साथ शिवलिंग का जलाभिषेक किया। वहीं व्रती महिलाओं ने भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अभीष्ट की कामना की। नगर क्षेत्र के कैलाशपुरी, रविनगर, जीटी रोड पर शिव मंदिर, लाठ नंबर दो, गल्ला मंडी, शाहकुटी, काली महाल, चतुर्भुज, नई बस्ती, सिद्धार्थपुरम कॉलोनी,अलीनगर, सुभाषनगर, चंदासी, रविनगर के साथ ही रेलवे के आरपीएफ कॉलोनी, सेन्ट्रल कालोनी,मानसनगर, डीजल कॉलोनी, प्लांट डिपो कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर स्थित शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। दिन भर शिवालय बोल बम के जयकारे से गुंजायमान रहे। शाम के वक्त शिवालयों में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर पूजन कर आरती उतारी गई।

शिक्षकों के हक के लिए संगठन लड़ेगा हर लड़ाई धीना

चन्दौली । विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ की बैठक मंगलवार को कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई।इसमें संगठन की मजबूती, पुरानी पेंशन, पदोन्नति चयन वेतनमान पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। वही निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की समस्त समस्याओं को दूर करवाने के लिए संगठन पूरी ताकत के साथ लड़ने का काम करेगा। जिलाध्यक्ष ड़ा0 जयकुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हक हकूक की लड़ाई के लिए संगठन सदैव प्रयासरत है। पुरानी पेंशन पाना शिक्षकों का हक है। आठवां वेतन आयोग गठित करवाने के लिए संघर्ष करना होगा।2014 में पदोन्नति पाए शिक्षकों का जुलाई 2024 में समय से प्रक्रिया पूर्ण कर चयन वेतनमान लगाया जाए।2014 में प्रधानाध्यापक बने शिक्षकों का 10 साल बाद भी जूनियर हाईस्कूल में पदोन्नति नहीं किया गया।जो शिक्षक 5 साल की सेवा पूर्ण किए है उनको तत्काल पदोन्नति किया जाए।मांगो को पूरा करवाने के लिए संगठन पूरी ताकत से लड़ाई लड़ रहा है।संघर्ष के बिना कोई मुकाम नहीं मिल सकता है।संगठन अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए सड़क से संसद तक जाने का काम करेगा।शिक्षक संगठन किसी के हाथ की कठपुतली नहीं है।सरकार को शिक्षकों के हित के बारे में सोचना होगा।इस मौके पर अवनीश पांडेय, अख्तर आजाद अंसारी, कृष्णकांत केशरी, आत्मप्रकाश पांडेय, भाग्यवती सिंह, अमर बहादुर सिंह, सूर्यप्रकाश पांडेय, अनिल कुमार, सतीश कुमार, विवेक बहादुर आदि रहे।

श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ जी महाराज का वार्षिक जन्मोत्सव धूम धाम से मनाई जाएगी

चंदौली मुगलसराय । अखिल भारतीय मद्धेशिया सभा जनपद चंदौली समाज के कुल देवता श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ जी महाराज का वार्षिक जन्मोत्सव 9 सितंबर 2023 को अग्रवाल सेवा संस्थान मुगलसराय में धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें चकिया में अपने समाज के प्रमुख अजय गुप्ता दिनेश मद्धेशिया रामनारायण जी संजय गुप्ता राकेश मोदनवाल शिवजी शत्रुघ्न गुप्ता जी गणेश प्रसाद जी राकेश मोदनवाल जी मनोज गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार चकिया नगर के पूर्व अध्यक्ष रघुनायक मद्धेशिया से मिलकर आमंत्रण पत्र दिया भीखमपुर भोला गुप्ता जी मनोज गुप्ता जी तथा बबुरी में जगरोपन गुप्ता जी कार्यक्रम आने लिए आमंत्रित पत्र दिया गया में सहयोग लेने का कार्य किया गया. कृष्ण गुप्ता जिला अध्यक्ष साथ में रहे जिला पूर्व कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता जी वर्तमान जिला कोषाध्यक्ष ओपी सर नगर संरक्षक ओमप्रकाश एलआईसी अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य समाज उपस्थित रहे ।

पत्रकार वीरेंद्र प्रताप सिंह 55 वर्ष हृदय गति रुकने से मंगलवार को उनकी मौत हो गई

बबुरी चन्दौली । क्षेत्र के गोरखी गांव में सोमवार की देर रात हिता गति रुकने से एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार वीरेंद्र प्रताप सिंह 55 वर्ष की मौत हो गई मंगलवार की सुबह देर तक ना जलने पर परिजन जब उनके कमरे में पहुंचे तो वह अपने बिस्तर पर अचेत पड़े हुए थे उनके मृत्यु की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पत्रकार की मृत्यु का समाचार मिलते ही उनके आवास पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बधाया तथा उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए मृतक पत्रकार वीरेंद्र प्रताप सिंह का अंतिम संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया गया ।

नवजातो के मौत पर परिजनों ने काटा बवाल डॉक्टरों पर लापरवाही का लगाया आरोप

पीडीडीयू नगर स्थानीय कोतवाली। थाना अंतर्गत कैलाशपुरी नई बस्ती स्थित डॉ प्रज्ञा शालिग्राम हॉस्पिटल पर दिन मंगलवार को मृत नवजात के परिजनों ने जमकर बवाल काटा सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का काफी प्रयास किया मगर मामला तूल पकड़ने लगा जिसके दौरान मृतक के परिजनों वह प्रशासन में बहस बाजी के साथ धक्का-मुक्की हो गई परिजनों का कहना था कि डॉक्टरों की लापरवाही से हमारे नवजात की जान गई है उक्त अस्पताल के डॉक्टर को अस्पताल के बाहर मौके पर बुलाया जाए जिसपर प्रशासन के लोगों ने कहा कि आप लोग मुगलसराय कोतवाली पहुंचे और वहां तहरीर दर्ज करवाए जिसके आधार पर उचित कार्रवाई होगी काफी समझाने के बाद मामला शांत हुआ।इस बाबत नवजात के परिजन अमृत कुमार पांडेय पीडीडीयू नगर के भोगवार निवासी ने बताया कि हमारी बहन को डॉक्टरो ने 18 अगस्त को डिलीवरी के लिए भर्ती किया था उसके बाद 19 को ऑपरेशन किया गया जिसके दौरान हमारे यहाँ एक नवजात पैदा हुआ दूसरे दिन इन्होंने कहा कि बच्चे की हालत सही नहीं है जिसको रेफर कर दिया हमलोग बच्चे को बनारस ले गए जहाँ कुछ घंटे बाद बच्चे की मृत्यु हो गई।वहीं परिजनों का आरोप था कि जब हम उक्त हॉस्पिटल से अपने बच्चे को लेकर जा रहे तब डॉ प्रज्ञा शालिग्राम हॉस्पिटल पर कार्यरत डॉक्टर पैसे की मांग करने लगे कि आप लोग पहले पेमेंट दीजिए उसके बाद नवजात को ले जाइए।वहीं बताया जाता है उक्त अस्पताल में ज्ञान प्रकाश नामक व्यक्ति के घर की महिला का भी डिलीवरी हुआ जिसके दौरान एक अन्य बच्चा पैदा हुआ।वही पूरे मामले में बताया जाता है कि उक्त हॉस्पिटल में दो बच्चों की मौत हुई है।इस बाबत हॉस्पिटल की संचालक डॉ प्रज्ञा शालिग्राम ने बताया कि हमारे अस्पताल कर्मियों पर लगे आरोप गलत है।

दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शिव मंदिर पर हुई बैठक

चहनियाँ चंदौली । चहनियाँ स्थित शिव मंदिर पर दुर्गा पूजा महोत्सव 2023 को लेकर छात्र (सृजन परिवार) संगठन की बैठक सोमवार की देर शाम को हुई । जिसमें इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने की रणनीति बनायी गयी । हर कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सौंपी । चहनियाँ स्थित शिव मंदिर पर छात्र (सृजन परिवार) संगठन द्वारा बिगत 26 वर्षों से भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव कराया जा रहा है । इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव 20 अक्टूबर को स्थापना होगा । जिसे लेकर सोमवार की शाम को छात्र (सृजन परिवार) संगठन के लोग बैठक कर दुर्गा पूजा महोत्सव भव्य ढंग से मनाने का निर्णय लिया । इसके लिए हर कार्यकर्ताओ को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी । संगठन के कोषाध्यक्ष जयशंकर जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी दुर्गा पूजा महोत्सव भव्य ढंग से मनाया जायेगा । दुर्गा पूजा के पंडाल व बड़ी बड़ी मूर्तियों के लिए कलकत्ता के कारीगर यहां आते है । करीब पांच लाख से निर्मित पंडाल को देखने के लिए दूरदराज से लोग आते है । हर 20 अक्टूबर को मां दुर्गा की स्थापना कराया जायेगा । लगातार चार दिनों तक चलने वाले महोत्सव में हर दिन अलग अलग मां की झांकी होगी । 7 सितंबर को चहनियां दुर्गा पूजा स्थल पर भूमिपूजन करके झण्डा लगाया जायेगा । बैठक में ब्यापार मण्डल अध्यक्ष भानू प्रताप यादव,सरिद्वार यादव,प्रधानपति सतीश गुप्ता,योगेंद्र मिश्रा,आनन्द सिंह, गोपाल गुप्ता,डा0 अजय कुमार सिंह,सुनील यादव,बृजेश गुप्ता,मनोज गुप्ता,संजय गुप्ता,प्रिंस मोदनवाल,सुनील यादव,राम भरोष सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे ।

पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार पुलिसकर्मियों को प्रातःकाल कराया जाता है योगाभ्यास

पीडीडीयू नगर(चंदौली)। योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है।स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार निर्धारित दिनों में पुलिस लाइन चन्दौली में सम्बन्धित अधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया जाता है।इसी क्रम में दिन मंगलवार को पुलिस लाइन/कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।

चंदौली पुलिस ने बीते दस दिनों में 5 दर्जनों से अधिक अपराधियों को किया गिरफ्तार

एसपी चंदौली । डॉ0 अनिल कुमार के निर्देश पर लगातार अपराधियों, वांछित तथा वारंटियों के विरुद्ध चंदौली पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस द्वारा दिये गए आंकड़ों के अनुसार चंदौली पुलिस ने पिछले 10 दिनों के अन्दर 05 दर्जन से अधिक वांछित, वारंटी तथा 02 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 15 हज़ार का इनामिया गिरफ्तार । इस अभियान के क्रम में जिले के मुग़लसराय कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक 15 हज़ार के इनामिया तथा गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने में जुटी हुई है। मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न धाराओं से संबंधित व गैंगस्टर एक्ट थाना बबुरी जिला चंदौली में वांछित अभियुक्त तथा 15000 रुपये का इनामिया कपिल देव, निवासी सोगाई थाना सैयदराजा को मुखबिर खास की सूचना पर पीडीडीयू रेलवे स्टेशन वी0आई0पी0 गेट के सामने से गिरफ्तार किया गया।

आपराधिक इतिहास

1. 98/2022 धारा 3/5ए/8 गो0नि0 अधि0 व 429 भादवि थाना बबुरी जनपद चंदौली।
2. 127/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बबुरी जनपद चंदौली।
3. 58/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधि0 थाना बबुरी जनपद चंदौली।

शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर(चंदौली)। पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार मुगलसराय प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में दो अभियुक्त गुड्डू सोनकर व संतोष जायसवाल को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से पुलिस ने 43 शीशी देशी शराब बरामद की। जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

माफी मांगे ओम प्रकाश राजभर अन्यथा यादव महासभा करेगी विरोध - अरुण

डीडीयू नगर। ओम प्रकाश राजभर द्वारा एक टीवी चैनल पर अपनी क्षुद्र स्तरहीन राजनीति सोच के वशीभूत होकर यदुवंशियों पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से यादव समाज में नाराजगी के साथ ही रोष व्याप्त है।जिसके चलते राजभर को यादव समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।उक्त बातें अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव ने अपने विज्ञप्ति में कही। श्री यादव ने संज्ञान दिलाते हुए बताया कि आज यादव समाज ज्ञान,बुद्धि एवम विवेक के बल से भारत ही नहीं बल्कि विश्व में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान प्राप्त कर रहा है।डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर आदि यादव जाति के लोग कई दशकों से बनते आ रहे है। किंतु अब ये समाज भारत के अंतरिक्ष अभियान में भी हिस्सा ले रहे हैं।जिसके बारे में राजभर को ज्ञान ही नही होगा। श्री यादव ने ये भी कहा कि जाति की ओछी राजनीति में स्तरहीन बयान देना राजभर का शगल बन गया है।जो यादव समाज के बर्दाश्त के बाहर हो रहा है। महासभा के अध्यक्ष के नाते ओम प्रकाश राजभर को चेतवानी दिया है कि यादव समाज के बारे में की गई अपनी टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। अन्यथा महासभा उनके खिलाफ जल्द ही सड़क पर उतरने को बाध्य होगी।

नागपंचमी खिलाड़ियों ने किया भव्य प्रदर्शन महिलाओं ने नाग को खिलाया दूध लावा

सैयद राजा चंदौली। नाग पंचमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार की शाम 4:00 बजे शिवलिंग की झांकी साथ जुलूस निकाला गया नगर पंचायत के चारों अखाड़ा पौहारी बाबा की कुटी पर पहुंचकर खिलाड़ियों द्वारा खेर का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे जो जगह-जगह अपने खेल का जौहर दिखा रहे थे युवकों का समूह जगह-जगह बीच-बीच में जय श्री राम के उद्घोष कर रहे थे जुलूस नगर भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पर पहुंचकर युवाओं द्वारा लाठी गदका सहित अन्य खेल का प्रदर्शन कर समाप्त हुआ सुबह में महिलाओं घर को साफ सफाई करके नाग देवता को लावा दूध चढ़कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया और परिवार के सुख शांति के लिए नाग देवता से प्रार्थना किया वार्ड नंबर 12 पोस्ट ऑफिस गली लोहिया नगर में शंकर जी के मंदिर पर तीनों अखाड़ा के खिलाड़ी इकट्ठा होकर पुनः नगर भ्रमण किया जुलूस के दौरान अखाड़ा के उस्ताद नंदा मौर्या दामोदर अग्रहरि गिरजा गुप्ता मोहन गुप्ता विष्णु सेठ चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मद्धेशिया उर्फ टुन्ना समाज सेवक आनंद बिहारी केसरी सभासद मनीष कुमार छोटक सभासद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रजापति अमित कुमार वर्मा रोशन अमित साहू गणेश केसरी अंकित जायसवाल अनिल चौरसिया प्रिंस अग्रहरि बलिराम गोस्वामी रजत वर्मा गोपाल चौरसिया रूपेश गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग जुलूस में मौजूद रहे थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह पुलिसकर्मियों के साथ भ्रमण कर जुलूस पर निगाह बनाकर साथ साथ चलते रहे ।

बैठक | शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में ग्राहकों के साथ बैठक का आयोजन

ग्राहकों की समस्या का निदान करना हमारी प्राथमिकता-प्रदीप यादव

कमालपुर। इंडियन बैंक पर मंगलवार को शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में ग्राहकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें ग्राहकों को बीमा योजना, लोन व कोरोना काल के बाद बढ़ी ब्याज दरों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।डिजिटल इंडिया के तहत बैंकिंग कार्यो पर जानकारी दिया गया।वही ग्राहकों ने बैंक में होने वाली समस्या को दूर करने का मांग किया। शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि ग्राहकों को बैंक में सहूलियत देने का काम किया जाता है।आज डिजिटल इंडिया के तहत ग्राहकों को हर सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।बैंक में सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के तहत ग्राहकों को लाभ दिया जा रहा है।कोरोना के बाद ग्राहकों के जमा राशि पर ब्याज दरों में बढोत्तरी किया गया है।ग्राहकों को होम लोन,शिक्षा लोन, व्यापार लोन व कार लोन दिया जा रहा है।ग्राहकों के किसी समस्या को दूर करना मेरी प्राथमिकता है।यदि बैंकिंग कार्य मे किसी को कोई दिक्कत हो तो वह हमसे मिलकर समस्या का निदान करा सकता है।ग्राहकों की समस्याओं के निदान के लिए हमेशा कार्य किया जाता है।वही उपस्थित ग्राहकों ने बैंक में स्टाफ व एसी न रहने पर दिक्कत होने की बात करते हुए समस्या के निदान का मांग किया।इस मौके पर प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव, सहप्रबन्धक संदीप कुमार, रविकांत, धर्मेंद्र खरवार, ड़ा0 वेदव्यास राय, राकेश कुमार सिंह, शिवप्रताप भूषण, सुनील कुमार, बिनोद अग्रहरि, ओमप्रकाश, राकेश मिश्रा आदि रहे।

बिजलीं समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जमकर मचाया हंगामा

चहनियां चंदौली । चहनियां क्षेत्र में विगत एक महीने से बिद्युत ब्यवस्था चरमराने से नाराज कस्बा के लोगो ने चहनियां बिद्युत उपकेंद्र पर जमकर हंगामा मचाया । हंगामे के दौरान जेई ने नाही ग्रामीणों का फोन उठाया नाही एसएसओ का । ग्रामीणों ने चेतावनी देकर देर रात वापस आये । चहनियां, सुरतापुर व मारूफपुर बिद्युत उपकेंद्र से जुड़ी चहनियां कस्बा सहित दर्जनों गांवों में बिद्युत व्यवस्था चरमरा गयी है । बिगत एक माह से सप्लाई न के बराबर मिल रही है । इधर पांच दिनों से कभी दो घण्टे तो कभी तीन घण्टे की ही सप्लाई मिल रही है । उमस भरी गर्मी में लोगो का हाल बेहाल है । ऊपर से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है । महिलाओ,बच्चो व बुजुर्गों का गर्मी से हाल बेहाल है । आजिज आकर सोमवार की रात 11 बजे कस्बावासियों ने सैकड़ो की संख्या में बिद्युत उपकेंद्र पर पहुँचकर जमकर हो हंगामा मचाया । ग्रामीणों व एसएसओ ने रात में ही नये जेई सुभाष यादव को दर्जनों बार फोन लगाया किन्तु फोन नही उठाये । ग्रामीणों का आरोप है कि यहां बिद्युत उपकेंद्र पर मनमाने ढंग से बिजलीं की सप्लाई दिया जा रहा है । सरकार द्वारा 18 घण्टे की सप्लाई को फ्लाप किया जा रहा है । विभाग के अधिकारी सुनने को तैयार नही है । पहले तो रोस्टिंग के हिसाब से सप्लाई मिल भी जाती थी । अब दिन तो दिन रात में भी सप्लाई गायब हो जा रही है । लोग बैठकर रात बिताने को मजबूर है । मच्छरों के प्रकोप से नींद न पूरी होने से चिड़चिड़े पन के शिकार हो रहे है । यहां अधिकारी व मंत्री एसी में आराम फरमा रहे है । विभाग केवल वसूली में ब्यस्त है । ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर बिजलीं ब्यवस्था नही सुधरती है तो ग्रामीणों उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।